✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 249 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 5 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित पीएमसीएच में हो रहे निर्माण का जायजा लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में खेमचंद सरकार को जदयू का समर्थन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में बनी भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार को जनता दल यूनाइटेड ने समर्थन दिया है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव एवं नॉर्थ ईस्ट प्रभारी आफाक अहमद ने बुधवार को यह जानकारी दी। मणिपुर में अभी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी का एक ही विधायक है। इस पूर्वोत्तर राज्य से राष्ट्रपति शासन हटाए जाने के बाद वाई खेमचंद सिंह के नेतृत्व में नई सरकार का गठन किया गया है।

### बिहार में गर्ल्स हॉस्टल के लिए नए नियम जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना में नीट छात्रा हत्याकांड के बाद बिहार में गर्ल्स हॉस्टल चलाने के नियम सख्त कर दिए गए हैं। डिप्टी सीएम सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य भर के महिला छात्रावासों में छात्राओं की सुरक्षा सख्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद बिहार पुलिस की ओर से हॉस्टल संचालकों के लिए एसओपी जारी की गई है। इसमें 24 घंटे महिला वॉर्डन की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन जैसी चीजें अनिवार्य की गई हैं।

### थानाध्यक्ष समेत दो पुलिस अधिकारी निलंबित

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र में घटित पुलिस बर्बरता के मामला की जांच के बाद वहां के थानाध्यक्ष और एक अवर निरीक्षक को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। स्थानीय दवा व्यवसायी आनंद कुमार खेतान ने थानाध्यक्ष अंकित कुमार चौधरी, अवर निरीक्षक मनोज शर्मा पर मारपीट करने, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी से मिलकर लिखित शिकायत की थी। जांच में व्यवसायी द्वारा लगाया गया आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष अंकित चौधरी और पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित कर दिया गया है।

### हवलदार की गोली लगने से संदिग्ध मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बायसी थाना में हवलदार की गोली लगने से संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। हवलदार का शव थाना परिसर में बने गार्ड क्वार्टर में खून से लथपथ मिला। हवलदार के गले में बुलेट के आर पार होने के निशान हैं। मौके से हवलदार की कार्बाइन और खोखा भी बरामद हुआ है। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। मृतक हवलदार की पहचान गया के रहने वाले आलमनाथ भूइयां के रूप में हुई है। बायसी डीएसपी जितेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया में ये मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मृतक हवलदार झारखंड के चाईबासा जिले के रहने वाले हैं। बीते 6 से 7 महीने से अमौर थाना में कार्यरत थे। सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल सका है। मामले की जांच चल रही है। परिवार वालों को घटना की सूचना दी गई है। इसके बाद ही कुछ भी कहा जा सकेगा।

# पीएमसीएच में अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाओं की सारी व्यवस्थाएं कराएं सुनिश्चित : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पीएमसीएच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएम ने रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में बनी स्वास्थ्य सुविधाओं और कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बताया कि रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में वर्ल्ड क्लास सीटी स्कैन, एमआरआई मशीनों के अलावा हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। नवनिर्मित आपातकालीन भवन के शिशु विभाग में उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य सुविधाओं का भी सीएम नीतीश ने निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एनआईसीयू (निओनेटिकल इंटैन्सिव केयर यूनिट) वार्ड, नर्स स्टेशन समेत अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में चल रहे पुनर्विकास और निर्माणाधीन कार्यों का



भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के बारे में तमाम जानकारियां ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पुनर्विकास कार्य के तहत पीएमसीएच को 5462 बेड की क्षमता के रूप में विस्तार कर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। मरीजों के लिए वर्ल्ड क्लास मेडिकल सुविधा भी सुनिश्चित कराई जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा के अंदर काम पूरा कराएं। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए काम को पूरा और मेडिकल सुविधाओं को आधुनिक बनाने के साथ ही यहां डॉक्टरों के रहने की सुविधा भी सुनिश्चित कराएं। सीएम नीतीश कुमार ने यह भी आदेश दिया कि पीएमसीएच में आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की कठिनाई न हो, उन्हें अत्याधुनिक मेडिकल सुविधा और समय से इलाज मिल सके इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएमसीएच में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ के लिए जो रहने की व्यवस्था की जाएगी, उसका निर्माण भी बेहतर ढंग से और तेजी से पूरा कराएं। पीएमसीएच को 5462 बेड की क्षमता के रूप में डेवलप किया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाओं की सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

## 260 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें बनाने की योजना बना रहा भारतीय रेल : वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे 260 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें बनाने की योजना बना रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद में इसकी जानकारी दी। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में रेल मंत्री ने कहा कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्लीपर वेरिएंट स्वदेशी डिजाइन के साथ विकसित किया गया है। दो ट्रेनें पहले ही बन चुकी हैं। ट्रायल के बाद अब ये ट्रेनें हावड़ा और कामाख्या के बीच चल रही हैं। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बनाने का प्रोग्राम भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई और टेक्नोलॉजी पार्टनर्स द्वारा प्रोटोटाइप डेवलपमेंट, ट्रायल और सीरीज प्रोडक्शन के माध्यम से धीरे-धीरे चलाया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को रेगुलर पैसेंजर सर्विस में शामिल करने का काम डिमांड और परिचालन संबंधी तैयारी के आधार पर धीरे-धीरे किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के कुल 260 रेक बनाने की योजना बनाई गई



है। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों में एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स और यात्री सुविधाओं वाले आधुनिक कोच दिए गए हैं ताकि यात्रियों का यात्रा अनुभव बेहतर हो और सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के मामले में नए बेंचमार्क सेट किए जा सकें। अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि वंदे भारत के अलावा भारतीय रेलवे की प्रोडक्शन यूनिट्स नमो भारत, रैपिड और रीजनल मेट्रो रेक, कोलकाता मेट्रो रेक, अमृत भारत और मेनलाइन ख्रक्क्ठ कोच जैसे ट्रेनसेट सहित कई तरह के यात्री कोच बना रही हैं।

## सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज की सोम प्रकाश की अपील

### नहीं मिलेगी पूर्व विधायक की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2010 में चुनाव जीतने वाले सोम प्रकाश की अपील सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है और पटना उच्च न्यायालय द्वारा उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश को बरकरार रखा है। इसके साथ ही अब सोम प्रकाश को पूर्व विधायक की कोई सुविधा नहीं मिलेगी और वे पूर्व विधायक भी नहीं कहलाएंगे। मामले के अनुसार वर्ष 2010 में ओबरा विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करते समय सोम प्रकाश पुलिस सेवा में कार्यरत थे, लेकिन उन्होंने इस तथ्य का उल्लेख अपने नामांकन पत्र में नहीं किया था। सरकारी नौकरी में रहते हुए नामांकन दाखिल करने के आरोप में औरंगाबाद के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का आदेश पारित किया था। यह आदेश पुलिस उप महानिरीक्षक, मगध प्रमंडल गया के समक्ष लंबित था, लेकिन इस महत्वपूर्ण तथ्य को चुनाव आयोग से छिपाया गया। चुनाव में सोम प्रकाश की जीत के बाद प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने पटना उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर की थी और गलत तरीके से नामांकन दाखिल करने का आरोप लगाया था। सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने सोम प्रकाश की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी थी। इसके विरुद्ध सोम प्रकाश ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की, लेकिन बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी उनकी अपील खारिज कर दी। यह आदेश 28 जनवरी को पारित किया गया। मामले में चुनावी याचिका दायर करने वाले प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि न्यायालय का यह निर्णय न्याय, सत्य और लोकतंत्र की जीत है।

## बिहार में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार में डिफेंस कॉरिडोर (रक्षा गलियारा) का निर्माण कराया जाएगा। इससे न केवल राज्य की औद्योगिक क्षमता मजबूत होगी बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस सिलसिले में रक्षा मंत्रालय की टीम बिहार के दौरे पर है। सम्राट चौधरी ने बुधवार को अपने आवासीय कार्यालय में रक्षा मंत्रालय की ओर से अध्ययन दौरे पर आए एनडीए (राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी) के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों से मुलाकात भी की। इस दौरान बिहार में प्रस्तावित डिफेंस कॉरिडोर की योजनाओं, संभावनाओं और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सार्थक और विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यह बैठक बिहार के औद्योगिक और सामरिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिफेंस कॉरिडोर के



निर्माण से बिहार रक्षा उत्पादन और तकनीकी क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाएगा। दरअसल डिफेंस कॉरिडोर ऐसा विशेष क्षेत्र या शहरों का समूह होता है जहां सेना एवं सुरक्षा बलों के लिए जरूरी हथियार, उपकरण आदि बनाए जाते हैं। इसमें सरकारी और निजी दोनों तरह की कंपनियां उत्पादन से जुड़ी होती हैं। सम्राट ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिछले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराया गया है। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित है। सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर अवसर मिलें। इसी उद्देश्य से उद्योगों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गया जिले के डोभी क्षेत्र में लगभग एक विशाल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी विकसित किया जा रहा है, जो आने वाले समय में राज्य के विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। इसके साथ-साथ राज्य में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क की स्थापना और भागलपुर सहित अन्य स्थानों पर नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास भी किया जा रहा है।

## लाभुकों को ग्रेन एटीएम से मिलेगा राशन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की राशन व्यवस्था अब तकनीक के जरिए बदलने जा रही है। राज्य में जल्द ही ग्रेन एटीएम से गेहूं और चावल मिलने लगेंगे। इसकी शुरुआत पटना से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर होगी। इसके लागू होने के बाद बिहार देश का चौथा राज्य बन जाएगा, जहां पॉस मशीन से राशन मिलेगा। सरकार का उद्देश्य है कि इससे राशन वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी और गड़बड़ियों पर रोक लगेगी। बिहार की खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने बताया कि भारत सरकार की तरफ से एक पत्र आया था, जिसमें इस योजना को लेकर सहमति मांगी गई थी। बिहार सरकार ने भी अपनी सहमति केंद्र सरकार को भेजी है। यह एक अच्छी पहल है। जैसे ही केंद्र सरकार के तरफ से पायलट प्रोजेक्ट की सहमति मिल जाती है बिहार में ग्रेन एटीएम योजना की शुरुआत हो जाएगी। लेसी सिंह ने बताया कि सरकार राशन कार्ड धारकों के लिए बहुत ही नई-नई योजना ला रही है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रहेगी परिसीमन की पुरानी व्यवस्था : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने आज यहां कहा कि आगामी वर्ष 2026 में होने वाले प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में परिसीमन की पुरानी व्यवस्था रहेगी और इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। वे बुधवार को यहां विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार के पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर के लागू हुए दस साल पूरे हो चुके हैं। इसलिए 2026 के पंचायत चुनाव में नया आरक्षण रोस्टर देखने को मिलेगा। मौजूदा परिसीमन के बीच ही आरक्षण के नये रोस्टर के अनुसार पंचायत चुनाव करवाये जायेंगे। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत स्तर पर विकास का सीधा लाभ ग्रामीण जनता को मुहैय्या कराने के लिए कटिबद्ध है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंचायती राज व्यवस्था से जुड़ी सभी योजनाएं का समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की



प्राथमिकता है यह सरकार केवल घोषानाओ की नहीं है बल्कि ज़मीन पर काम करने वाली है। इसके लिए अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये गये हैं। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिला परिषदों की खाली जमीन के समुचित और प्रभावी उपयोग की योजना पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। जिससे पंचायत स्तर पर विकास कार्य को नई गति मिल सके। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी शुरु कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के अंतर्गत भागलपुर जिले के 21 पंचायतों में विवाह मंडप के निर्माण हेतु विभागीय स्वीकृति मिल चुकी है जबकि 45 पंचायतों में जमीन चिह्नित कर ली गई है और वहां पर मंडप का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। इसके साथ ही शेष बचे पंचायतों में भी शीघ्र जमीन चिह्नित करने के लिए जिला भू-अर्जन विभाग को कहा गया है। श्री प्रकाश ने कहा कि इसी तरह से जिले के कुल 238 पंचायतों में से अब तक 70 पंचायतों में सरकारी पंचायत भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। इनमें से 56 पंचायत भवन का निर्माण चल रहा है जबकि शेष बचे पंचायतों में सरकारी भवन के निर्माण कार्य आरंभ करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। सभी जगहों पर पंचायत भवन बन जाने से ग्रामीण जनता को काफी सुविधा होगी।

## अब बुलेटप्रूफ रेंज रोवर में चलेंगे सीएम नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति में सादगी और विकास के पर्याय माने जाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब एक नए कलेवर और अभेद्य सुरक्षा घेरे में नजर आएंगे। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा को अल्ट्रा-हाई लेवल पर ले जाने का फैसला किया है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री की तरह ही अत्याधुनिक बुलेटप्रूफ रेंज रोवर गाड़ियों के काफिले में सफर करेंगे। सुरक्षा के इस बड़े बदलाव के लिए बिहार सरकार ने न केवल मंजूरी दी है बल्कि इसके लिए बजट में विशेष वित्तीय प्रावधान भी किए गए हैं। राज्य कैबिनेट और संबंधित विभाग के अनुसार इन चार अत्याधुनिक वाहनों की खरीद पर कुल 11.20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वर्तमान में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में ईवी एवं अन्य गाड़ियां शामिल हैं, लेकिन अब इसे अपग्रेड कर रेंज रोवर के रूप में नई मजबूती दी जा रही है।

जीवन ज्योति आई केयर एण्ड हॉस्पिटल

बहेरी, दरभंगा (बिहार)

एक झलक

- आंखों के बेहतर उपचार और जांच का उत्कृष्ट हॉस्पिटल।
- मरीजों के लिए सभी आवश्यक चिकित्सकीय सलाह/सुविधाएं उपलब्ध है।



डॉ. नवीन कुमार

Consultant Ophthalmologist

## राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत निर्वाचन आयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग 24 फरवरी, 2026 को राज्य चुनाव आयुक्तों के एक राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य चुनाव आयुक्तों के इस सम्मेलन में शामिल होने की उम्मीद है, जो नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय एसइसी सम्मेलन 25 वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। पिछला ऐसा सम्मेलन वर्ष 1999 में आयोजित किया गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे और उद्घाटन समारोह में राज्य चुनाव आयुक्तों को संबोधित करेंगे। राज्य चुनाव आयुक्त अपने कानूनी विशेषज्ञों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ इसमें भाग लेंगे और अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सभी 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोगों के बीच उनके संबंधित कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं और रसद के संबंध में तालमेल बनाना है। प्रतिभागी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मतदाता पात्रता पर चुनावी कानूनों, ईसीआई द्वारा शुरू किए गए तकनीकी हस्तक्षेपों, जैसे कि हाल ही में लॉन्च किए गए इसीनेट डिजिटल प्लेटफॉर्म और ईवीएम जैसे अन्य विषयों पर चर्चा सत्रों में भाग लेंगे।

## दो साल में हर हाल में पूरा होगा विशेष भूमि सर्वेक्षण : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यालय कक्ष में उपमुख्यमंत्री सह मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वर्ष 2011 में घोषित बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण को आगामी दो वर्षों में हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में सर्वेक्षण से जुड़े सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं और इसकी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ होना चाहिए, ताकि आम जनता को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।



विजय सिन्हा ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, गलत रिपोर्टिंग या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां भी त्रुटि पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और जरूरत पड़ने पर प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सर्वे औपचारिकता नहीं, बल्कि सुधार का आधार है। उपमुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि सर्वे के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी या त्रुटि दिखाई दे तो वे विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराएं। विभाग की ओर से ऐसी शिकायतों पर तत्काल सुनवाई और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समीक्षा बैठक में प्रधान सचिव सी.के. अनिल और सचिव जय सिंह ने पुराने कैडेस्ट्रल और रिवीजनल सर्वे की जानकारी देते हुए नए सर्वेक्षण से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत ने सर्वे की वर्तमान स्थिति और विलंब के कारणों की जानकारी दी। निदेशक ने बताया कि तकनीकी मार्गदर्शिका समय पर तैयार न होने से प्रारंभिक चरण में कार्य प्रभावित हुआ। यह मार्गदर्शिका मार्च 2019 में अधिसूचित की गई।

CMYK

# भारतीय रेल में 1.43 लाख से अधिक गैर-राजपत्रित पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल में वार्षिक भर्ती कैलेंडर 2024 और 2025 के तहत कुल 1,43,086 गैर-राजपत्रित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। इनमें से 59,678 पदों के लिए प्रथम चरण अथवा एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा पूरी कर ली गई है जबकि विभिन्न श्रेणियों में 31,000 से अधिक अभ्यर्थियों के पैनल को अंतिम रूप दे दिया गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार जनवरी से दिसंबर 2024 के दौरान 10 केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गईं जिनके माध्यम से 92,116 पदों पर भर्ती की गई। इन पदों में सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, रेलवे सुरक्षा बल में उप निरीक्षक और सिपाही, जूनियर इंजीनियर, डिपो सामग्री अधीक्षक, रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक, पैरामेडिकल श्रेणियां, गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणी के स्नातक एवं अवर स्नातक पद, मंत्रालयिक एवं पृथक श्रेणियां तथा लेवल-एक के पद शामिल हैं। लेवल-एक श्रेणी के 32,438 पदों के लिए 27 नवंबर 2025 से 15 भाषाओं में 140 शहरों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जा रही है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल के सिपाही के 4,208 पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 6 दिसंबर 2025 को पूरी कर ली गई है। रेल मंत्रालय ने बताया कि तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरामेडिकल, रेलवे सुरक्षा बल उप निरीक्षक और सहायक लोको पायलट सहित विभिन्न पदों के लिए 31,000 से अधिक उम्मीदवारों के पैनल को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश पद सुरक्षा श्रेणियों से संबंधित हैं, जो रेल परिचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसके अतिरिक्त वार्षिक भर्ती कैलेंडर 2025 के तहत 50,970 पदों के लिए 9 नई केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं भी जारी की गई हैं। इनमें दक्षिण रेलवे के 3,412 और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के 438 पद शामिल हैं। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में दी।

## क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर द्वारा क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 85वीं बैठक महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पूर्व मध्य रेल 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां अधिकांश कार्य हिंदी में ही होता है फिर भी राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किए जाने की आवश्यकता है। यदि अधिकारीगण छोटे-छोटे आदेश/टिप्पणी हिंदी में लिखें तो हिंदी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में एक सकारात्मक माहौल बनेगा और इससे अधीनस्थ कर्मचारी भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। हिंदी की व्यापकता और सार्थकता सभी स्वीकारते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपना दैनिक कामकाज हिंदी में करें। सरल और सहज शब्दों का प्रयोग करें क्योंकि भाषा प्राथमिक रूप से अभिव्यक्ति और संवाद का माध्यम है। एक टीम के रूप में कार्य करते हुए हम यह सुनिश्चित करें कि राजभाषा के सभी मानक निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाए तभी बैठक की सार्थकता सिद्ध होगी। इस अवसर पर राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्मिक विभाग को महाप्रबंधक द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया। इसे सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने प्राप्त किया। महाप्रबंधक द्वारा 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' राजभाषा बुलेटिन के वर्तमान अंक एवं साथ ही राजभाषा सहायिक के दूसरे संस्करण का भी लोकार्पण किया गया। इसके साथ रेलवे बोर्ड व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना आधार वर्ष-2023 के पुरस्कृत अधिकारी/कर्मचारियों को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। राजभाषा प्रयोग-प्रसार के इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के मंडलों, कारखानों आदि के उच्च अधिकारी उपस्थित थे, उन्होंने अपने विभागों, मंडलों आदि में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति के संबंध में समिति को सूचित किया। अमरेन्द्र कुमार, अपर महाप्रबंधक ने अपने वक्तव्य में कहा कि समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां एवं सुझाव दिये जायेंगे।

## नवीन झा बने बीसीसीओ के चेयरमेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में कैंसर के बढ़ते मामलों और मरीजों की गंभीर स्थिति को देखते हुए विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नवीन झा के मार्गदर्शन में 'बिहार कैंसर केयर ऑगेर्नाइजेशन' की औपचारिक शुरूआत की गई। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, संवेदनशीलता और सही जानकारी का प्रसार करना है। श्री झा ने बताया कि अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों के सहयोग से यह संगठन लोगों तक उचित चिकित्सा परामर्श और जागरूकता पहुंचाने का कार्य करेगा। संस्था का मानना है कि सही समय पर सही जानकारी ही इस गंभीर बीमारी से लड़ने का सबसे बड़ा हथियार है। 'बिहार कैंसर केयर ऑगेर्नाइजेशन'की यह पहल बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक जिम्मेदार और आवश्यक कदम मानी जा रही है।

## नितिन नवीन दो दिनों के प्रवास में नौ को आएंगे पटना

### नितिन नवीन दो दिनों के पटना प्रवास में कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आगामी 9 फरवरी को पटना आएंगे। उनके पटना आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन की तैयारी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पटना आगमन और उसकी तैयारियों को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने की। बैठक में बिहार के संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया के अलावा प्रदेश के पदाधिकारी, विभिन्न मंच, मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मीडिया, सोशल मीडिया के पदाधिकारी और अलग-अलग जिलों से आए पदाधिकारी शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नौ फरवरी को पटना आएंगे और 10 फरवरी को वापस लौट जाएंगे। आगामी 9 फरवरी को उनके बापू सभागार में प्रस्तावित कार्यक्रम सहित अन्य आगामी आयोजनों की तैयारियों, आपसी समन्वय एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं को लेकर आज की बैठक में विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने दो दिनों के पटना प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। बैठक में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में घोषित होने के बाद नितिन नवीन का पटना में पहला आगमन हो रहा है, यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह भी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है और सभी लोगों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

## युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण का बजट, 2026-27 में बिहार के उज्ज्वल भविष्य की नींव : जदयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा एवं मीडिया पैनलिस्ट किशोर कुणाल ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार द्वारा प्रस्तुत 2026-27 का आम बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जिसका कुल आकार 3.47 लाख करोड़ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ?30 हजार करोड़ अधिक है। यह बजट स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि सरकार बिहार को विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय के नए शिखर पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बजट का केंद्र बिंदु बिहार का युवा वर्ग है। राज्य सरकार ने 2025 से 2030 के बीच एक करोड़ रोजगार अवसर सृजित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को एक साथ जोड़ते हुए हर जिले में मेगा स्किल सेंटर, 149 आईटीआई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने तथा रोजगार सहायता के लिए ई-निबंधन एवं रोजगार पोर्टल शुरू करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि ये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की नीतियों का ही परिणाम है कि आज बिहार के लोगों की प्रति व्यक्ति आय में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है।

## एनडीसी के प्रतिनिधियों ने बिहार की पारंपरिक कला और खादी उत्पादों को नजदीक से जाना

### खादी मॉल पटना में स्टॉलों का किया भ्रमण, उत्पादों की सराहना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अंडरस्टैंडिंग इंडिया स्टडी कार्यक्रम के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के नेशनल डिफेंस कॉलेज के कोर्स 66 के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पटना स्थित खादी मॉल का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने बिहार की पारंपरिक कलाओं के साथ-साथ हस्तशिल्प एवं खादी उत्पादों को नजदीक से देखा। उनकी विशेषताएं जानीं। बिहार की कला, ऐतिहासिक महत्व एवं कलात्मक उत्कृष्टता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत खादी मॉल, पटना के प्रबंधक रमेश चौधरी ने किया। उन्होंने उन्हें बिहार के खादी एवं हस्तशिल्प उत्पादों की विशेषताएं बताईं। खादी मॉल के सीनियर प्रोफेशनल अजमत अब्बास रिज़वी ने विभिन्न स्टॉलों, वस्त्र डिजाइनों, हस्तनिर्मित उत्पादों एवं पारंपरिक शिल्प कलाओं की जानकारी दी और स्थानीय कारीगरों के कौशल बताए। श्री रिजवी ने बताया कि इस अवसर पर बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, लोक कलाओं एवं हस्तशिल्प परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया। यह भ्रमण बिहार की पारंपरिक कला, खादी उत्पादों के प्रचार-प्रसार तथा ल्ववोकल फॉर लोकलङ्क की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे राज्य की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिली है

## हाथ से हाथ मिलाएंगे शहर को स्वच्छ बनाएंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हाथ से हाथ मिलाएंगे शहर को स्वच्छ बनाएंगे, सबका है एक ही सपना, स्वच्छ और सुंदर बने अपना पटना के आहवान के साथ पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा पटना के इंदिरा आईवीएफ एवं राजा बाजार मोहल्ले में स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक अभियान चलाया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान की महती आवश्यकता पर बल देते हुए पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छता हम सब की प्राथमिकता में शामिल है जिस तरह से हम अपने घर और अपने शैक्षणिक संस्थान को सुंदर रखते हैं उसी तरह अपने घर और इंस्टिट्यूट के बाहर भी स्वच्छता का ध्यान रखें तो हमारा पटना शहर देश का सबसे सुंदर और स्वच्छ शहर बन सकता है। सभी लोगों के योगदान से ही शहर को साफ और स्वच्छ रखा जा सकता है। संस्थान के बिहार हेड डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि पटना का कोना-कोना चमकाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जिन्दगी जीने का एक विशिष्ट नजरिया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था यदि स्वच्छता और स्वतंत्रता में से एक को चुनने को कहा जाए तो वह स्वच्छता को ही चुनना पसंद करेंगे क्योंकि स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक आवश्यक है। स्वच्छता के लिए बापू के जन्मदिन पर राष्ट्रव्यापी श्रमदान अभियान प्रारंभ हुआ। समस्त देशवासियों को प्रत्येक वर्ष सौ घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की अपील भी की गई है जिसका राष्ट्रव्यापी असर देखा गया है। इस अवसर पर स्वच्छता जागृति के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायक राजेश केसरी ने सभी से अपील किया कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अपनी अपनी ओर से योगदान दें। अभियान के समय डॉ सुनीता कुमारी, डॉ रीना रानी, डॉ पूजा हेगडे, डॉ शिप्रा भारती, रजनीश, विवेक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## परीक्षाफल आधारित वेतन अनुदान को समाप्त कर नियमित वेतन व पेंशन का भुगतान करे सरकार : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी कोर्ट के अनुदानित संबद्ध विद्यालय, महाविद्यालय, डिग्री महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लंबित बकाया अनुदान एकमुश्त भुगतान को सुनिश्चित करने तथा परीक्षाफल आधारित वित्तानुदान की व्यवस्था समाप्त कर इन्हें नियमित वेतन एवं पेंशन का भुगतान हेतु नीतिगत व्यवस्था करने की मांग बिहार प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य सरकार से उठाई है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि वित्तरहित एवं नियमित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों और डिग्री कॉलेज के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नियमित वेतन व पेंशन भुगतान न होने से उनके जीवकोपार्जन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। समय पर भुगतान न होने के कारण समाज के सबसे गरिमामय पद पर कार्य करने वाले शिक्षकों की स्थिति भयावह हो जाती है। ऐसे में सरकार को यह जिम्मेदारी पूर्ण व्यवस्था करनी चाहिए ताकि उन्हें सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से प्रत्येक महीने भुगतान सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने सरकार पर यह आरोप लगाया कि शीत की गंभीरता को जानने के बावजूद और इस मुद्दे पर कई बार बैठकों के बावजूद कोई परिणाम सरकार के स्तर पर नहीं निकाला जा सका। इसके कारण शिक्षकों और कर्मचारियों में भारी रोष है, लेकिन सरकार उनकी बातों को अनसुना कर रही है। ऐसे में सरकार को जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से इनके पक्ष में फैसला लेते हुए केंद्रीय विद्यालय और विश्वविद्यालय के तर्ज पर महीने के अंतिम दिन वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नियमित रूप से भुगतान करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य की एनडीए सरकार को शिक्षकों से उम्मीदें बहुत ज्यादा है, लेकिन जब उनके हक की बात होती है तो वे दरकिनार कर दिए जाते हैं। परीक्षाफल आधारित वित्तानुदान व्यवस्था पर भी उन्होंने करारा प्रहार करते हुए कहा कि यह शिक्षकों को हतोत्साहित करने वाला फैसला है और इसे अविलंब हटाया जाना चाहिए ताकि उनके वेतन में विसंगति न हो और ससमय उनका भुगतान होते रहें। शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ लगातार मुखर होकर उनकी आवाज उठाते रहते हैं।

## डॉ राजीव को मिला युवा रत्न सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ राजीव कुमार, विनायक डेंटल क्लिनिक फतुहा के समाज मे उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ राजीव कोरोना काल मे लाइफ लाइन ऑक्सीजन बैक बनाकर हजारों लोगों को जान बचाया है । सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़ कर सहयोग करते है। गरीब एवं लाचार लोगो को फ्री सेवा इनकी आदत में सुमार है । कोरोना काल में जब अपनों साथ छोड़ रहे थे उस समय ऑक्सीजन बैंक लोगों के टूटते सांसों को थामने का काम किया। एसपी मनीष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आज भी बैंक की सेवा निःशुल्क जारी है। बैंक को वंशी एयर गैस प्लांट के गौरव का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है। डॉ राजीव को सम्मान मिलने पर बैंक के उपाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, सचिव शिशुपाल कुमार, सह सचिव कपिलदेव प्रसाद, मो राजू, डॉ उमेश कुमार, गौरव, राजदीप, चंदन ने हर्ष व्यक्त किया।

## 6 से 8 फरवरी तक गांधी मैदान में बागवानी महोत्सव

### किसानों की आय वृद्धि का सशक्त माध्यम बन रही बागवानी : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आगामी बागवानी महोत्सव 2026 में सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए किसानों, उद्यमियों एवं युवाओं से इसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बागवानी किसानों की आय वृद्धि, कृषि विविधीकरण तथा रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभर रही है। किसानों, उद्यमियों और युवाओं को बागवानी से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, उन्नत पौध सामग्री तथा फल एवं सब्जी उत्पादन, प्रसंस्करण, संरक्षण और विपणन की आधुनिक प्रणालियों से अवगत कराने के उद्देश्य से पटना के गांधी मैदान में 6 से 8 फरवरी तक भव्य बागवानी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव बागवानी क्षेत्र में ज्ञान, नवाचार और अवसरों को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध होगा। बागवानी महोत्सव में सब्जी, मशरूम, फल, फल संरक्षण उत्पाद, शहद, पान के पत्ते, गमलों में शोभाकार पत्तीदार पौधे, बोनसाई, जाड़े के मौसमी फूलों के पौधे, विभिन्न प्रकार के कैक्टस एवं सक्युलेंट पौधे, विभिन्न किस्मों के पाम, कटे फूल (डंठल सहित), कलात्मक पुष्प सज्जा एवं नक्काशी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही आमजनों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के माध्यम से बागवानी को रोजगार और स्वरोजगार का एक प्रभावी माध्यम बनाया जा रहा है। इससे न केवल किसानों की आमदनी में वृद्धि हो रही है, बल्कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए भी आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। आधुनिक तकनीकों के उपयोग, नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के सहयोग से बागवानी अब पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर एक उन्नत, वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक कृषि प्रणाली का रूप ले रही है।

## विश्व कैंसर दिवस पर मेदांता में विशेषज्ञों की साझा पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में कैंसर उपचार को लेकर एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों ने एक मंच पर आकर कैंसर की समय पर पहचान, आधुनिक उपचार विकल्पों और मल्टी-डिसिप्लिनरी केयर की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आयोजित पैनल चर्चा का उद्देश्य यह संदेश देना था कि कैंसर का प्रभावी इलाज तभी संभव है जब मेडिकल, सर्जिकल, रेडिएशन, पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक टीम एक-दूसरे के साथ समन्वय में कार्य करें और उपचार की योजना मरीज-केंद्रित हो। पैनल चर्चा के मॉडरेटर डॉ. अमरेंद्र अमर, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने कहा कि आज कैंसर एकल विभाग की बीमारी नहीं रह गई है। सही समय पर सही विशेषज्ञ को जोड़ना ही उपचार की सफलता तय करता है।

## भुगतान व पोर्टल समस्याओं से केवाइपी केंद्रों का संचालन प्रभावित : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र वर्तमान में भुगतान प्रक्रिया एवं पोर्टल से जुड़ी गंभीर व्यावहारिक समस्याओं से जूझ रहे हैं जिसके कारण राज्य भर में कई केंद्रों का नियमित संचालन बाधित हो रहा है। यह जानकारी केवाइपी केंद्र संचालक सह जिलाध्यक्ष वैशाली आनंद रंजन झा ने दी। श्री झा ने बताया कि विभागीय बदलाव एवं नॉलेज पार्टनर में परिवर्तन के पश्चात कई स्तरों पर तकनीकी एवं प्रशासनिक दिक्कतें सामने आई हैं। प्रमुख समस्याओं में लंबित बिल एवं वाउचर का भुगतान न होना, पोर्टल पर इनवॉयस जनरेशन एवं सेशन रिपोर्ट देखने की सुविधा का सक्रिय न होना, बार-बार बायोमैट्रिक उपस्थिति की बाध्यता, आधारित लॉग-इन से क्लास प्रारंभ करने में आ रही तकनीकी कठिनाइयां एवं विभागीय स्तर पर प्रचार प्रसार में शिथिलता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं के 1000 सुरक्षा जमा की समय पर वापसी न होना तथा प्रमाणपत्रों का विभागीय स्तर पर उपलब्ध न कराया जाना भी केंद्र संचालन के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह योजना श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित थी जहां भुगतान एवं तकनीकी व्यवस्थाएं अपेक्षाकृत अधिक सुचारु थीं।

## एक्युप्रेशर द्वारा माइग्रेन की सफल चिकित्सा संभव : डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** माइग्रेन सिर दर्द का एक प्रकार है जिसमें सिर के एक तरफ दर्द महसूस किया जाता है, आमतौर पर इसे सिर दर्द मान लिया जाता है यह भ्रम है, यह न्यूरोलॉजिकल समस्या होती है मीतली, उल्टी, प्रकाश, ध्वनि के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ आता है इसका दौरा कुछ घंटे से लेकर कुछ दिनों तक रह सकता है। माइग्रेन में सिर के एक तरफ या दोनों तरफ मध्यम से गंभीर थ्रांबिन पेन जैसा महसूस होता है तेज रोशनी, गंध, शोर से बढ़ता है सूर्योदय एवं सूर्यास्त से दर्द के बढ़ने और घटने का संबंध है, जी मिचलाना, उल्टी होना पेट में दर्द, दस्त, कब्ज, दृष्टि में कमी, शरीर में विभिन्न जगहों पर फ्लूड इकट्ठा होना, पेशाब करने की बार-बार इच्छा, हाथ पैर में सूजन कमजोरी, कान में घंटी बजने की अनुभूति, बोलने में दिक्कत आदि इसके लक्षण होते हैं। अत्यधिक धूम्रपान, स्ट्रेस माइग्रेन के लक्षणों को बढ़ा सकता है, माइग्रेन बगैर किसी चेतावनी के अचानक हो सकता है। उक्त बातें बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी रामवृक्ष भगत जी के 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कॉलेज परिसर में आयोजित माइग्रेन विषयक एक्युप्रेशर संगोष्ठी में कॉलेज अध्यक्ष एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी ने संबोधित करते हुए बताया।

# मेहरून निशा हत्याकांड का उद्भेदन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र में सनसनी फैलाने वाले 'लाल ट्रॉली बैग' हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी और मृतका के पति, कयामुद्दीन अंसारी को कैमूर जिले से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। एसडीपीओ अतुलेश झा ने यह जानकारी बुधवार को नगर थाना में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गत 1 फरवरी को डिहरी नगर रेलवे स्टेशन के पास सब्जी मंडी के पीछे कचरे के ढेर में एक संदिग्ध लाल रंग का ट्रॉली बैग मिला था। बैग से तेज दुर्गंध आने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब बैग खोला तो उसमें एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम और एफएसएल की टीम ने साक्ष्य संकलन किया। मृतका की पहचान मेहरून खातून उर्फ मेहरून निशा (25 वर्ष) के रूप में हुई, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले की रहने वाली थी। उसकी शादी डिहरी के जक्की बीघा निवासी कयामुद्दीन शेख से हुई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी पति कयामुद्दीन को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। उसे संदेह था कि मेहरून का किसी अन्य पुरुष के साथ संबंध है जिसे लेकर घर में अक्सर विवाद होता था। गत 30 जनवरी को आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से रात में घर में ही मेहरून की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को एक दिन तक घर में ही छिपाकर रखा। गत 1 फरवरी को सबूत मिटाने के उद्देश्य से उसने शव को लाल रंग के ट्रॉली बैग में भरा और रेलवे स्टेशन के पास सब्जी मंडी के पीछे फेंक दिया। श्री झा ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया। मुख्य अभियुक्त कयामुद्दीन अंसारी के अलावा प्राथमिकी में नामजद इरफान आलम और राजू शेख मंसूरी को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को इस सफल उद्भेदन के लिए पुरस्कृत करने की अनुशंसा भी की गई है। प्रेस वार्ता में डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, एस आई संजय विकास त्रिपाठी सहित टीम में शामिल अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# मदुरना गांव में आठ बच्चे जहरीले बीज खाने से बीमार

## सदर अस्पताल में भर्ती, सभी खतरे से बाहर, परिजनों में हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के मदुरना गांव में बुधवार को एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। आठ मासूम बच्चों ने खेल-खेल में डीजल प्लांट का फल तोड़कर उसके बीज खा लिए जिससे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। प्रभावित बच्चों में पिंटू राम की 5 वर्षीय पुत्री लाडो कुमारी एवं 8 वर्षीय पुत्री ट्विंकल कुमारी, सोमारू राम के 7 वर्षीय पुत्र आशीर्वाद कुमार एवं 8 वर्षीय पुत्र कृष कुमार, दुलारचन राम के 5 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार एवं 9 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार, लोटन राम की 12 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी तथा प्रवीण कुमार राम के 8 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार शामिल हैं। परिजनों के अनुसार बच्चे गांव के पूर्वी पोखरे पर खेल रहे थे। वहां मौजूद डीजल प्लांट के पौधे से फल तोड़कर उन्होंने बीज खा लिए। लगभग एक घंटे बाद उल्टी, चक्कर और अन्य लक्षण दिखने लगे। बच्चों को पहले चैनपुर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में सभी को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. त्रिभुवन नारायण ने बताया कि सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत स्थिर है। इलाज जारी है तथा वे जल्द ठीक हो जाएंगे। डॉक्टरों ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को अज्ञात पौधों, फलों या बीजों से दूर रखें क्योंकि कई जंगली पौधे जहरीले होते हैं। डीजल प्लांट के बीज विशेष रूप से बच्चों के लिए खतरनाक साबित हुए हैं। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी को उजागर करती है।

## नाबालिक लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दरिहट थाना क्षेत्र से एक 15 वर्षीय किशोरी के घर से लापता होने की प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार किशोरी की मां ने कहा कि बिना बताए घर से कहीं चली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# झूठी रजिस्ट्री कर महिला से ठगे 10 लाख रुपए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज में महिला से 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि धनगाईं निवासी रवि कुमार ने धारूपुर की नंदनी कुमारी की जमीन बेचने का झांसा देकर महिला से पैसे लिए और फर्जी तरीके से जमीन की बिक्री दिखा दी। महिला के हवाले से बताया गया है कि 22 जनवरी 2024 को तीन धोनी मौज में 2.5 डिसमिल जमीन दस्तावेज संख्या 538 के तहत दर्ज करवाई गई थी। नीलम देवी ने बताया कि उन्होंने खरीदी गई जमीन का दाखिल-खारिज कराने के लिए आवेदन किया, लेकिन उनका आवेदन अस्वीकृत हो गया। जांच करने पर पता चला कि नंदनी कुमारी ने अपनी जमीन बेची ही नहीं थी। इस मामले में दूसरी महिला को खड़ा कर जमीन की हेरा-फेरी करने का मामला बताया गया। वहीं थानाध्यक्ष ललन कुमार के हवाले से बताया गया कि पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच जारी है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि दोषियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भारी मात्रा में देसी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अवैध शराब बिक्री में लिप्त धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध महुआ पॉस बरामद की। इस संबंध में सूर्यपुरा थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कोसन्दा गांव के समीप काव नदी क्षेत्र में छापेमारी कर लगभग 1000 लीटर महुआ पॉस नष्ट किया गया और दो अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। थाना प्रभारी चंदन कुमार भगत के हवाले से बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। बताया गया कि पुलिस को देखते ही अवैध शराब बनाने वाले लोग मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि अगर कहीं भी अवैध शराब निर्माण या बिक्री की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# विद्यालय शिक्षा और संस्कार का मंदिर : एसडीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने कहा कि विद्यालय शिक्षा और संस्कार का मंदिर है। विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बुधवार को काराकाट प्रखंड के बुढ़वल में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार काराकाट प्रखंड में एक निजी विद्यालय के उत्सव समारोह में आए जहां उन्होंने समारोह के उद्घाटन के दौरान शिक्षा के साथ संस्कृति पर भी प्रकाश डाला और कहा कि विद्यालय एक ऐसा स्थान होता है जहां बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार का भी निर्माण होता है और बच्चे हर प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों से भी परिचित होते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए विद्यालय जैसे उचित स्थान पर शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों से परिचित होने का भी महत्व बताया। उन्होंने विद्यालय को बच्चों के अंदर संस्कार विकसित करने तथा अनुशासन से संबंधित सभी गतिविधियों के ग्रहण करने वाला स्थान बतलाया। विद्यालय में कराए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में बहुआयामी विकास होता है जहां उनके प्रतिभा को विकसित होने का अवसर दिया जाता है। ऐसे कार्यक्रमों के लिए उन्होंने विद्यालय परिवार के साथ ही सभी शिक्षण संस्थानों के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों को सराहा और कहा कि विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम भी समय-समय पर बच्चों की प्रतिभा को निखारने का एक अच्छा अवसर होता है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना चाहिए।

## लोडर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मफस्सिल थाना के गोपी बिगहा से खनन गश्ती दल ने अवैध तरीके से बलुआही मिट्टी लोड करते एक लोडर को जब्त किया। पुलिस के अनुसार खनन निरीक्षक प्रीतम कुमार ने कहा कि गोपी बिगहा में सरकारी भूमि से बलुआही मिट्टी के खनन व परिवहन की सूचना पर छापेमारी की गई। वहां ताजा खनन दिखा। पुलिस को देख लोडर चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विद्युत चोरी की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विद्युत धावा दल ने दरिहट गांव में उपेंद्र चौधरी को विद्युत चोरी करते पकड़ा। पुलिस के अनुसार 23 हजार रूपये ऊर्जा क्षति की जेई आजाद कुमार ने प्राथमिकी किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घुरफेकन चौधरी को दी गयी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय सारोसेर में शिक्षक घुरफेकन चौधरी के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बबन प्रसाद सिंह ने की जबकि संचालन प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद सिंह (गारा) द्वारा किया गया। अपने सेवाकाल में घुरफेकन चौधरी एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं सरकार के सभी दिशा-निर्देशों का ईमानदारी से पालन करने वाले शिक्षक रहे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए मध्य विद्यालय सारोसेर को नई पहचान दिलाई। साथ ही नरवर पंचायत के सभी विद्यालयों को संकुल स्तर पर जोड़ते हुए समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया। ऐसे महान शिक्षक की विदाई पर अभिभावकों, शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे और कई की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार, सेवानिवृत्त व्ययन पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला परिषद सदस्या नीलम, मुखिया प्रतिनिधि मेजर महेंद्र प्रसाद सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार, हरिहर सिंह, विभा पटेल, प्रमोद कुमार पटेल, प्रधानाध्यापक भारत प्रसाद सिंह, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, विजय कुमार, अजय कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद सिंह, वीरेंद्र सिंह, संतोष कुमार, संजय कुमार, जयराम पाल, धन्नजी, सुधीर, अखिलेश कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, कृष्ण बिहारी सिंह, संजय सिंह, उमेश कुमार राम, किशोरीलाल साह, उपेंद्र कुमार सहित बहुत से शिक्षकगण और विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नीतीश कुमार के करिश्माई नेतृत्व में दिनोंदिन जद यू परिवार का हो रहा विस्तार : उमेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में राष्ट्रीय जनता दल के वरीय नेता रहे एवं गोपालगंज के पूर्व विधायक रियाजुल हक उर्फ राजू ने कई प्रमुख नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ जद यू का दामन थामा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्षउमेश सिंह कुशवाहा ने सभी नए साथियों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाकर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उक्त कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्यसचतेक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधायक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, विधानपार्षद खालिद अनवर, मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार एवं वासुदेव कुशवाहा सहित अनेक नेतागण उपस्थित रहे। इस दौरान अपने संबोधन में उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करिश्माई नेतृत्व एवं जनकल्याण के प्रति उनकी ईमानदार सोच का ही परिणाम है कि जद यू परिवार का निरंतर विस्तार हो रहा है। नए-नए साथी जद यू से जुड़कर नीतीश कुमार के नेतृत्व में न्याय के साथ विकास की धारा को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रियाजुल हक उर्फ राजू एक मजबूत राजनीतिक जनाधार वाले, कर्मठ एवं जमीनी नेता हैं। उनका जदयू परिवार में शामिल होना निश्चित रूप से पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगा।

## शराब के नशे में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों से शराब के नशे में दो शराबी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी प्राथमिकी संख्या 2/26 के अभियुक्त टिंकू उर्फ प्रभात कुमार, इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 23/26 धारा 126(2)/115(2)/352/351(2) भारतीय न्याय संहिता 37 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018/22 के नामजद अभियुक्त कटार निवासी राजाभिषेक सिंह को शराब पीकर मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। चिकित्सीय जांच

# खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल से किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय विद्या निकेतन विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी तैयारियां बीते कई दिनों से चल रही थीं। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर में अनुशासन के साथ सभी विद्यार्थी कतारबद्ध खड़े नजर आए जबकि मैदान के बीच कबड्डी मुकाबले ने सभी का ध्यान खींचा। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ खेल का प्रदर्शन किया जिससे दर्शकों में भी रोमांच बना रहा। कबड्डी का फाइनल मुकाबला कक्षा आठवीं और नौवीं के बीच खेला गया जिसमें आठवीं कक्षा के भैया-बहनों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता एवं प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रियेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। उन्होंने सभी छात्रों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षा जगत के पुरोधा दिनेश सिंह का 55वां जन्मदिन धूमधाम से मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** जिला के प्रसिद्ध ताज रेस्टोरेंट में आज शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखने वाले दिनेश सिंह का 55वां जन्मदिन बेहद उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया जिन्हें जिले में मदन मोहन मालवीय के पदचिन्हों पर चलने वाला व्यक्तित्व माना जाता है, कैमूर में शिक्षा की अलख जगाने और क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे डीएवी स्कूल (भभुआ जद्दूपुर), आरके डिग्री कॉलेज और आरके हॉस्पिटल के डायरेक्टर के रूप में क्षेत्र की सेवा कर रहे हैं। जन्मदिन समारोह के अवसर पर केक काटकर उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस खास मौके पर जिले के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे। मौके पर अतुल पटेल जदयू मुख्य प्रवक्ता, डॉ. सुशील जायसवाल, डायरेक्टर एसवीएम मैथमेटिक्स क्लासेस, विपिन कुमार,



उपेंद्र कुमार, सुधीर कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने दिनेश सिंह के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आरके हॉस्पिटल के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। उपस्थित लोगों ने उन्हें एक 'कर्मयोगी' बताते हुए कहा कि उनके मार्ग निर्देशन में जिले के हजारों युवा अपना भविष्य संवार रहे हैं। समारोह के अंत में दिनेश सिंह ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया और शिक्षा के इस मिशन को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग और शिक्षा जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली)**
**निविदा आमंत्रित सूचना संख्याः ईएल/50/दानापुर/खुली/46/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/46/2025–26, 1. कार्य का नाम :** दानापुर डिवीजन में सभी रेलवे इंस्टॉलेशन के लिए पारंपरिक इलेक्ट्रिक एनर्जी मीटर की जगह स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग सिस्टम लगाना। **2. अनुमानित लागत :** रू० 2,71,35,676.87/–, **3. अग्रधन राशि :** रू० 2,85,700/–, **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 24.02.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। **5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/ का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)/दानापुर**
पीआर/1734/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/44



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

सं. **RS-WCC-Tender-DDU-25,** दिनांक : 03.02.2026

व.मं.यॉं.अभि./समाडि/पू.म.रे. डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई–निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) सं. RS-WCC-Tender-DDU-25 दिनांक : 02.02.2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है:

**क्र.सं. : 1, कार्य का विवरण :** सीक लाइन एवं आर ओ एच शेड में वैगन रखरखाव के दौरान डब्ल्यूसीसी डीडीयू में विभिन्न गतिविधियों का 2 वर्षों की अवधि के लिए आउटसोर्सिंग का कार्य।, **क्र.सं. : 2, कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 6,92,97,658.60 रूपये छः करोड़ बानवे लाख सनतानवे हजार छः सौ अनठावन एवं साठ पैसे मात्र।, **क्र.सं. : 3, धरोहर राशि :** ₹ 4,96,500/– रूपये चार लाख छियानवे हजार पाँच सौ मात्र।, **क्र.सं. : 4, निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई निविदा दिनांक 10.02.2026 से 24.02.2026 तक समय 11:00 बजे तक।, **क्र.सं. : 5, वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** IREPS website : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार नहीं किया जायेगा। नोट : विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

**व.मं.यॉं. अभि./समाडि**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
पीआर/1739/डीडीयू/सी एण्ड डब्ल्यू/टी/25–26/44


# सनातन संस्कृति के आलोक से राष्ट्रबोध की नई चेतना गढ़ेगा हिन्दू सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस।** रोहतास जिले के कोचस प्रखंड के सरेयां गांव स्थित श्रीहनुमत धाम में छह फरवरी को हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा। हिन्दू सम्मेलन भारत को पुनः जगतगुरु बनाने की सनातन चेतना का ऐतिहासिक उद्घोष बनेगा। वैचारिक चेतना का केंद्र बनकर उभरेगा। इससे पहले पांच फरवरी को अखंड हरि कीर्तन होगा। फिर छह फरवरी को महारुद्राभिषेक आत्मशुद्धि और साधना का मार्ग प्रशस्त करेंगे, वहीं हिंदू सम्मेलन विचार, दिशा और दायित्व के साथ वसुधैव कुटुम्बकम् का बोध कराएगा।

**धर्म को कर्म से जोड़ने का मंच**

हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य धर्म को कर्म और सेवा से जोड़ना है। सम्मेलन में वक्ता यह स्पष्ट करेंगे कि हिंदुत्व या सनातन किसी एक वर्ग की पहचान नहीं, समग्र समाज को जोड़ने वाली जीवन-पद्धति है। यहां धर्म को कर्मकांड तक सीमित न रखकर न्याय, करुणा, समरसता और राष्ट्रहित के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**संस्कृति संरक्षण और सामाजिक एकता पर देंगे जोर**

सम्मेलन में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की रक्षा को लेकर गंभीर मंथन होगा। वक्ता बताएंगे कि पर्व, परंपरा, भाषा, मंदिर और संस्कार केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता की रीढ़ हैं। सम्मेलन यह संदेश देगा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकजुटता और आपसी सद्भाव में निहित है, न कि विभाजन में।

**भारत माता की आरती आस्था को राष्ट्रभाव से जोड़ेगी**

सम्मेलन के दौरान होने वाली भारत माता की आरती आस्था को राष्ट्रभाव से जोड़ेगी। यह क्षण केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामूहिक राष्ट्रसंकल्प का प्रतीक होगा, जहां श्रद्धालु देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव की रक्षा का संकल्प लेंगे।

**संवाद और समाधान का प्रयास**

हिंदू सम्मेलन में समाज से जुड़े वर्तमान मुद्दों- संस्कारों में गिरावट, सांस्कृतिक विस्मृति, सामाजिक बिखराव पर भी चर्चा होगी। उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि संवाद और समाधान के माध्यम से आगे बढ़ने का मार्ग खोजना होगा।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला वाहन कोषांग)
बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी वाहन मालिकों को अन्तिम रूप से सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025 के अवसर पर सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा–219–गोह, 220–ओबरा, 221–नबीनगर, 222–कुटुम्बा, 223–औरंगाबाद एवं 224–रफीगंज में चुनाव कार्य में प्रयुक्त वाहनों का लॉगबुक दिनांक–15.02.2026 तक निश्चित रूप से जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद जमा कर दें। ताकि अधिग्रहित वाहनों का अंतिम मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

**नोडल पदाधिकारी, जिला वाहन कोषांग**
**–सह–**
**जिला परिवहन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**PR. No. 023382 (Election) 2025-26**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।**

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को कर्पूरी सम्मान निधि योजना का लाभ देने का स्वागत

**पकरीबरावां / नवबिहार टाइम्स।** राज्य सरकार द्वारा किसानों को कपूरी सम्मान निधि योजना का लाभ दिए जाने का किसानों ने स्वागत किया है। दत्तरौल पैक्स के अध्यक्ष सह भाजपा नेता श्रवण कुमार, किसान भूषण से सम्मानित नागेंद्र कुमार, किसान राजीव कुमार, सुधीर सिंह, पप्पू सिंह, रामचरित्र यादव, बसंत पासवान सहित अन्य ने खुशी का इजहार किया है।

### सोखोदेवरा के पूर्व मुखिया का निधन

**पकरीबरावां / नवबिहार टाइम्स।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत के पूर्व मुखिया व सोखोदेवरा गांव निवासी वीरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बीरू सिंह का निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थें एवं पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थें। उनके आकस्मिक निधन पर प्रखण्ड के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रखण्ड उप प्रमुख नवीन यादव, सोखोदेवरा पंचायत के मुखिया रेखा देवी, पूर्व मुखिया लीला देवी, योगी त्यागनाथ, बिरेन्द्र वर्मा आदि ने पूर्व मुखिया के निधन पर गहरा शोक जताया है।

### इंजन रिक्शा के पलटने से दो लोग घायल

**पकरीबरावां / नवबिहार टाइम्स।** पकरीबरावां- रूपौ पथ पर पुल के पास बुधवार को इंजन रिक्शा के पलटने से दो लोग घायल हो गए। बताया गया कि इंजन रिक्शा रूपौ की ओर से आ रहा था। इस दौरान कौड़िहारी नहर पर बने पुल के पास इंजन रिक्शा पलट गई। जिससे चंदाबीघा का रणवीर कुमार एवं दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अनियंत्रित स्कार्पियों गड्ढे में पलटी एक की मौत, चार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के नारी तियारी गांव के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें बिहारशरीफ से मकनपुर जा रही एक एसयूवी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में वाहन सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी सुखदेव यादव के 22 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार के रूप में की गई है। नूरसराय थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि नारी तियारी गांव के पास वाहन पलटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची और एसयूवी में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाल कर सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान राजेश कुमार की मौत हो गई। अन्य चार घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, सभी लोग बिहारशरीफ से एसयूवी वाहन पर सवार होकर अपने घर मकनपुर लौट रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां का माहौल गमगीन हो गया।



### लिंक पर क्लिक करते ही उड़ गए 1.62 लाख रुपये, हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर साइबर ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी सोनू कुमार को साइबर ठगों ने लोन पर फ्री का हेल्थ इंश्योरेंस हटाने का झांसा देकर उनके बैंक खाते से 1 लाख 62 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने बताया कि उनका एचडीएफसी बैंक में खाता है, जिससे उन्होंने 4 लाख 29 हजार रुपये का लोन लिया हुआ है।मंगलवार को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें लोन के साथ जुड़े हेल्थ इंश्योरेंस की बात कही । जब उन्होंने हेल्थ इंश्योरेंस लेने से इनकार कर दिया तो कॉल करने वाले व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेज दिया। जैसे उस लिंक पर क्लिक किया, कुछ ही मिनटों के भीतर चार बार में उनके खाते से कुल 1 लाख 62 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। खाते से पैसे कटने का मैसेज आने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की जानकारी साइबर थाना को देते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## ब्रिलिएंट कॉन्वेंट में समारोह आयोजित कर दसवीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** ब्रिलिएंट कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और भावनात्मक माहौल में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ विद्यार्थियों में उत्साह देखते ही बन रहा था। विदाई समारोह का आयोजन कक्षा नवमी एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने सीनियर साथियों के लिए यादगार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन छात्र इंद्रजीत कुमार,आदित्या प्रकाश और छात्राओं की ओर से यामिनी रॉय अनामिका पांडेय ने आत्मविश्वास और सधे हुए अंदाज में किया, जिससे पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ. शशिभूषण कुमार एवं निदेशक डॉ. धनंजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।



समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य, नाट्य मंचन और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। खासकर छात्राओं की प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम में समां बांध दिया और माहौल को जीवंत बना दिया।विदाई समारोह में उस समय भावुक क्षण देखने को मिले, जब कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे पलों को साझा किया। उन्होंने शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन, अनुशासन और जीवन मूल्यों की सीख को याद करते हुए आभार व्यक्त किया। कई विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं, जिससे पूरा सभागार भावनाओं से भर उठा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पुष्पलता विद्यार्थी ने विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण बातों की शपथ दिलाई। इसमें नशामुक्ति, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा देशभक्ति जैसे विषय शामिल थे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह के अंत में विद्यालय के चेयरमैन एवं निदेशक द्वारा कक्षा दसवीं के सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिह्न स्वरूप फाइल उपहार में प्रदान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ब्रिलिएंट कॉन्वेंट में सीखे गए संस्कार और शिक्षा उन्हें जीवन के हर मोड़ पर सफलता दिलाएंगे। पूरे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## अपहरण कांड का उद्भेदन कर पुलिस ने अपहृत युवक को किया सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र में हुए एक अपहरण कांड का पुलिस ने उदभेदन कर अपहृत युवक मुकेश कुमार को सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि घटना 2 फरवरी को हुई थी। जब मोहदीपुर निवासी रंजू सिन्हा ने सूचना दी कि उनके पति मुकेश कुमार राजगीर में पैकिंग मशीन लगाने के काम से आए थे और इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया। अपहताओं ने उनकी रिहाई के बदले साढ़े तीन लाख रुपये की फिरौती की मांग की। सूचना मिलते ही राजगीर थाना में मामला दर्ज किया गया और नालंदा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बनगंगा डोहरा मोड़ के पास से मुकेश कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में असाड़ी (नवादा) निवासी शुभम कुमार और फल्गु निवासी करण कुमार नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया ।



## बिहार के बजट में सभी वर्गों का विशेष ख्याल : जदयू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिला जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव ने कहा कि बिहार का प्रस्तुत बजट 2026 आर्थिक रूप से सशक्त सामाजिक रूप से न्याय पूर्ण समावेशी वाला है जिससे विकसित राज्य बनाने के संकल्प को नहीं ऊर्जा मिलेगी। सरकार का मुख्य लक्ष्य बिहार को देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना है। इस बार कुल 3.47 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट पेश किया गया है, जो राज्य के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में बिहार देश के पांच बड़े विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।एक विशेष विजन साझा किया। बिहार का भविष्य पांच मूलभूत तत्वों (पंचतत्व) ज्ञान, ईमान, विज्ञान, अरमान और सम्मान पर आधारित होगा। सामाजिक न्याय की सुनिश्चितता नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस वर्ष के बजट में 13,202.38 करोड़ का प्रावधान राज्य के प्रत्येक जरूरतमंद तक सुविधाएँ पहुँचाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



## युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज/ नवादा।** थाना क्षेत्र के यदुपुर भदौर गांव में ससुराल गये युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना बुधवार की सुबह में हुई । मृतक नारदीगंज थाना क्षेत्र के फलडु निवासी स्व.सुनील चौधरी का 24 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार बताया गया है। निधन की खबर पाते ही फलडु गांव में घर परिवार में मातम छा गया। लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। काफी संख्या में लोग पहुंचे, और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने में लगे रहे। इधर, घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे, और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। थानाध्यक्ष के अनुसार मृतक के ससुराल वालों का कहना है कि वह दो दिन पहले अपने ससुराल यदुपुर भदौर आये थे। वे बीमार थे। अचानक बुधवार को अहले सुबह में तबयत खराब हो गई तो, इलाज के लिए पत्नी और सास नवादा लेकर जा रहे थे,तभी रास्ते में राहुल की मौत हो गई। उसके ससुराल में उसकी पत्नी के अलावा सास ,सरहज और बीमार श्वसुर गिरानी चौधरी रहते हैं। उसके साले परदेस में काम करता है। मृतक ई रिक्शा चालक है। कुछ माह पहले वह ई रिक्शा पर यात्री को लेकर अपने ससुराल गया था। तब उसके ई रिक्शा से सड़क हादसे होने पर लोगों ने राहुल के साथ मारपीट भी किया था। बेहतर इलाज नहीं होने से आये दिन अस्वस्थ रह रहा था। पुलिस के मुताबिक, मृतक के शरीर पर कोई जख्म का निशान नहीं पाया गया है। इधर,मृतक के घर वालों का आरोप है कि राहुल को उसके ससुराल वालों ने हत्या कर दिया है। राहुल का दो वर्ष पहले शादी हुई है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन अप्राप्त है,आवेदन के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।



## जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 32 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 3 फरवरी 2026 को जिले भर में की गई कार्रवाई में कुल 32 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हत्या के आरोप में 4, हत्या के प्रयास में 4, अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत 1, मद्यनिषेध के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 285.75 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। अभियान के दौरान न्यायालय से निर्गत 21 वारंटों का निष्पादन किया गया, जबकि 2 कुर्की मामलों में भी कार्रवाई की गई।

वाहन जांच अभियान के तहत कुल 310 वाहनों की जांच की गई, जिससे 1 लाख 60 हजार 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया। अन्य उपलब्धियों में एक ट्रैक्टर और एक मोटरसाइकिल की बरामदगी भी शामिल है। महत्वपूर्ण गिरफ्तारी में रोह थाना कांड संख्या 30/26 के तहत हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं, नरहट थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के आरोप में एक ट्रैक्टर के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने को लेकर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। जिलेभर में 41% फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हुआ है जिसमें तेजी लाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य नहीं हुआ है उसे सूचीबद्ध करते हुए एक - एक किसानों की समीक्षा की जाए तथा फार्मर रजिस्ट्री हेतु वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराने में उनका सहयोग किया जाए। इसके अलावे सीएससी एवं कैंप का निरीक्षण कर एफआर की प्रगति की सघन समीक्षा की जाए। एफआर में तेजी लाने हेतु टीम की संख्या भी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता,नालंदा को एफआर में राजस्व से संबंधित कार्यों को तेजी से करने का निर्देश दिया गया। महाअभियान के अंतर्गत परिमार्जन हेतु कृषक द्वारा दिए गए आवेदन पत्र को भी ट्रैक कर परिमार्जन की कार्यवाही करते हुए एफआर का कार्य कराया जाए। बैठक में निर्देश दिया गया कि हर हाल में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु योजनाबद्ध तरीके से एफआर का कार्य किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, क्ळ प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें।



## सूरज के शतक से कादिरगंज क्रिकेट क्लब जीता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में सिरदला के लौंद हाई स्कूल में आयोजित ए डिवीजन लीग के 18वें मैच में आज वारसलीगंज क्रिकेट क्लब का मुकाबला कादिरगंज क्रिकेट क्लब के बीच हुआ आज सुबह वारसलीगंज के कप्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 ओवर में 226 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वारसलीगंज के तरफ से कप्तान विवेक रंजन ने शानदार शतक 125 रन बनाए। उसका साथ ऋषिकेश ने 34 से बना कर दिया अन्य कोई भी बल्लेबाज रन बनाने में सफल नहीं हुए। गेंदबाजी करते हुए कादिरगंज क्रिकेट क्लब के बाएं हाथ के स्पिनर रितिक शर्मा ने चार खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कादरीगंज क्रिकेट क्लब की टीम ने मात्र 25 ओवरों में सूरज सिंह के शानदार शतक 150 रन एवं सुभाष कुमार के 53 रनों की मदद से दो विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाकर मैच को आसानी से जीत लिया। वारसलीगंज की तरफ से सागर एवं सौरभ ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया।

## रजौली में काराखूट मोड़ के समीप दो ट्रकों में भयंकर टक्कर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से लगभग 2 किलोमीटर दूर काराखुट मोड़ के समीप बुधवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे दो ट्रकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भयंकर सड़क दुर्घटना में एक ट्रक के चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक ट्रक चालक की पहचान गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के मझियावां गांव के भेड़िया बिगहा गांव निवासी सीताराम यादव के 31 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड की ओर से एल्यूमिनियम तार लोड करके आ रही ट्रक संख्या एनल01के5808 और नवादा की ओर से आ रही ट्रक संख्या बीआर01जीक्यू4393 में तीखे मोड़ के समीप टक्कर हो गई। इसमें ट्रक संख्या एनल01के5808 के चालक की मौत हुई है। वहीं दूसरे ट्रक में सवार रहे चालक और उपचालक गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए।सड़क दुर्घटना के बाद यातायात बाधित हो गई। जाम फंसे राहगीरों द्वारा डायल 112 की टीम एवं रजौली थाना को दूरभाष कर सूचित किया गया। सूचना के बाद महज 10 मिनट में पहुंची डायल 112 की टीम और राहगीरों ने ट्रक में फंसे मृत चालक को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। वहीं रजौली थाने की पुलिस के घटनास्थल पर लगभग डेढ़ घंटे बाद पहुंचने पर राहगीरों में रोष व्याप्त था। राहगीरों का कहना था कि यदि पुलिस सही समय पर आती,तो चालक की जान बचाई जा सकती थी। घटनास्थल पर मौजूद राहगीर आशु कुमार ने बताया कि उनके द्वारा 10 बार से अधिक थाना के नम्बर पर कॉल किया गया,किंतु एक बार भी फोन नहीं उठ सका। इधर पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच ट्रक चालक को रजौली स्थित अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची।



## बड़ी मात्रा में अवैध देशी महुआ शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ौना बेलदारी गांव से पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध देशी महुआ शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में करीब 285 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त इलाके में अवैध शराब का भंडारण एवं बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद हिसुआ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान शराब को छिपाकर रखा गया था। पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जब्त शराब को अपने कब्जे में लेकर विधिसम्मत अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि फरार तस्करों की पहचान की जा रही है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



## कौआकोल में श्री मारुतिनन्दन प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना गेट के समीप बनें श्रीसंकट मोचन मंदिर में श्री श्री 108 श्रीमारूति नंदन प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई एवं प्रतिमा का नगर भ्रमण किया गया। मंदिर परिसर से निकाले गए कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने अपने अपने सर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। वहीं शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा कौआकोल थाना गेट से शुरू होकर ब्लॉक गेट,बिझो मोड़ होते हुए सोखोदेवरा जेपी फील्ड स्थित सूर्य मंदिर तालाब के पास पहुँचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भराई की गई। इसके बाद पुनः कलश यात्रा जोगाचक आश्रम मोड़ होते हुए कौआकोल बाजार,दुर्गामण्डप से होते हुए थाना गेट के पास पहुंची। जहां बनारस से आए विद्वान ब्राह्मण व यज्ञ आचार्य पण्डित ग्रीष्दत्त पाठक,श्रवण कुमार पांडेय,बालदेव पांडेय एवं आचार्य पण्डित कुन्दन पराशर के देख रेख में विधिवत कलश स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजा अर्चना शुरू किया गया। आयोजनकर्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को दूसरे दिन नौवेदी पूजन,समस्त अधिवास एवं संध्या महाआरती,रात्रि जागरण एवं झांकी जबकि शुक्रवार को यज्ञ के तीसरे और अंतिम दिन समस्त वेदी पूजन,प्राण प्रतिष्ठा,हवन,पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ में यजमान की भूमिका पत्रकार रौशन कुमार सोनु उनकी भार्या नेहा बर्णवाल,अजित वर्मा उनकी भार्या माधुरी वर्मा,उमेश साव उनकी भार्या रिंकू देवी,डॉ० रंजीत कुमार उनकी भार्या नीतू कुमारी एवं राजीव कुमार उनकी भार्या सुषमा कुमारी निभा रहे हैं। पूजा को सफल बनाने में बाजार समिति के अध्यक्ष राहुल शुक्ला,पंचायत समिति सदस्य निकुंज विश्वकर्मा,दीपक विद्यार्थी आदि लगे हुए हैं। जबकि कलश यात्रा में एएसआई रामलखन शर्मा, रिंकू कुमार, जिला पार्षद अजित यादव, दीपक कुमार, बजरंग दल के मुकेश कुमार, अभिमन्यु, अनीश, मनीष कुमार, सुभाष लाल,डॉ० चन्द्रिका प्रसाद, योगेन्द्र प्रसाद, सुबोध लाल,शैलेश कुमार आर्य, विहिप के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,नीतू गुप्ता,नवलेश कुमार,सन्नी कुमार आदि शामिल रहे।



### शिक्षक संघ के जिला सचिव बने अजय कुमार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला सचिव के पद पर रहते हुए आलोक कुमार का 12 जनवरी 2026 को विद्यालय जाने के क्रम मोटरसाइकिल से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण एम्स पटना में इलाजरत के दरम्यान 17 जनवरी 2026 को जीवन और मौत की लड़ाई में हार गए। जिससे बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा का जिला सचिव पद रिक्त हो जाने के उपरांत प्रदेश महासचिव डॉ0 भोला पासवान के अनुमोदनोंप्रांत 4 फरवरी 2026 को नवादा जिला के शिक्षकों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्विरोध अजय कुमार, प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाली, प्रखंड कौवाकोल को जिला सचिव के पद पर चयन किया गया।

## कौआकोल में धूमधाम से मनाया गया शब-ए-बरात

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड क्षेत्र में मंगलवार की रात शबे-ए-बरात का त्योहार अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। प्रखण्ड मुख्यालय सहित कई गांवों में इस अवसर पर विशेष रौनक देखी गई। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों की मस्जिदों में देर रात तक नमाज अदा की गई। युवाओं,बुजुर्गों और बच्चों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी। लोगों ने अपने परिवार, गांव, क्षेत्र और देश-दुनिया में अमन,शांति और भाईचारे के लिए दुआ की। इस रात का एक महत्वपूर्ण पहलू कब्रिस्तान जाना भी होता है। बड़ी संख्या में लोग अपने बुजुर्गों और परिजनों की कब्रों पर पहुंचे, फातिहा पढ़ी और उनके लिए मगफिरत की दुआ की। समाजसेवी व टिकोडीह गांव निवासी दानिश इकबाल सहित एजाज, नौशेरावान, इम्तेयाज, राजा, वकील, अकीब,इसरायल आदि ने बताया कि इस्लाम धर्म में शबे-ए-बरात को 'बड़ी रात' और 'मगफिरत की रात' कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात अल्लाह अपने बंदों के गुनाह माफ करता है और आने वाले साल की तकदीर लिखी जाती है। इसी कारण लोग पूरी रात जागकर नमाज, कुरान की तिलावत, तौबा-इस्तेगफार और दुआ में मशगूल रहते हैं। इधर त्योहार को लेकर घरों में महिलाओं ने हलवा और मीठे पकवान बनाए,जिन्हें रिश्तेदारों और पड़ोसियों में बांटा गया। इससे गांवों में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को शबे-ए-बरात की मुबारकबाद भी दी।



# सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिये प्रयासरत : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** कृषि विभाग अन्तर्गत जिला उद्यान कार्यालय गया के द्वारा संयुक्त कृषि भवन, बाजार समिति परिसर में आयोजित तीन दिवसीय ''प्रमण्डल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी किसानों को पुरस्कृत करने के साथ सम्पन्न हो गई। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. प्रेम कुमार, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा ने किसानों के द्वारा लगाये गये प्रादर्श को देखा एवं अपने करकमलों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले किसानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी संजीव



कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी तबस्सुम परवीन, सहायक निदेशक (रसायन) मिट्टी जांच राजीव रंजन यादव, उप परियोजना निदेशक, आत्मा नीरज कुमार वर्मा, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी, सम्मानित जन प्रतिनिधिगण एवं गया, जहानाबाद, औरंगाबाद के प्रगतिशील किसान उपस्थित थे। जिला उद्यान पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि उद्यान प्रदर्शनी में 15 वर्गों की 53 शाखाओं में प्रादर्श आमंत्रित किये गये है। कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर की उद्यान वैज्ञानिक डा. फरहाना खातून एवं दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्विवद्यालय, गया के कृषि संकाय के डीन प्रो. ए.पी. सिंह एवं एसोसिएट प्रोफेसर (उद्यान) डा. हेमन्त सिंह के तीन सदस्यों वाली समिति ने मूल्यांकन कर प्रादर्शों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रैंक दिया है। प्रथम पुरस्कार 2000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1500 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1000 रुपये निर्धारित है जो किसानों के खाता में भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा संचालित क्षेत्र विस्तार, उपादान वितरण, पोस्ट हॉर्वेस्ट, शुष्क बागवानी, लेमनग्रास विशेष योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सब्जी विकास योजना, फसल विविधिकरण योजना आदि अंतर्गत जिला में किया जा रहे कार्यो की उपलब्धि बताई। बिहार विधान सभाध्यक्ष ने उद्यान प्रदर्शनी के श्रेष्ठ किसानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मुकेश कुमार वर्मा, पिता का नाम शिवनंदन प्रसाद, ग्राम- गांगी, प्रखण्ड- डोभी को 13 प्रादर्शों में पुरस्कृत होने पर जिला का ''श्रेष्ठ बागवान'' पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार पाने वाले प्रमुख किसान मानपुर के शशि रंजन सिंह, बाराचट्टी के नन्द किशोर, गुरुआ के मो. कादिर, खिजरसराय की मनोरमा कुमारी, टनकुप्पा के ईश्वर वर्मा, खिरियांवा नगर के मुकेश कुमार, औरंगाबाद के रामध्यान महतो एवं जहानाबाद के हरेराम रहे। उद्यान प्रदर्शनी मे उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुये डा. प्रेम कुमार ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिये लगातार प्रयासरत है। सरकार के प्रयासों का फल है कि बिहार में गेहूं, मक्का का उत्पादन पूरे देश में सबसे ज्यादा रहा है जिसके लिये बिहार को तीन बार ''कृषि कर्मण पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया।

# राज्य के कलाकारों की कला को उभारने हेतु किया जा रहा बेहतर प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** कला एवं संस्कृति विभाग गया तथा बिहार कला मंच, पटना के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी महोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय अभिव्यंजना का आयोजन हरिदास सेमिनरी स्थित प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण), गया आदित्य कुमार पीयूष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उदघाट्न के पूर्व जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुरभि बाला द्वारा अतिथियों का मोमेंटो, शॉल एवं पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) ने बताया कि कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार द्वारा बिहार राज्य के कलाकारों की कला को उभारने हेतु यह बेहतर प्रयास किया जा रहा है। समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन से कलाकारों की पहचान हो रही है तथा उनके कला को राज्य तथा राष्ट्र स्तर तक पहुंचाया जा रहा है। आज से तीन दिनों तक आयोजन कार्यक्रम में पेंटिंग, फोटोग्राफी, मूर्ति कला, हस्तकला आदि के कलाकार भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला जन संपर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव, डीपीओ आईसीडीएस रश्मि वर्मा, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुरभि बाला एवं ख्याति प्राप्त कलाकार शामिल

# बिहार बजट 2026-27 'विकसित बिहार' का सशक्त रोडमैप : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया परिसदन में आयोजित एनडीए, भाजपा एवं सामाजिक नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार बजट 2026-27 की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' संकल्प के अनुरूप 'विकसित बिहार' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जिसमें किसान, युवा, महिलाएं, गरीब एवं मध्यम वर्ग–सभी के हितों को केंद्र में रखा गया है।



डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वर्ष 2004-05 में जहां बिहार का कुल बजट मात्र 23,885 करोड़ था, वहीं वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 3,47,589.76 करोड़ तक पहुंच गया है जो राज्य की तेज आर्थिक प्रगति और सुशासन का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 68,216.95 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 21,270.40 करोड़ तथा ग्रामीण विकास के लिए 23,701.18 करोड़ आवंटित किए गए हैं। किसानों को सशक्त बनाने हेतु मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 3000 की अतिरिक्त वार्षिक सहायता की घोषणा की गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि इस बजट में जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने, प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय एवं डिग्री कॉलेज खोलने, हर खेत तक पानी एवं गंगाजल आपूर्ति योजना तथा राज्य की उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। उद्योग क्षेत्र में लगभग 50 लाख करोड़ के निजी निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि डियरी, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं मखाना उद्योग को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जाएगा। नगर निकायों में सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक बस सेवा, 500 से अधिक ग्रीन बस स्टॉप, ग्रीन एनर्जी उत्पादन हेतु 532 करोड़ का निवेश तथा गंगा किनारे 22 शहरों में एनटीपी नेटवर्क (8,426.01 करोड़) जैसी योजनाएं बिहार को पर्यावरण-अनुकूल विकास की दिशा में अग्रसर करेंगी।

# शब ए बारात श्रद्धा व अकीदत के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मंगलवार की रात शब-ए-बारात का पावन त्योहार पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में पूरी रात नमाज अदा की और अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे। शब-ए-बारात के मौके पर लोगों ने अपने पूर्वजों और मरहूम रिश्तेदारों के लिए कब्रिस्तान जाकर दुआ-ए-फातिहा पढ़ी तथा अल्लाह से मगफिरत और रहमत की दुआ मांगी। मस्जिदों में खास इबादत, कुरआन की तिलावत और नफ्ल नमाज का आयोजन किया गया जिससे पूरा माहौल आध्यात्मिक बना रहा। इस दिन विशेष पकवान के रूप में चना का हलवा और सूजी की कतली बनाई गई जिसे घरों में आपसी भाईचारे के साथ बांटा गया। पूरी रात लोग इबादत में लगे रहे और अमन, शांति व खुशहाली की कामना की।

# पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट में क्रिसेंट सीसी जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेली जा रही अधिकारी एम एम प्रसाद मेमोरियल पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मुकाबले में क्रिसेंट क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी क्रिकेट क्लब को 10 विकेट से पराजित किया। प्रिंस कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।स्थानीय अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी में खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला विद्यार्थी सीसी के लिए भारी पड़ गया और पूरी टीम 26 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। कप्तान सनी ने अकेले मोर्चा संभालते हुए नाबाद 69 रन की पारी खेली। उन्होंने 88 गेंदों का सामना किया और 7 चौके व 2 छक्के लगाए। हालांकि, उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। शीर्ष क्रम से लेकर निचले क्रम तक विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। पूरी टीम 26 ओवर में 10 विकेट खोकर सिर्फ 120 रन ही बना सकी।क्रिसेंट सीसी की गेंदबाजी बेहद अनुशासित रही। प्रिंस कुमार और रित्विक ने तीन-तीन विकेट झटके। हिमांशु कुमार ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट हासिल किए, जिससे विद्यार्थी सीसी बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही।


## बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद।**
Email Id – eemechabad18@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2025–2026**

1 विज्ञापन निर्गत की तिथि : 30.01.2026
2. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता (यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद।
3. निविदा संलेख की बिक्री की तिथि : 10.02.2026 से 12.02.2026
4. तकनीकी एंव वित्तीय निविदा संलेख प्राप्ति की तिथि एंव समय : 13.02.2026 को 3:00 बजे अपराहन तक।
5. तकनीकी निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय : 13.02.2026 को 3:30 बजे अपराहन में।
6. वित्तीय निविदा संलेख खोलने की तिथि एंव समय : तकनीकी निविदा की स्वीकृति के पश्चात् सूचित किया जायेगा।
7. निविदा संलेख बिक्री का स्थान : 1. मुख्य अभियंता,(यॉं0), जल संसाधन विभाग बिहार, पटना का कार्यालय। 2. अधी० अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक अचंल, गया शिविर डिहरी का कार्यालय 3. कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद का कार्यालय।
8. निविदा संलेख प्राप्ति एंव खोलने का स्थान : क्रमांक 7 के वर्णित कार्यालय में।
9. वित्तीय निविदा संलेख खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता,(यॉं0), सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल , औरंगाबादका कार्यालय।

| क0 | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि(रू०) में | निविदा संलेख का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | fabrication,erection and renovation of e/r gate 01 nos. size (1275 mm x 1300 mm) embedding with hoisting system and platform with railing of mansara medium scheme under north koel canal division navinagar for the year 2025 -26 | 344605.00 | 750.00 | 7000.00 | 7 Days | – |
| 02 | fabrication erection and renovation of outlet gate 05nos size-(1050 x 1300)mm embedding and hoisting system of kulhariya sub -distributary under north koel canal division , navinagar for the year 2025-26. | 1099107.00 | 2500.00 | 22000.00 | 10 Days | – |
| 03 | fabrication, erection of h/r gates -01nos size-(1500x1500)mm platform above c//r gate with railing and ladder at km-7.3 of mahuari distributary under north koel canal division , amba for the year 2025-26. | 528030.00 | 1250.00 | 10600.00 | 7 Days | – |
| 04 | fabrication erection and renovation of u/s gate -02nos size-(5300 x 2900)mm embedding and hoisting system of madar medium irrigation scheme under north koel canal division , aurangabad for the year 2025 -26. | 1468602.00 | 2500.00 | 29500.00 | 10 Days | – |
| 05 | REPAIR & RENOVATION OF 2 nos. U/S GATE SIZE (6 m X 3 m) AND PROVIDING CHEQUERED PLATE FOR U/S GATE PLATFORM AT KESHAR MEDIUM IRRIGATION SCHEME UNDER NORTH KOEL CANAL DIVISION , AURANGABAD FOR THE YEAR 2025-26. | 1365397.00 | 2500.00 | 27500.00 | 10 Days | – |
| 06 | Fabrication erection and renovation of 1 no. H/R gate , side embedding , hoisting arrangement, platform with railing at 0.24km of Narayanpur distributory and platform with railing C/R gate at 0.24km Narayanpur distributory under Sone High Level Main Canal Kurtha division for the year 2025-26. | 382387.00 | 750.00 | 7700.00 | 7 Days | – |
| 07 | Fabrication, Erection and rennovation of 4 nos. Falling shutter (1.24m x 1.10m) by 8mm thick MS plate and Fabrication of tie rod also 71 Falling shutter painting work at pantit weir under sone high level canal kurtha Division for the year 2025-26. | 164928.00 | 500.00 | 3300.00 | 7 Days | – |
| 08 | Fabrication erection and renovation of 4 Nos E/R gate side embedding hoisting arrangement platform with railing at 61.89 km of E.S.H.L.M.Canal sone high level canal kurtha Division for the year 2025-26 | 899885.00 | 1250.00 | 18000.00 | 10 Days | – |
| 09 | Fabrication erection and renovation of 1 Nos H/R gate,side emebedding hoisting arrangement platform with railing at 48.47 km and platform with railing H/R gate at 53.04 km of E.S.H.L.M canal division tekari for the year of 2025 -26 | 257616.00 | 750.00 | 5500.00 | 10 Days | – |
| 10 | Oiling and greasing of 12 nos spillway, 2 nos U/S, 2 nos H/R gate,rope drum with its hoisting system and its allied component of Punpun barrage Hamidnagar, Goh for post monsoon period for the year 2025-26. | 799803.00 | 1250.00 | 16000.00 | 7 Days | – |
| 11 | Fabrication erection and renovation of 1 Nos U/S gate, 12 Nos falling shutter and 30 Nos tie rod and painting of 1 U/S gate, 2 H/R gate and 17 falling shutters for Adri weir of Adri medium Irrigation under Sone High Level Canal Division Aurangabad for the year 2025 -2026. | 1158658.00 | 2500.00 | 23200.00 | 15 Days | – |
| 12 | Fabrication erection and renovation of 1 No. C/R gate, side embedding, hoisting arrangement, renovation work of platform with railing for all 6 C/R gates at 15.62km (R.D. 51.25) of Eastern Sone High Level Main Canal (ESHLMC) under Sone High level Canal Division Aurangabad for the year 2025-2026. | 940749.00 | 1250.00 | 19000.00 | 10 Days | – |
| 13 | Oiling greasing of mechanical gates of Estern sone high level main canal and its distributary system for Rabi irrigation from R.D 0.00 to R.D 268.40 under Irrigation Mechanical Sub-division, Aurangabad for the year 2025 -26. | 481878.00 | 750.00 | 10000.00 | 7 Days | – |
| 14 | Fabrication, erection and rennovation of 1 No H/R gate, side embedding,hoisting arrangement platform with railing at 22.195km of chapra distributory of under Sone High Level Canal Division Aurangabad for the year 2025 -2026. | 363532.00 | 750.00 | 7500.00 | 7 Days | – |
| 15 | Oiling greasing of mechanical gates of Patna main canal and itsdistributary system for Rabi irrigation from 0.00km to 57.60 under Irrigation Mechanical Sub-division, Aurangabad for the year 2025- 26. | 493435.00 | 750.00 | 10000.00 | 7 Days | – |
| 16 | Fabrication erection of 02 nos.valve gate and 02 nos. window gate, embedding, hoisting arrangement, platform with railing of Belsar lock at km – 48.200 of Patna Main Canal under Irrigation Division, Daudnagar for the year 2025-26. | 850129.00 | 1250.00 | 17500.00 | 7 Days | – |
| 17 | fabrication, erection and renovation of e/r gate-01no size (3150 x 1200)mm embedding and hoisting system at km -2.13 of pritumpur sub-distributary under north koel canal division , amba for the year 2025-26. | 218309.00 | 500.00 | 4500.00 | 7 Days | – |

संपर्क मोबाईल नं०:–8377937610 है।

कार्यपालक अभियंता (यॉं०)
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल,औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.023220 (WRD) 2025-26

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।


# लेवी मांगने का मामला आया प्रकाश में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के शिवाबिगहा गांव में बन रहे पंचायत सरकार भवन के संवेदक से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के नाम पर लेवी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि संवेदक के कर्मी द्वारा लिखित शिकायत में लेवी मांगने व पर्चा देने का जिक्र नहीं किया गया है। मामले को लेकर निर्माण कार्य करने वाले कर्मी राजीव कुमार ने दूरभाष पर बताया कि निर्माण कार्य में लगे राजमिस्त्री व मजदूर निर्माण स्थल पर ही रहते है। राजमिस्त्री ने जानकारी दिया कि मंगलवार की देर रात्रि एक बजे चार की संख्या में अज्ञात लोग हथियार के साथ आये व दरवाजा खुलवाया।

# राजस्व विभाग के कर्मियों की लापरवाही से किसान फॉर्मर आईडी से हो रहे वंचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के काज पंचायत सरकार भवन में आयोजित फॉर्मर आईडी कार्ड शिविर में राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में किसान फॉर्मर आईडी कार्ड से वंचित हो रहे हैं। दर्जनों किसानों का आरोप है कि जमीन के लगान रसीद में खेसरा शून्य होना, खाता-खेसरा में त्रुटि, ऑनलाइन लगान रसीद उपलब्ध नहीं होना तथा लगान रसीद में नाम की गलती के कारण उनका फॉर्मर आईडी कार्ड नहीं बन पा रहा है। किसानों ने बताया कि उनकी जमीन का कंप्यूटराइज्ड लगान रसीद होने के बावजूद उसमें खेसरा शून्य दर्ज है,




वहीं कंप्यूटराइज्ड लगान रसीद में नाम में अंतर होने के कारण शिविर में फॉर्मर आईडी नहीं बन रही है। इन त्रुटियों के सुधार के लिए किसानों द्वारा कई बार ऑनलाइन परिमार्जन कराया गया, लेकिन राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों के मनमाने रवैये के चलते अब तक परिमार्जन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। किसानों का यह भी आरोप है कि अब तक आयोजित अधिकांश शिविरों में कोई भी राजस्व अधिकारी या कर्मचारी उपस्थित नहीं रहता जिसके कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों का यह भी कहना है कि ऑनलाइन परिमार्जन कराने के बाद भी बिना पैसे दिए काम नहीं किया जाता और बिचौलियों के माध्यम से रुपये की मांग की जाती है। वहीं जब राजस्व कर्मचारियों से संपर्क किया जाता है तो वे कई पंचायतों का प्रभार होने का बहाना बनाकर कार्य टाल देते हैं। शिविर में उपस्थित कृषि समन्वयक (कॉर्डिनेटर) अजय कुमार ने बताया कि किसानों की ऑनलाइन लगान रसीद में खेसरा शून्य दर्ज है तथा लगान रसीद में नाम संबंधी त्रुटियां होने के कारण फॉर्मर आईडी कार्ड नहीं बन पा रहा है। उन्होंने बताया कि आज शिविर में पहुंचे सैकड़ों किसानों में से मात्र लगभग 10 किसानों का ही फॉर्मर आईडी कार्ड बन सका है।

# एसबीआई ने किया किसान लोन कैम्प का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित जमुआरा गांव में एसबीआई द्वारा किसान लोन कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 25 किसानों को ऑन स्पॉट सत्रह लाख पचास हजार रुपये का केसीसी लोन का लाभ दिया गया। बैंक की पंचानपुर शाखा द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का नेतृत्व कर रहे शाखा प्रबंधक बबलू कुमार ने बताया कि केसीसी किसानों के लिए एक प्रमुख ऋण सुविधा है जिससे किसान बीज उर्वरक व कीटनाशक जैसी कृषि इनपुट आवश्यकताओं के लिए ऋण की सुविधा मिलती है। किसानों को महज 7 प्रतिशत की किफायती दर पर ऋण मुहैया कराया जाता है। साथ ही साथ समय पर ऋण अदायगी पर 3 प्रतिशत की छूट का भी प्रावधान है। कैम्प में किसानों से वांछित दस्तावेज लेकर ऋण मुहैया कराने की कार्रवाई शुरू की गई। वहीं कई किसानों ने ऋण की जानकारी ली। कैम्प में एफओ राहुल कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ निराला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सोनालीका ने 10 महीनों में शानदार बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 30वें वर्षगांठ की शानदार शुरुआत करते हुए सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के 10 महीनों के दौरान 151604 ट्रैक्टरों की अब तक की सबसे तेज़ कुल बिक्री दर्ज की है। भविष्य के लिए तैयार तकनीकों से लैस हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों द्वारा सोनालीका ने विभिन्न क्षेत्रों में कृषि समृद्धि का नेतृत्व करना जारी रखा है और यह बदलते कृषि परिदृश्य में निरंतर वृद्धि देने की कंपनी की क्षमता को दर्शाता है। इस नई उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच 10 महीनों में 1.51 लाख ट्रैक्टरों की बिक्री का अब तक का सबसे तेज आंकड़ा दर्ज करके हम बेहद प्रसन्न हैं। इससे हमें 2026 में अपने 30वीं वर्षगांठ के लिए एक मजबूत्त शुरुआत मिली है। यह हमारे इस सरल विश्वास की पुष्टि करता है कि निरंतर विकास मजबूत बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित होता है और हमारे ब्रांड पर किसानों का भरोसा एक स्पष्ट प्रमाण है।


**NAME CHAGE**

I, hitherto known as PRASANT KUMAR S/O RAJEEV KUMAR SINGH R/O I, hitherto known as PRASANT KUMAR S/O RAJEEV KUMAR SINGH R/O Mustafapur Lakhisarai Bihar-811106, have changed my name to RAJVEER SINGH ustafapur Lakhisarai Bihar-811106, have changed my name to RAJVEER SINGH

## पूर्व मध्य रेल

**शुद्धिकरण**

**समाचार पत्र में प्रकाशित:** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है। प्रोविजन ऑफ ऑटोमैटिक फ्यूज चेंजओवर एंड अलार्म सिस्टम एट 15 स्टेशन्स ऑफ जीसी .। एंड जीसी. II सेक्सन ईन डीडीयू डीविजन।

**अब इसे निम्नांकित पढ़ा जाय:** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है।

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०

पीआर/1733/डीडीयू/एसएण्डटी/कोरिजेन्डम/25-26/20

## पूर्व रेलवे

**एनआईटी सं.: 257_2025-26 और 258_2025-26, दिनांक 02.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 257_2025-26, कार्य का विवरण :** एईएन/लिलुआ के अधीन तारकेश्वर–बिष्णुपुर शाखा लाइन में एलएचएस नं. 26, 28 एवं 32 में शेड कार्य पूरा करने के संबंध में शेष कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,64,87,621.77, **बयाना राशि:** रु. 3,82,400/–, **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 258_2025-26, कार्य का विवरण :** (i) एईएन/लिलुआ के अधीन एसएसई/वर्क्स/बाली की शाखा में दियारा–जीएनजेपी (तारकेश्वर शाखा लाइन) से पीएफ शेड के सुदृढ़ीकरण एवं पेंटिंग का प्रावधान। (ii) एडीईएन/बैण्डेल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बैण्डेल की शाखा में रेलवे कॉलोनी बैण्डेल में क्वार्टरों का बाहरी एवं अंदरूनी नवीनीकरण, वीएटी, दरवाजों एवं खिड़कियों को बदलने का कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,29,97,720.25, **बयाना राशि:** रु. 3,15,000/–, **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-582/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# कोंच में बना मिनी स्टेडियम, अब युवाओं को खेल के लिए सरकारी प्रोत्साहन की दरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड के आंती एवं कोंच क्षेत्र में मिनी स्टेडियम का निर्माण हो जाना स्थानीय युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इन स्टेडियमों के निर्माण से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन समय बीतने के बावजूद खेलों को लेकर अपेक्षित गतिविधियां शुरू नहीं हो सकी हैं। स्थानीय युवाओं का कहना है कि केवल स्टेडियम बना देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकार को खेल के प्रति युवाओं को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का मानना है कि यदि सरकारी स्तर पर नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तो ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ाने की ठोस व्यवस्था होनी चाहिए। इससे न केवल युवाओं का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र से प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी सामने आएंगे। युवाओं ने यह भी मांग की है कि स्टेडियमों में प्रशिक्षित कोच, खेल सामग्री और नियमित अभ्यास सत्र की व्यवस्था की जाए। इससे खेल को करियर के रूप में अपनाने की सोच मजबूत होगी। कुल मिलाकर कोंच प्रखंड में खेल संरचना तो तैयार है, अब जरूरत है सरकार और खेल विभाग की सक्रिय पहल की। ताकि मिनी स्टेडियम वास्तव में युवाओं के सपनों का मैदान बन सकें।

संपादकीय

# बजट : तस्वीर उतनी उजली नहीं

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश अपने नौवें वार्षिक बजट में दीर्घावधि विकास के जो सपने दिखाए गए हैं और वर्तमान में देश की जो आर्थिक हालत है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि तस्वीर उतनी उजली नहीं है, जितनी कि बताने की कोशिश की गई है। विपक्षी कांग्रेस ने तो इसे 'अंधा बजट' बताते हुए कहा कि इसमें मूल समस्याओं और जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया गया है। साथ ही रोजगार, विकास और आर्थिक सर्वे को नजरअंदाज किया गया है। अगर कांग्रेस की प्रतिक्रिया को विपक्ष की अपेक्षित प्रतिक्रिया मानकर दरकिनार करें तो भी केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के मातृ संगठन आरएसएस से जुड़े संगठन भारतीय मजदूर संगठन और भारतीय किसान संगठन ने भी बजट को लेकर निराशा जताई है। उनका कहना है कि बजट में मजदूर और किसानों के लिए कुछ नहीं है। जाहिर है कि इस बजट में रेवड़ी बांटने जैसा कुछ भी नहीं है। कुछ विशेषज्ञों की नजर में यह बजट बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साल 2014 में जारी घोषणा पत्र की तरह वायदों का पुलिंदा है। बजट में अधिकांश योजनाओं का साल दो साल में तो अर्थव्यवस्था पर कोई असर दिखता प्रतीत नहीं होता। इसकी वजह दुर्लभ खनिज गलियारे से लेकर नए जलमार्गों के विकास तक लगभग सभी बड़ी परियोजनाओं के लागू होने की अवधि खासी लंबी होना है। इसी तरह रोजगार संवर्धन के दावे वाली पर्यटन सुविधाओं के विस्तार एवं उनके लिए टूरिस्ट गाइड आदि के प्रशिक्षण एवं पैरा मेडिकल सेवाओं के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं की स्थापना अथवा विस्तार एवं क्लाउड कंप्यूटिंग नेटवर्क के विस्तार के लिए स्वदेशी डेटा सेंटरों की स्थापना संबंधी घोषणाओं के लागू होने में लंबा समय लगने की आशंका है।

यह सही है कि बजट की अधिकतर घोषणा अर्थव्यवस्था में दूरगामी परिवर्तनों की नीयत से की गई हैं जिनसे अगले वित्त वर्ष में तो कोई रोजगार बढ़ने अथवा पूंजी निवेश में तेजी आने की संभावना दिखाई नहीं देती। कुछ लोगों का तो यह भी मानना है कि बजट में की गई ज्यादातर घोषणाएं वर्ष 2029 के आम चुनाव के मद्देनजर की गई प्रतीत होती हैं। इस राजनीतिक गुणाभाग से हटकर आर्थिकी की कसौटी पर कसें तो बजट का सीधा गणित यह है कि वर्ष 2026-27 के केन्द्रीय बजट में कुल 53 लाख 47 हजार 315 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। इसका 24 फीसदी सरकार कर्ज लेकर जुटाएगी। बाकी रकम टैक्स और गैर कर स्त्रोतों से आएगी। सरकार जो खर्च करेगी, उसमें 20 फीसदी हिस्सा तो कर्ज चुकाने में जाएगा। 22 फीसदी भाग उगाहे गए कर्ज में से राज्यों का हिस्सा देने के रूप में, 11 प्रतिशत रक्षा खर्च और दो प्रतिशत केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन पर खर्च होगा। इसके अलावा केन्द्र सरकार के अपने प्रशासनिक खर्च भी हैं। इन सब के बाद पूंजीगत निवेश के लिए लगभग 17 लाख करोड़ रू. बचेंगे। केन्द्र सरकार अगले वित्त वर्ष में लगभग 17 लाख करोड़ के नए कर्ज लेगी। फिर भी 4.3 फीसदी का राजकोषीय घाटा बाकी रहेगा। हालांकि यह घाटा निर्धारित सीमा के भीतर ही रहेगा। मुद्दा यह है कि यदि देश का चौथाई बजट कर्ज चुकाने में खर्च हो रहा हो तो समझा जा सकता है कि देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है। पिछले साल भी सरकार ने 14 लाख करोड़ रू. का कर्ज लिया था। इस बार 3 लाख करोड़ रू. का ज्यादा कर्ज लेगी। इसका सीधा मतलब है कि सरकार कर्जा चुकाने के लिए भी कर्ज ले रही है। मप्र सहित ज्यादातर राज्य सरकारों की भी यही स्थिति है। जिस तेजी से कर्ज लिया जा रहा है, राजस्व संग्रहण उतना बढ़ नहीं पा रहा है। ऊपर से रेवड़ियां बांटनी पड़ रही हैं।

# बदलता बांग्लादेश: चुनावों का भारत पर असर

**बांग्लादेश एक लंबे और हिंसक संघर्ष के बाद अब आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। सबसे पहले वहाँ एक अलोकतांत्रिक और दमनकारी सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन हुआ। इसके बाद करीब 18 महीनों तक ऐसा दौर चला, जब शासन कमजोर रहा और कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ती चली गई। अब देश 12 फ़रवरी को होने वाले अपने 13वें संसदीय चुनाव की ओर बढ़ रहा है। इसी दिन एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह भी कराया जाएगा, जिसमें देश की जनता पाँच अहम सवालों पर अपनी राय देगी। यह जनमत संग्रह संविधान में बदलाव से जुड़ा है, जिसकी माँग खास तौर पर युवाओं के आंदोलन से उठी थी।**

**अंशुमान**

तमाम उतार-चढ़ाव के बाद अगस्त 2024 के बाद से बांग्लादेश में कई सामाजिक और राजनीतिक दरारें साफ़ दिखने लगी हैं। एक बार फिर से लोगों की पहचान से जुड़े सवाल फिर से चर्चा में आ गए हैं और अलग-अलग तरह के राष्ट्रवादी विचार खुलकर सामने आने लगे हैं। ऐसे माहौल में उम्मीद की जा रही है कि एक चुनी हुई सरकार देश को राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता की ओर ले जाएगी।

वैश्विक स्तर पर राजनीति पर नज़र रखने वाले जानकारों का भी मानना है कि यह चुनाव बिल्कुल आसान नहीं होने वाला है। चुनाव से पहले जिस तरह की हिंसा और तनाव देखने को मिल रहा है, उससे साफ़ संकेत मिलता है कि मुकाबला कड़ा और बेहद तीखा होगा। देश के करीब 12.7 करोड़ मतदाता, 300 संसदीय सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे लगभग 2000 उम्मीदवारों में से अपने प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। लेकिन असल सच्चाई यह है कि अवामी लीग के चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो जाने के कारण देश का राजनीतिक संतुलन पूरी तरह बदल गया है। इस वजह से अब यह चुनाव मुख्य रूप से दो पुराने सहयोगी दलों बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी यानी जेआई के बीच सीधी और निर्णायक लड़ाई बन गया है।

इन सबके बीच बीएनपी के वरिष्ठ नेता और पार्टी नेतृत्व के उत्तराधिकारी तारिक रहमान पिछले महीने ढाका लौटे। उनके लौटने पर पार्टी समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बांग्लादेश के लिए अपनी योजना सामने रखी और लोगों से राष्ट्रीय एकता की अपील की, ताकि जनता की उम्मीदों को पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों से समान दूरी बनाए रखने की बात कही। मौजूदा राजनीतिक हालात में यह एक अहम संदेश माना जा रहा है। बीएनपी का चुनावी नारा सबसे पहले बांग्लादेश आम लोगों की भावनाओं को अच्छी तरह दर्शाता है। हालांकि यह भी सही है कि पिछले 17 वर्षों से सत्ता और राजनीति के हाशिये पर रही इस पार्टी के लिए वापसी आसान नहीं है और इसके सामने कई मुश्किलें हैं। खुद को राजनीति के बीच वाले रास्ते यानी मध्यमार्गी विकल्प के रूप में पेश करने के लिए बीएनपी ने 10 दलों के गठबंधन का नेतृत्व करते हुए जमात-ए-इस्लामी से दूरी बनाने का फैसला किया। दूसरी



ओर, जमात-ए-इस्लामी, जो एक धार्मिक राजनीतिक दल है, अंतरिम सरकार के आने के बाद फिर से मजबूत हुई है। अब वह मुख्यधारा की राजनीति में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश कर रही है। जमात को लगता है कि यह उसके लिए एक बड़ा मौका है, क्योंकि आने वाले समय में शायद उसे ऐसा अवसर फिर न मिले। इसी कारण उसने इस चुनाव में अवामी लीग को भाग लेने की अनुमति न देने की खुलकर मांग की, जबकि बीएनपी का रुख इस मुद्दे पर उतना सख्त नहीं रहा। पिछले कुछ महीनों में हुए विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनावों में अच्छी जीत के बाद जमात को भरोसा है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मौजूदगी मजबूत कर सकती है। जमात एक संगठित और आर्थिक रूप से मजबूत पार्टी है और वह 11 दलों के एक अलग गठबंधन का नेतृत्व कर रही है। इसमें नई पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) भी शामिल है। इससे युवाओं के बीच उसकी छवि जरूर बनी है, लेकिन जिन 32 सीटों पर यह पार्टी चुनाव लड़ रही है, वहाँ बड़ी जीत की उम्मीद कम ही जताई जा रही है। जमात का नारा 'चलो मिलकर बांग्लादेश बनाएँ' उसकी अपेक्षाकृत साफ़ और भ्रष्टाचार-मुक्त छवि पर ज़ोर देता है। लेकिन महिला उम्मीदवारों की पूरी तरह कमी और महिलाओं से जुड़े उसके सख्त विचार उसकी बड़ी कमजोरी हैं।

हालाँकि जमात के कुछ नेताओं ने भी प्रगतिवादी कदम के रूप में महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए दफ्तरों में डे-केयर सेंटर और स्तनपान कक्ष जैसी सुविधाएँ देने की बातें कही हैं, लेकिन इन सबके बावजूद शहरी इलाकों और मध्यम वर्ग के मतदाता को भरोसेमंद नहीं मानते बल्कि उन्हें संदिग्धता से देखते हैं। जबकि देश की लगभग दो-तिहाई संसदीय सीटें शहरी क्षेत्रों में ही हैं। मीडिया सर्वे यह दिखाते हैं कि जमात को मिलने वाला समर्थन कुछ हद तक बढ़ा ज़रूर है, लेकिन अब भी वह बड़े पैमाने पर लोगों का भरोसा नहीं जीत पाई है। जमात को बीएनपी के साथ पुराने गठबंधन का फायदा मिल सकता है, खासकर उन सीटों पर जहाँ पहले बीएनपी ने उसे चुनाव लड़ने दिया था। सबसे बड़ा पहलू है अल्पसंख्यकों का और इसी को ध्यान रखते हुए और अल्पसंख्यकों का भरोसा जीतने की कोशिश में जमात ने दो हिंदू उम्मीदवार भी उतारे हैं। लेकिन अल्पसंख्यक मतदाता वास्तव में उसका समर्थन करेंगे या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। क्योंकि दबाव और डर का इस्तेमाल, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ, अब भी कई पुराने और अनुभवी नेताओं का तरीका बना हुआ है।

विगत दिनों पर पीछे जाने पर बीएनपी की छवि भी हाल के महीनों में बहुत साफ़ नहीं रही है। कई बार स्थानीय स्तर पर जबरन वसूली और रिश्वतखोरी की खबरें सामने आई हैं। पार्टी के अंदर भी असंतोष है, क्योंकि पुराने नेताओं की जगह नए चेहरों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा, 72 सीटों पर पार्टी से निकाले गए बीएनपी नेता स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, जिससे वोट बँटने की संभावना बढ़ गई है। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई सीटों पर मुकाबला बीएनपी और उसके ही पूर्व नेताओं के बीच होगा। हालांकि इस बार माना जा रहा है कि लोग पार्टी के चुनाव चिन्ह से ज़्यादा उम्मीदवार की व्यक्तिगत छवि को देखकर वोट देंगे।

इस चुनाव में सबसे दिलचस्प यह देखना होगा कि इस बार बांग्लादेश में युवा और पहली बार वोट डालने वाले मतदाता कुल मतदाताओं का लगभग 35 प्रतिशत हैं और 2024 के आंदोलन, जवाबदेही की माँग और अच्छे शासन की उनकी अपेक्षाओं को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि उनका झुकाव किस ओर होगा। जातीय पार्टी आमतौर पर कम सीटें जीतने के बावजूद सत्ता में आने वाले गठबंधन का साथ देती रही है। इस बार नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट नाम से एक नया गठबंधन बना है, जिसमें जातीय पार्टी के दो गुट शामिल हैं। इन सबके बीच जीएम क़ादेर के नेतृत्व वाला गुट इससे बाहर है, जिससे चुनाव और भी अनिश्चित हो गया है।

हालाँकि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने प्रगतिशीलता दिखाते हुए पहली बार विदेशों में रहने वाले करीब चार लाख बांग्लादेशी नागरिकों को पोस्टल बैलेट के ज़रिए वोट देने की सुविधा दी है। इस बार मतदान इलेक्ट्रॉनिक मशीनों से नहीं, बल्कि कागज़ी बैलेट से किया जाएगा। यह चुनाव केवल देश की अंदरूनी राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर बांग्लादेश के दूसरे देशों के साथ रिश्तों पर भी पड़ेगा।

इन सबके बीच यह एकदम साफ है कि भारत के लिए भी मौजूदा हालात आसान नहीं हैं। पिछली बीएनपी सरकार के दौरान भारत को सुरक्षा से जुड़ी कई चिंताएँ थीं, जिन्हें वह अब भी नहीं भूला है। वहीं जमात-ए-इस्लामी का रुख खुलकर भारत विरोधी रहा है जो एक चिंता का विषय हो सकता है। हालाँकि हाल के महीनों में कई बांग्लादेशी नेताओं ने भारत के साथ रिश्ते बेहतर करने की बात कही है, लेकिन भारत की नीतियों से नाराज़ समूहों से निपटना नई सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगा। अवामी लीग के 15 साल के शासन और उसके बाद के पिछले 18 महीनों के अनुभवों ने बांग्लादेश में भारत के खिलाफ भावनाओं को और तेज किया है। भारत इन चुनावों को पूरी तरह समावेशी नहीं मानता। अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग की राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगाए जाने से दिल्ली और ढाका के रिश्तों में दूरी बढ़ी है। हाल ही में भारत के विदेश मंत्री का खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होना बांग्लादेश में सकारात्मक रूप से देखा गया, लेकिन उनका यूनुस से मुलाकात न करना चर्चा का विषय बना रहा। इसके बाद क्रिकेट से जुड़ा एक विवाद सामने आया। फिर भारत द्वारा पूर्व अवामी लीग नेताओं को मीडिया से बातचीत की अनुमति देना जिसमें एक कार्यक्रम के दौरान शेख हसीना का ऑनलाइन शामिल होना भी शामिल था, स्थिति को और बिगाड़ गया।

अध्यात्म

## एक लकड़ी का कटोरा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। उम्र के इस पड़ाव पर वह अत्यंत बूढ़ा पड चुका था, उसके हाथ कांपते थे और दिखाई भी कम देता था। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। कभी मटर के दाने उसकी चम्मच से निकल कर फर्श पे बिखर जाते तो कभी हाँथ से दूध छलक कर मेज पर गिर जाता।

बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे पर अब उन्हें अपने पिता के इस काम से चिढ़ होने लगी।

लड़के ने कहाः हमें इनका कुछ करना पड़ेगा।

बहु ने भी हाँ में हाँ मिलाई और बोलीः आखिर कब तक हम इनकी वजह से अपने खाने का मजा किरकिरा करेंगे, और हम इस तरह हमारी चीजों का नुकसान होते हुए भी नहीं देख सकते।

अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो।

बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। ताकि अब और बर्तन ना टूट-फूट सकें। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते और जब कभी-कभार उस बुजुर्ग की तरफ देखते तो उनकी आँखो में आंसू दिखाई देते। पर यह भी देखकर बहु-बेटे का मन नहीं पिघलता, वो उनकी छोटी से छोटी गलती पर ढेरों बातें सुना देते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता।

एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो पिता ने पूछा,

बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

# शिक्षण संस्थानों में 'यूजीसी' के नए वैधानिक प्रयास

**यूजीसी ने हाल में प्रस्तावित 'उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव का उन्मूलन' नियम-2026 ने देशव्यापी वैचारिक घमासान छेड़ दिया। शिक्षा का प्रांगण वह नर्सरी है जहां राष्ट्र का भविष्य गढ़ा जाता है। यदि इसी आधारशिला में भेदभाव की दरारें दिखें, तो पूरे राष्ट्र का ढांचा डगमगा सकता है। जहां सरकार का लक्ष्य कैंपस को समावेशी और सुरक्षित बनाना है, वहीं इन नियमों के कुछ विशिष्ट प्रावधानों ने छात्र संगठनों और शिक्षकों में गहरा आक्रोश पैदा किया है। लोकतंत्र में नीतियों पर सवाल उठाना केवल आंदोलन नहीं, बल्कि सुधार की अनिवार्य प्रक्रिया है।**

**डॉ. सुधीर कुमार**

जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के पावन उद्देश्य से लाए गए 'यूजीसी भेदभाव-विरोधी नियम 2026' वर्तमान में समावेशिता के बड़े दावों और कानूनी अस्पष्टता के भंवर में फंस गए हैं। यदि हम इन नियमों के सकारात्मक पक्ष का अवलोकन करें, तो 'इक्विटी सेल' का गठन और 'एंटी-डिस्क्रिमिनेशन ऑफिसर' की नियुक्ति जैसे कदम निस्संदेह स्वागत योग्य हैं। ये प्रावधान कैंपस में उस जवाबदेही को संस्थागत रूप देते हैं, जिसकी कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह पहल एक ऐसा सुरक्षा कवच प्रदान करने का प्रयास करती है जहाँ हर छात्र, चाहे उसका सामाजिक स्तर कुछ भी हो, खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

विवाद की मुख्य जड़ 'जाति' की संकुचित परिभाषा (नियम 3 सी) मेंनिहित है, जिसने सामाजिक ध्रुवीकरण को जन्म दिया है। जहाँ सामान्य वर्ग का तर्क है कि 'भेदभाव' किसी भी जाति के साथ हो सकता है और इसके दायरे में सभी को शामिल किया जाना चाहिए, वहीं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग में यह असुरक्षा है कि ओबीसी को समान श्रेणी में रखने से उनका 2012 के नियमों वाला विशेष संवैधानिक संरक्षण कमजोर हो जाएगा। यह स्थिति दर्शाती है कि सामाजिक न्याय जैसे संवेदनशील विषयों पर केवल सुधारवादी मंशा पर्याप्त नहीं है; इसके लिए व्यापक सर्वसम्मति, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और स्पष्ट वैधानिक परिभाषाओं का होना अनिवार्य है। छात्रों और शिक्षाविदों का मुख्य तर्क यह है कि प्रस्तावित नियमों में प्रयुक्त कुछ शब्दावलियां और प्रक्रियाएं कैंपस की स्वायत्तता को गंभीर चोट पहुँचा सकती हैं। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि नियमों का वर्तमान स्वरूप जमीनी हकीकत से कोसों दूर है और यह वास्तविक न्याय के बजाय एक 'प्रशासनिक खानापूर्ति' या 'कागजी प्रक्रिया' बनकर रह जाएगा।

असंतोष की जड़ें उस ऐतिहासिक अविश्वास में हैं, जहाँ पीड़ित अक्सर न्याय के बजाय जटिल प्रक्रियाओं के जाल में उलझ कर रह जाता है। छात्रों की मांग केवल प्रतीकात्मक विरोध नहीं, बल्कि एक ऐसी पारदर्शी और निष्पक्ष प्रणाली की है जहाँ शिकायतकर्ता को प्रशासन के दमन का भय न हो। सामाजिक न्याय के समर्थकों का यह तर्क भी महत्वपूर्ण है कि कैंपसों में जातिगत भेदभाव आज भी एक कड़वी हकीकत है। ऐसे में, सुरक्षात्मक नियमों को लचीला बनाना 'संवैधानिक गारंटी' के साथ विश्वासघात करने जैसा होगा। एक विश्वविद्यालय की आत्मा उसके शिक्षक और वहां की अकादमिक स्वतंत्रता में बसती जिन पर शोध और शिक्षण का पूरा दारोमदार होता है। किसी भी नए नियम का प्राथमिक उद्देश्य उन्हें 'अपराधी' की तरह कटघरे में खड़ा करना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा स्पष्ट ढांचा प्रदान करना होना चाहिए जिससे वे अपने संस्थान को एक आदर्श और न्यायपूर्ण समाज का छोटा स्वरूप बना सकें।

समानता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 17 का प्राण है। न्यायपालिका ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि शिक्षण संस्थानों में भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। यहाँ 'विशाखा बनाम राजस्थान राज्य' (1997) के ऐतिहासिक फैसले का उल्लेख करना प्रासंगिक है। यद्यपि वह मामला कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया था कि जहाँ कानून मौन या अस्पष्ट है, वहां संस्थानों को अपनी आंतरिक मार्गदर्शिका और समितियां बनानी चाहिए।

केएस पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ (2017) (निजता का अधिकार) मामले में अदालत ने व्यक्ति की 'गरिमा' को मौलिक अधिकारों में सर्वोपरि माना था, और यूजीसी के 2026 के नियम इन्हीं संवैधानिक मूल्यों को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक साहसी प्रयास हैं। पूर्व की 'थोरत समिति' की रिपोर्ट और 'रोहित वेमुला' व 'डॉ पायल तड़वी' प्रकरण के बाद उपजी राष्ट्रीय संवेदनाओं ने यह अनिवार्य कर दिया था कि नियम केवल कागजी घोषणाएं न हों, बल्कि उनमें जवाबदेही और दंडात्मक प्रावधानों का एक स्पष्ट खाका मौजूद हो। यदि वर्तमान परिस्थितियों में सरकार इन नियमों को वापस लेने या संशोधित करने पर विचार कर रही है, तो इसे नीतियों की विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसके विपरीत, इसे एक 'न्यायिक और लोकतांत्रिक सुधार' की उस सतत प्रक्रिया के रूप में देखा जाना चाहिए जो समाज की बदलती जरूरतों और व्यापक विमर्श के साथ खुद को परिष्कृत करती है।

वर्तमान में यूजीसी नियमों को लेकर उपजे विवाद और गतिरोध को दूर करने के लिए दंडात्मक दृष्टिकोण के बजाय सुधारात्मक मार्ग अपनाना कहीं अधिक प्रभावी सिद्ध होगा। इसके लिए सबसे अनिवार्य कदम नियमों की परिभाषा में पूर्ण स्पष्टता लाना है, ताकि एक प्रोफेसर द्वारा किए गए 'अकादमिक मूल्यांकन' और 'जातिगत भेदभाव' के बीच का अंतर स्पष्ट रहे और शैक्षणिक आलोचना को भेदभाव का रंग न दिया जा सके। साथ ही, इन नियमों की सफलता के लिए स्वतंत्र आंतरिक समितियों की विश्वसनीयता सर्वोपरि है, जिसमें केवल प्रशासन ही नहीं बल्कि बाहरी विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और पारदर्शी तरीके से चुने गए छात्र प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि 'हितों के टकराव' की संभावना न रहे।

'न्याय में देरी, न्याय न मिलने के बराबर है' के सिद्धांत पर चलते हुए, किसी भी शिकायत का निपटारा अधिकतम 30 दिनों की समयबद्ध सीमा में होना चाहिए, जिससे पीड़ितों का भरोसा बढ़े और झूठी शिकायतों पर अंकुश लगे। अंततः केवल दंड के भय से समाज को नहीं बदला जा सकता; इसके लिए कैंपसों में निरंतर अंतराल पर जातिगत, सामाजिक और लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यशालाएं अनिवार्य की जानी चाहिए ताकि शिक्षकों और छात्रों के मन में एक-दूसरे के प्रति स्वाभाविक सम्मान का भाव जागृत हो सके।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केंद्र सरकार इन नियमों में बड़े संशोधनों या इन्हें वापस लेने पर विचार कर रही है। इसे प्रशासन की 'हार' के बजाय एक 'संवेदनशील और उत्तरदायी सरकार' के परिपक्व लक्षण के रूप में देखा जाना चाहिए। लोकतंत्र की खूबसूरती ही इसमें है कि नीतियों को जनभावनाओं के अनुरूप पुनर्विचार के लिए खुला रखा जाए।

यूजीसी का यह पूरा प्रकरण हमें एक बड़ा पाठ सिखाता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी युगांतकारी परिवर्तन बिना प्रमुख हितधारकों (छात्र, शिक्षक और प्रशासन) के सक्रिय परामर्श के सफल नहीं हो सकता। समानता का मार्ग सड़कों पर संघर्ष से नहीं, बल्कि मेज पर बैठकर किए गए सार्थक संवाद से ही प्रशस्त होता है। यदि सरकार एक नई 'सर्वपक्षीय ड्राफ्टिंग कमेटी' का गठन कर शिक्षाविदों और छात्र प्रतिनिधियों को इसमें स्थान देती है, तो यह भारतीय उच्च शिक्षा के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा अंतिम लक्ष्य एक ऐसा प्रबुद्ध भारत बनाना है जहाँ किसी भी युवा की जाति, धर्म या लिंग उसकी प्रतिभा के मार्ग में रोड़ा न बने और न ही किसी शिक्षक की गरिमा पर कोई आंच आए। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति को होता हुआ दिखना भी चाहिए। अब समय है कि हम 'दबाव' की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर 'दस्तावेज' की दूरदर्शी राजनीति करें, जहाँ नियमों का हर शब्द एक समावेशी और समतामूलक भारत की तस्वीर पेश करे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग करने से बचें।

**वृषभ**
आज धन उधार देने से बचें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर जल्दबाजी न करें। घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है।

**मिथुन**
आपके व्यवहार से सहकर्मी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता की लोग प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक कार्यक्रमों में आप अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं।

**कर्क**
आपकी दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। आलस्य के कारण कुछ काम रुक सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिये अत्यधिक अनुकूल रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति अति उत्तम रहेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनन्द लेंगे।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। परिवार के सदस्यों की चिन्ता रहेगी। सरकारी कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**तुला**
आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी का अनादर न करें। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान मिल सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन शान्तिपूर्वक बितायें। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। विवादित मामलों में फँस सकते हैं।

**धनु**
भाई-बहनों के साथ सम्बन्ध बेहतरीन रहेंगे। परिवार के प्रति भावुक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति मजबूत होगी। व्यवसाय में आय बढ़ने से मन हर्षित रहेगा।

**मकर**
घर और कार्यक्षेत्र में कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**कुंभ**
आपकी कोई बहुप्रतीक्षित इच्छा आज पूरी हो सकती है। आय के साथ खर्च भी बढ़ने की सम्भावना है। गुप्त तरीके से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन**
आज धन खर्च करने के बजाय आपको बचत करनी चाहिये। प्रभावशाली लोगों को अपयश का सामना करना पड़ सकता है। गलत कार्यों और संगति से दूर रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### छापेमारी के दौरान देसी कट्टा गोली बरामद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ पुलिस ने गुलाबबाग लहेरियापोखर स्थित विकास कुमार उर्फ गोंगा पिता सोना यादव के घर पर छापेमारी की। इस दौरान उसके घर से देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस ने सब इंस्पेक्टर जयप्रकाश ठाकुर के बयान पर विकास कुमार पर केस दर्ज किया है।

### आईफोन बेचने के नाम पर कट्टा दिखाकर लूट लिया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक रेलवे स्टेशन के पास सुमति कुमार को सस्ते में आईफोन 15 मोबाइल बेचने का झांसा देकर अपराधियों ने बुलाया और देसी कट्टा भिड़ा कर 25 हजार रुपए तथा दो मोबाइल लूट लिये। इस संबंध में पुलिस ने पीड़ित के भाई विकास कुमार के बयान पर थाने में केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ भदौर पुलिस ने खजुरार गांव में चोरी का पंपिंग सेट बरामद किया है ।इस संबंध में किसान उमा कुमार के बयान पर थाने में केस दर्ज कराया गया था। इसमें किशोर सहित तीन लोगों को नामजद किया गया था।

### मदरसा सईदया में जलसा दस्तारबंदी का आयोजन

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदरसा सईदया, पालीगंज में मौलाना एहसान कासमी नाजीम की अध्यक्षता में जलसा दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौलाना अनीसुर्रहमान कासमी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मौलाना मुफ्ती सादुल नजीब (दार्जिलिंग), मौलाना अब्दुल रहमान कासमी (पटना) और मौलाना सिविल कासमी (पटना) सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कुरान शरीफ को कंठस्थ याद कर हाफिज बनने वाले छात्रों-हाफिज मोहम्मद तौफीक, हाफिज अब्दुल रहमान, हाफिज मोहम्मद परवेज आलम, हाफिज मोहम्मद तंजीम, हाफिज मोहम्मद अमीर, हाफिज मोहम्मद आयाज, हाफिज मोहम्मद आसिफ और हाफिज अतिकुर रहमान-को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। जलसे में आए अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज सुधार, शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर जोर देते हुए लोगों को आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### मसौढ़ी, धनरूआ, नदौल फीडर आज रहेगा बंद

**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुराना, धनरूआ भैसवां,एवं नदौल फीडर की बिजली आपूर्ति आज बाधित रहेगी, सुबह 11:00 बजे से 5:00 तक बिजली बाधित रहने की घोषणा बिजली कार्यालय की ओर से की गई है, बिजली एसडीओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विभिन्न फिडरों में चल रहे मेंटेनेंस की कार्य को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसके साथ ही बिजली उपभोक्ताओं से गुजारिश की गई है कि सुबह 11:00 से पहले पानी का भंडारण अन्य आवश्यक कार्य कर ले, ताकि सुबह 11:00 से लेकर 5:00 तक के बीच में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। बहरहाल तकरीबन 8 पंचायत में गुरुवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, जिम मसौढी पुराना फीडर जो जहानाबाद रोड के पूरे इलाके में जो भैंसवां तक है के फीडर में मेंटेनेंस के कार्य होगा, वही धनरूआ में कोल्हाचक तक के फीडर में मेंटेनेंस कार्य होना है वहीं नदौल फीडर में मेंटेनेंस का कार्य किए जाने हैं। इन फिडरों में चल रहे मेंटेनेंस कार्य को लेकर बिजली विभाग ने सभी बिजली उपभोक्ताओं से गुजारिश की है कि सुबह 11:00 से पहले ही पानी का भंडारण कर ले।

### अवैध खनन मामले में एक ट्रक जप्त

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध खनन मामले में खनन विभाग ने करवाई करते हुए एक ट्रक को जप्त कर थाना के हवाले कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि खनन विभाग के निरीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर ट्रक मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।आवेदन के अनुसार विभाग को बिना सूचना के ही थाना क्षेत्र के जमालपुर पेट्रोल पंप के निकट मिट्टी खनन और भंडारण कार्य किया जा रहा था।इस क्रम में मौके पर पहुंची खनन विभाग की टीम ने अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रक को कब्जे में लेकर थाना पुलिस को सौंप दिया।

### तारेगना रेलवे दक्षिणी गुमटी के पास चला आरपीएफ का बुलडोजर, कई झोपड़ीनुमा दुकानें ध्वस्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर तरेगना रेलवे दक्षिणी गुमटी के पास रेलवे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आरपीएफ ने सख्त कदम उठाया है। जहाँ मंगलवार की देर शाम को विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान में रेल भूमि पर अवैध रूप से संचालित कई झोपड़ी नुमा दुकानों को बुलडोजर की मदद से हटा दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल की इस कार्रवाई से लंबे समय से रेलवे की जमीन पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आरपीएफ प्रभारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण करना कानूनन अपराध है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी ने दोबारा रेल भूमि पर दुकान, या अस्थायी निर्माण किया, तो न सिर्फ उसका सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई भी की जाएगी। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण रेल परिचालन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। इन्हीं कारणों से यह विशेष अभियान चलाया गया।



### एक दिवसीय धरना के समर्थन देकर विधायक भी हुए शामिल

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को मनेर के हल्दी छपरा संगम घाट पर गांव के किसानों और ग्रामीणों ने लगातार गंगा नदी से हो रहे कटाव को रोकने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना में काफी संख्या में मनेर नगर ग्रामीण इलाकों के समाजसेवी किसान व बुद्धिजीवी शामिल हुए। वही कटाव को लेकर चल रहे धरना का समर्थन करते हुए मनेर की विधायक भाई वीरेंद्र, नगर परिषद सभापति विद्याधर विनोद और पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह धरना में शामिल हो गए। इस दौरान विधायक भाई वीरेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार मनेर के साथ हमेशा सोतेलापन रवेया अपना रही है। जिसके कारण मनेर के हल्दीछपरा में गंगा नदी से हो रहे लगातार कटाव को रोकने के लिए सरकार और प्रशासन का सहयोग ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। लगातार हो रहे कटाव के कारण किसानों के खेती योग्य जमीन हर रोज गंगा नदी में ढहकर विलीन हो रही है। अगर लगातार यही हाल रहा तो कुछ दिनों में गंगा नदी हल्दी छपरा के कई टोले के समीप पहुंच जाएगा। और लगातार काटा होने के कारण गंगा नदी में हल्दी छपरा समा जाएगी। ग्रामीणों ने मंत्री से लेकर पदाधिकारी तक लिखित रूप से इसकी जानकारी देते हुए अवगत करा चुके हैं।

# जीविकोपार्जन योजना के तहत अति गरीब परिवारों के बीच उन्नत बकरी पालन हेतु सामग्री का वितरण




**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अधिकार संकुल संघ जीविका मसौढ़ी के अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत चयनित अति गरीब परिवारों के बीच उन्नत बकरी पालन एवं पोषण संवर्धन के उद्देश्य से आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जीविका एवं आगा खान फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से अधिकार संकुल संघ, निशियावां परिसर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान बकरी के समुचित विकास एवं बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लाभुक परिवारों को संतुलित दाना मिश्रण, फीड (चारा), लीवर टॉनिक, मिनरल मिक्सचर सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर जीविका की ओर से प्रखंड जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी ने बकरी पालन के पाँच सूत्र आवास, पोषण, स्वास्थ्य, प्रजनन एवं बाजार पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं आगा खान फाउंडेशन की ओर से विनय रंजन एवं मुकेश कुमार ने बकरी के बेहतर रख-रखाव के लिए मचान प्रणाली को अपनाने पर जोर देते हुए दीदियों के घरों में मचान लगवाने की सलाह दी।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्धन एवं अति गरीब परिवारों को पशुपालन के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस क्रम में सभी लाभुक दीदियों को उन्नत बकरी पालन का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें पशु स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, टीकाकरण, उचित आवास व्यवस्था तथा उत्पादन बढ़ाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।सामग्री वितरण विवरण (प्रति लाभुक) में छोटा टब (नाद) - 4 पीस,बड़ा टब (नाद)- 1 पीस,दाना मिश्रण-15 किलोग्राम,नमक ईंट - 2 पीस, कीड़ा मार दवा - 2 पीस,केटोजाइम-2 पीस,लीवर टॉनिक- 2 पीस,मिनरल मिक्सचर- 1 किलोग्राम आदी रहा। कार्यक्रम में अधिकार संकुल संघ निशियावां की अध्यक्ष शर्मिला देवी, सचिव उमा देवी, टफ्ढ बबीता, रश्मि मेनका तथा पशु सखी सुषमा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मेले को लेकर नगर परिषद के नाम पर अवैध टैक्स वसूली में अब तक पांच केस दर्ज

**संवेदक सहित 25 नामजद, कई नाबालिक भी शामिल, 16 को जेल**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के उमानाथ माघी पूर्णिमा मेले में नगर परिषद के परिचय पत्र को दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधियों ने वाहन चालकों से मारपीट कर लाखों रुपए की वसूली की गई। इसका अब तक कोई भी हिसाब किताब नहीं किया गया है। इस मामले को लेकर पुलिस ने अब तक बाढ़ और एनटीपीसी थाना क्षेत्र में 6 केस दर्ज किया है। इसमें 25 लोगों को नामजद किया गया है। वही मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ में नहीं आया है। पूरे घटनाक्रम में बाढ़ नगर परिषद के लोग भी संलिप्त बताए जाते हैं। हैरत की बात यह है कि नाबालिक को भी दूसरे के नाम का फर्जी परिचय पत्र देकर पार्किंग टैक्स की वसूली कराई जा रही थी। पुलिस ने पूरे मामले को लेकर केस दर्ज करने के बाद नगर परिषद की कार्यशैली को लेकर भी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि इस मामले में वरीय पदाधिकारी की फटकार के बाद पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पहचान पत्र, रुपए तथा रसीद बरामद किए गए थे। बाढ़ और एनटीपीसी थाने की पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दो दिन पूर्व 12 लोगों को जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस को देखकर भागने के दौरान गिरकर दो कलेक्शन एजेंट गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। इस दौरान नगर परिषद की कार्यशाली पर सवालिया निशान लग गया है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद के परिचय पत्र को लेकर 100 से अधिक लोगों ने बेढ़ना, जलगोविंद और गुलाबबाग के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में माघी पूर्णिमा के अवसर पर आने वाले वाहनों से जमकर वसूली की। इस दौरान कई फर्जी रसीद भी चालकों को दिए गए। रुपए नहीं देने पर कई लोगों के साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद कार्रवाई शुरू की।

## रेल पटरियों पर बेवजह बैठना और रील बनाने को लेकर तारेगना रेल पुलिस एक्शन में



**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे पटरियों पर बेवजह बैठने, चलने या रील बनाने वालों के खिलाफ तारेगना जीआरपी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पटरियों पर अनधिकृत प्रवेश को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तारेगना विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया कि रेलवे अधिनियम की धारा 147 के तहत, रेलवे ट्रैक पार करना या उस पर बिना वजह बैठना एक दंडनीय अपराध है। इसके तहत दोषी को 6 महीने तक की जेल या 1000 रुपये तक का जुमार्ना (या दोनों) हो सकता है। बहरहाल पटना गया रेलखंड तारेगना स्टेशन सहित कई अन्य जगहों पर रेल ट्रैक पर रील बनाने वाले लोगों पर विशेष कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और आरपीएफ की टीमें लोगों को पटरियों के पास न बैठने और रेल लाइन पार करने के खतरों के बारे में जागरूक कर रही हैं।इसके अलावा तारेगना जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर रील बनाने वाले लोगों पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर प्लेटफार्म और रेल ट्रैक के पास फोटो,रील बनाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध रेल अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## किसानों के लिए पांच दिवसीय विशेष डिजिटल आईडी कैंप

**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार ने किसानों के हित में एक बार फिर से पांच दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जहां किसानों का एक केवाईसी और फॉर्मल आईडी बनाया जा रहा है. कृषि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मिलकर अब हर किसान को एक अलग डिजिटल पहचान देने जा रहे हैं. इस डिजिटल पहचान को फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाया जा रहा है। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सीधे मिल सकेगा। ऐसे में बिते 2 फरवरी से 6 फरवरी तक एक बार फिर से हर पंचायत में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार साह ने बताया कि अब तक 1670 किसानों का ई केवाईसी और 1370 किसानों का फॉर्म आईडी पिछले तीन दिनों में बनाया जा चुका है।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था पर माले की नुक्कड़ सभा



**दनियावां(पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती योगीपुर मोड़, हिलसा के पास माले की नुक्क्ड़ सभा आयोजित हुई। माले की इस सभा में बेटी बचाओ,बेटी पढाओ न्याय यात्रा में सैकड़ों महिला नौजवानों ने हिस्सा लिया। सभा की अध्यक्षता हिलसा माले प्रखंड सचिव अरुण यादव ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड मीना तिवारी ने कहा कि देश और बिहार के मुखिया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और न्याय के साथ विकास की बात करते हैं। लेकिन इस सरकार में दिन प्रतिदिन हत्या बलात्कार की घटनाएं चरम पर है जिसका जीता जागता उदाहरण शंभू हॉस्टल में नीट की छात्रा के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या ने बिहार की शासन व्यवस्था को तार-तार कर दिया है।अपराधियों की शिनाख्त करने के बजाय यह सरकार अपराधियों को बचाने में लगी हुई है। यह देश और प्रदेश के लिए एक भयंकर चिंता का विषय है।इस फेरहिस्त में छपरा में एएनएम छात्रा अंजलि पर हमला, प्रतिदिन महिलाओं के साथ बलात्कार की खबरें देखने को मिल रही है और सरकार इन अपराधियों के बीच बौना साबित हो रही है। इतना ही नहीं प्रदेश के मुखिया से लेकर देश के कुछ सांसद और विधायक के द्वारा महिलाओं पर दुर्व्यवहार के साथ अभद्र टिप्पणियां की जा रही है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाएं सरकार और अपराधियों का संगठित हिस्सा का परिणाम है। आज वक्त की मांग है कि देश की महिलाएं और छात्र नौजवान इस सरकार के खिलाफ उठ खड़े हो और आंदोलन के जरिए इस सरकार को शिकस्त दें। इस नुक्कड़ सभा को आइसा के राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी, सोहिल गुप्ता,रीता बर्णवाल, कुमार दिव्यम, कामरेड प्रिया, जिला सचिव सुरेंद्र राम, दिनेश कुमार यादव,संजय पासवान, चुन्नू चंद्रवंशी, शिव शंकर प्रसाद व अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## अंबेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अंबेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका थीम रहा 'यूनाइटेड बाय यूनिक'। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच के महत्व को समझाना तथा इससे जुड़े मिथकों को दूर करना था। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने कैंसर के प्रमुख कारणों, लक्षणों, जीवनशैली में सुधार, नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्रों को तंबाकू सेवन से दूर रहने, संतुलित आहार अपनाने, नियमित व्यायाम करने और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तर सत्र तथा जागरूकता शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अम्बेदकर ग्रुप ऑफ के चेयरमैन डॉ. कौशल कुमार गिरि ने अपने संदेश में कहा कि "कैंसर के प्रति जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। यदि हम समय रहते सही जानकारी और सावधानी अपनाएं तो इस बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने सभी से नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, व्यायाम और नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को कैंसर जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## स्प्रे कर महिला के कान से उचक्कों ने निकाला सोने का कर्णफूल

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को मनेर पोस्टऑफिस के पास तीन की संख्या में रहे उच्चको एक महिला को स्प्रे मारकर अर्धबेहोशी कर उसके कान से सोने के कर्णफूल ले लिया। लेकिन उच्चकों को जांच में कर्णफूल 1 मिली गोल्ड का पाया तो थोड़ी देर बाद वापस आकर गिरने का बहाना बनाकर महिला को लौटा दिया। महिला ने जब शोर मचाया तो तीनों उच्चके मौके से भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार किता चौहत्तर पूर्वी पंचायत के छिहत्तर गांव निवासी राजेन्द्र साव की पत्नी चंद्रावती देवी बुधवार को मनेर पोस्टऑफिस में अपने खाते की जांच के लिए आई हुई थी। खाता जांच के बाद डाकघर से जैसे ही गेट से निकली तो तीन उच्चको ने उन्हें घेर कर कहा आपका पैसा गिर गया है।

## मसौढी में भगवान शिव अचल प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर शोभायात्रा का आयोजन





**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के कैलूचक मोहल्ले में शिव अचल प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है, जिसको लेकर श्रद्धालु में काफी उत्साह देखते बन रहा है। ऐसे में बुधवार को कैलूचक देवी स्थान से मणीचक तालाब घाट तक हजारों की संख्या महिलाएं सर पर कलश रखकर कलश शोभा यात्रा निकाला, जहां मणीचक घाट से कलश में जल भरकर पुनः वापस यज्ञ स्थल पर पहुंचे, अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, उपमुख्य पार्षद चंद्रकांता कुमार आदि ने बताया कि गुरुवार को दैनिक पूजन और अग्निस्थापना कार्यक्रम होगा और शुक्रवार को भगवान शिव की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ एवं पूणार्हुति कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इस मौके पर पप्पू सिंह, हर्ष राज, रवि शर्मा, शत्रुघन कुमार, आयुष कुमार, राहुल चंद्रा, राजा कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे, वही नादौल में भी शिव मंदिर एवं काली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को अंगाधिवास दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया, शनिवार को रुद्राभिषेक हवन भंडारा होना है अध्यक्ष कालेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि नदौल गोला पर शिव मंदिर में काली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाना है।

## महिलाओं की समस्या सुनने के लिए बना तारेगना रेल थाने में महिला हेल्प डेस्क बंद



**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेल थाना में बिते 22 फरवरी 2023 को जब महिला हेल्प डेस्क की शुरूआत की गई थी,तब थाना पहुंचने वाली महिला फरियादियों के बिच शिकायतें उनकी समस्याओं को सुनने के लिए महिला पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति मे अपने आप को सहज महसूस कर रही थी। पहले पुरुष पदाधिकारी ही महिलाओं की शिकायतें सुनते थे, लेकिन कई ऐसे मामले भी होती थी, जिसको खुलकर महिलाएं पुरुष पदाधिकारी को बता नहीं पाती थी. इसको लेकर सरकार ने नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए शक्ति मिशन के तहत रेल थानों को में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की थी। लेकिन शुरूआत के महज कुछ ही महीनों मे महिला हेल्प डेस्क बंद कर दी गई। बताया जाता है की वह यूनिट किसी दूसरे थाने मे शिफ्ट कर दी गई है।महिला हेल्पडेस्क में महिला फरियादियों को कई तरह की सुविधा मिल रही थी।तारेगना रेल थाना में महिला हेल्प डेस्क इंचार्ज जो फिलहाल दुसरे जगह पोस्टिंग हो गई है। रानी कुमारी ने बताया कि तारेगना में महिलाओं की समस्याएं सुना जाता था, जहाँ कई फरियादी कई तरह के मामले लेकर आते हैं. आमतौर पर ट्रेनों में छिनतई, छेड़खानी अश्लील गाना बजाना समेत महिला बोगी में कई तरह की परेशानियों के शिकायतें दर्ज कराते थे।लेकिन बाद के दिनों तारेगना थाना से महिला हेल्प डेस्क दुसरे जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया।

# हड़ताल पर गए अंचल अधिकारी दाखिल-खारिज, राजस्व वसूली ठप



**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं,जिससे मसौढी धनरूआ एवं पुनपुन अंचरल में इस हड़ताल का सीधा असर पूरी राजस्व व्यवस्था पर पड़ा है. जमीन से जुड़े लगभग सभी जरूरी काम जैसे भूमि माप-जोख, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, प्रमाण-पत्रों से जुड़े सत्यापन और राजस्व वसूली ठप हो गए हैं. आम लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ पा रहा।अंचल अधिकारियों का यह आंदोलन सरकार द्वारा अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी के नए पद सृजन के फैसले के विरोध में हो रहा है. अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला बिना उनकी सहमति और बिना जमीनी हकीकत को समझे लिया गया है. उनके मुताबिक, इससे प्रशासनिक संतुलन बिगड़ेगा और अंचल स्तर पर काम कर रहे अधिकारियों की भूमिका कमजोर होगी।अंचल अधिकारियों का तर्क है कि पहले से ही राजस्व विभाग में जिम्मेदारियों का बंटवारा स्पष्ट नहीं है. ऐसे में एक नया पद सृजित कर देने से भ्रम और बढ़ेगा. अधिकारियों को आशंका है कि नए पद के आने से अंचल अधिकारी महज कागजी अधिकारी बनकर रह जाएंगे, जबकि असली फैसले ऊपर से थोपे जाएंगे. उनका कहना है कि इससे न सिर्फ काम का बोझ बढ़ेगा, बल्कि जवाबदेही भी एक-दूसरे पर डालने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर आम लोगों पर पड़ा है. ग्रामीण इलाकों में जमीन माप-जोख रुकने से किसान परेशान हैं।

## शादी का झांसा देकर 3 साल तक किया यौन शोषण, गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शादी का झांसा देकर एक युवक ने एक नाबालिक लड़की के साथ शोषण करने और 6 माह की गर्भवती करने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के समनचक मुसहरी का है, जहां पर एक नाबालिक लड़की के साथ उससे शादी करने का लोभ देकर पिछले तीन सालों से उसके साथ यौन शोषण किया, अब जब वह 6 माह की गर्भवती हो गई तो वह शादी करने से इनकार कर दिया, हालांकि इस घटना का उद्वेदन होने पर पूरे गांव में कई बार पंचायती हुई, दोनों समाज के लोगों ने आपस में बैठकर शादी ब्याह का दबाव दिया गया, बावजूद लड़का पक्ष शादी करने को तैयार नहीं हुई, सोमवार को जब यह मामला पुनपुन थाना में पहुंचा तो वहां भी दोनों के बीच आपसी सामंजस्य बिठाने की बात की गई।

## नॉलेजग्राम इंटरनेशनल स्कूल द्वारा सामुदायिक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित




**पटना /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समग्र एवं मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, नॉलेजग्राम इंटरनेशनल स्कूल ने 4 फरवरी 2026 को एक सामुदायिक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों ने इस सार्थक पहल में भाग लिया और अरुणोदय, एक उड़ान का भ्रमण कर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों के प्रति देखभाल एवं सहयोग का भाव प्रकट किया। विद्यार्थियों द्वारा इस जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत एकत्रित पैक किया हुआ भोजन, स्टेशनरी सामग्री एवं वस्त्र दान स्वरूप प्रदान किए गए। आगमन पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का एनजीओ की प्रबंधक श्रीमती कादंबिनी तथा उनके समर्पित सहयोगियों द्वारा स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया। एनजीओ के बच्चों ने नॉलेजग्राम की टीम का अत्यंत उत्साह के साथ अभिनंदन किया, जिससे वातावरण अपनत्व, आनंद एवं पारस्परिक सम्मान से भर गया। यह सहभागिता गर्व एवं भावनात्मक संतुष्टि का क्षण सिद्ध हुई, क्योंकि नॉलेजग्राम के विद्यार्थियों ने देने की खुशी और वंचित बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने की गहन अनुभूति का अनुभव किया। उन मुस्कुराते चेहरों पर झलकती खुशी और कृतज्ञता ने विद्यार्थियों में सहानुभूति, उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों की भावना को और सुदृढ़ किया। यह पहल नॉलेजग्राम के मूल दर्शन को सुंदर रूप से प्रतिबिंबित करती है कि सच्ची शिक्षा अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ अच्छे इंसानों के निर्माण में निहित है। ऐसे सामुदायिक जनसंपर्क कार्यक्रम विद्यालय की शिक्षण रूपरेखा का अभिन्न अंग हैं, जो विद्यार्थियों में करुणा, दयालुता एवं सामाजिक संवेदनशीलता जैसे मूल्यों का संचार करते हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ. सी. बी. सिंह एवं प्राचार्या डॉ. राधिका किझक्कुमकारा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए सामुदायिक सेवा और मूल्य-आधारित शिक्षण के प्रति उनकी निष्ठा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें जिम्मेदार, संवेदनशील नागरिकों के निर्माण तथा समाज के नैतिक ताने-बाने को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### चिकित्सक डॉ. गोपाल सिंह ने किया कंबल वितरण

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बंजरीया प्रखंड के मोखलिशपुर गांव स्थित अपने पैतृक आवास पर समाजसेवी चम्पारण समाज कल्याण मंच के संस्थापक अध्यक्ष प्रसिद्ध नस रोग एवं दर्द रोग विशेषज्ञ डॉ. गोपाल कुमार सिंह एवं समाजसेवी गोविन्द सिंह के द्वारा गरीब असहाय जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। समाजसेवी डॉ. गोपाल सिंह ने कहा की गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद करना एवं असहायों की सेवा मानवता की सच्ची सेवा है।इस अवसर पर उमाशंकर सिंह, विनोद कुमार सिंह, अंशुमान कुमार, आशुतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### आमजन के हित को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है बिहार का बजट : दीपक

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस बार के बिहार बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा के प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार ने कहा कि बिहार बजट आमजन के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस किया गया है। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था बेहतर होगी। गरीब तथा ग्रामीण तबके को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सकेगा। सदर अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी के रूप में विकसित करने का फैसला ऐतिहासिक कदम है। इससे गंभीर रोगों के इलाज के लिए मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शिक्षा, ग्रामीण विकास और किसानों के कल्याण से जुड़े प्रावधान बिहार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत पहल हैं। महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की योजना सराहनीय कदम है। गरीब कन्या के लिए विवाह मंडप योजना बहुत अच्छा पहल है।



### लड़की अपहरण के मामले में तीन नामजद

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की की अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की मां ने गोपालपूर थाना के बरईठ गांव के 3 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है औरमामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### प्रताड़ना मामले में पति सहित 9 पर प्राथमिकी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपूर थाना के पडरीया गांव में महिला के साथ मारपीट व प्रताड़ित कर महिला को घर से निकाल देने के मामले में महिला ने थाने में पति सहित 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पार्वती देवी ने आवेदन देकर पति भरत यादव सहित 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुटी है।

### सरिसवा बाजार का बदलेगा चेहरा सौंदर्यीकरण कार्य शुरू


**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत सरिसवा बाजार, जो वर्षों से बदहाली, खंडहरनुमा स्थिति और कचरे के ढेर के कारण उपेक्षित बना हुआ था, अब नए स्वरूप में विकसित होने जा रहा है। बुधवार से बाजार के सौंदर्यीकरण कार्य की शुरूआत होते ही स्थानीय लोगों में खुशी और नई उम्मीद की लहर दौड़ गई है। जिला परिषद के माध्यम से किए जा रहे इस कार्य को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।बाजारवासियों का कहना है कि लंबे समय से गंदगी, अव्यवस्था और जर्जर ढांचे के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा था और आम लोगों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी। प्रमोद बरनवाल, मंशी साह, प्रहलाद कुमार, रेयाज आलम, विनोद कुमार, कुंदन कुमार, हर्षित राज और फिरोज आलम सहित अन्य लोगों ने बताया कि बाजार कचरे का ढेर बन चुका था।अब नई सेड के निर्माण और सौंदर्यीकरण से बाजार व्यवस्थित व स्वच्छ होगा। दुकानदारों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा ग्राहकों और राहगीरों को भी आवागमन में राहत मिलेगी। लोगों ने उम्मीद जताई है कि कार्य समय पर पूरा होने से स्थानीय व्यापार और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

### महिला से मारपीट, जांच में जुटी शिकारपुर पुलिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के बरवा बरौली गांव में एक महिला से गाली गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित महिला रामसुंदरी देवी ने शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में गांव के ही शेख बहरूल को आरोपित किया है। आरोप है कि महिला घास काटकर शेख बहरूल के खेत के तरफ से लौट रही थी। उसी दौरान वह गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर महिला से मारपीट की और उसे घायल कर दिया।आसपास के लोगों ने महिला को अनुमंडलीय अस्पताल पहुचाया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले में जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छोटकी फुलवरिया में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एकमा को हराकर एकारी की टीम विजेता बनी

**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के ताजपुर पंचायत के छोटकी फुलवरिया गांव स्थित मंदिर परिसर में श्री राम जानकी सेवा समिति के तत्वावधान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आकर्षक आयोजन किया गया। मैदान पर एकमा और एकारी की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एकारी की टीम ने एकमा को 3-1 से पराजित कर विजेता का स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता उपरांत आयोजन समिति की ओर से विजेता एकारी टीम को शील्ड प्रदान की गई, वहीं उपविजेता बनी एकमा टीम को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदलाल साहनी, व्यवस्थापक मनोज कुमार साहनी, पप्पू साहनी सहित सैकड़ों ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों ने खेल के प्रति उत्साह और अनुशासन का परिचय दिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।



### चोरी की बाइक बरामद,वाहन जांच के दौरान नेपाल के दो लड़के गिरफ्तार, चिरैया से हुई थी चोरी

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झरोखर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस दौरान दो नेपाली युवकों को भी गिरफ्तार किया गया। यह बाइक चिरैया थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। मंगलवार दोपहर थाना प्रभारी ने मामले की जानकारी दी।गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान नेपाल के रौतहट जिले के गोनाही थाना क्षेत्र स्थित उच्चीडीह गांव निवासी सागर पटेल (19 वर्ष) और मौलापुर थाना क्षेत्र के सोनरनिया गांव निवासी मंगल पटेल (36 वर्ष) के रूप में हुई है। वाहन जांच के दौरान रोके जाने पर दोनों संदिग्ध मोटरसाइकिल के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल के कागजात की जांच करने पर पता चला कि यह चिरैया थाना कांड संख्या 455/24 में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित है। यह बाइक वर्ष 2024 में चिरैया थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी और पुलिस लंबे समय से इसकी तलाश कर रही थी।बरामदगी के बाद झरोखर थाना पुलिस ने तत्काल चिरैया थाना से संपर्क कर मामले की पुष्टि की। पुष्टि होने के बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बाइक जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### कल्याणपुर एवं केसरिया प्रखंड में संपूर्णता अभियान 2.0 का हुआ भव्य शुभारंभ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कल्याणपुर प्रमुख, द्वारा प्रखंड स्थित सभा भवन में एवं प्रमुख, केसरिया द्वारा केसरिया प्रखंड के सभा भवन में संपूर्णता अभियान 2.0 का विधिवत शुभारंभ किया गया। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि क्षेत्र में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत 06 सूचकांकों को निर्धारित समय सीमा के अंदर संतृप्त किया जाना है।

# गांधी की कर्मभूमि को जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय फलक पर किया गौरवान्वित : ऋतिक

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विगत लोकसभा चुनाव एवं पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नये कीर्तिमान स्थापित करने वाले पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल को लगातार दूसरी बार भारत की महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किए जाने को लेकर चंपारण एवं बिहार गौरवान्वित है।विगत विधानसभा चुनाव में निर्वाचन प्रक्रिया मे उत्कृष्ट तकनीक अनुप्रयोग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर चयन किए जाने के पश्चात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के सम्मानित होने के उपलक्ष्य में बी.एन.पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष मे उन्हें सम्मानित किया। वही बी. एन.पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक ऋतिक विराज पाण्डेय के नेतृत्व मे प्रोडक्शन की टीम ने जिलाधिकारी को अंगवस्त्रम्, मेमेंटो एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया तथा उन्हें इस ऐतिहासिक कीर्ति के लिए अपनी शुभकामनाएं व बधाईयां दीं। इस अवसर बी. एन. पी. प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक ऋतिक विराज पाण्डेय ने कहा कि अपने श्रेष्ठतम कार्यो की बदौलत जन-जन के बीच अत्यंत लोकप्रिय जिलाधिकारी ने बापू की कर्मभूमि के विकास मे योगदान दिया है।जिससे बापू का यह कर्मक्षेत्र प्रगतिपथ पर अग्रसर है और इसे सदियो तक याद किया जाएगा। कहा कि विधानसभा चुनाव में निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट तकनीक अनुप्रयोग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर चयनित किए जाने के पश्चात राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्राप्त कर जिलाधिकारी ने कीर्तिमान स्थापित कर पूरे चंपारण एवं बिहार को गौरवान्वित किया है। मौके पर प्रोडक्शन की ओर से प्रतीक राजवीर, आदित्य सिंह, अनिल कुमार मौजूद रहे।



# पुलिस बहाली के नाम पर लाखों रूपए वसूलने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**एसआईटी ने पुलिस मित्र के प्रदेश अध्यक्ष को चिरैया से किया गिरफ्तार**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेरोजगार युवकों को पुलिस मित्र बहाल करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह की आशंका में एसआईटी ने चिरैया पुलिस के सहयोग से पुलिस मित्र के प्रदेश अध्यक्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक चार पहिया वाहन को भी जब्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष सेवा भावी फाउंडेशन पुलिस मित्र लिखा हुआ है। उसकी गिरफ्तारी दीपही शेख टोली से हुई है। गिरफ्तार प्रदेश अध्यक्ष की पहचान दीपही धरहरवा पंचायत के पूर्व मुखिया स्व. ओबैदुल्लाह के पुत्र मो. अफसर कमाल के रूप में हुई है। जो विगत कई वर्षों से दीपही चौक पर बैग फैक्टरी का संचालन कर रहा है। उसके व्यवसाय का तार देश के बड़े औद्योगिक शहरों से जुड़ा हुआ है। दो दिन पहले जिले के कोटवा थाना में पुलिस मित्र बहाल करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रशिक्षु आईपीएस हेमन्त के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था। जिसके आलोक में उसकी गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार प्रदेश अध्यक्ष से एसआईटी गहनता से पूछताछ कर रही है। संगठित ठग गिरोह ने जिले के कोटवा, अरेराज, पलनवा, हरसिद्धि, रक्सौल व घोड़ासहन थाना क्षेत्र के 42 युवकों से बहाली के नाम पर लाखों रुपए की ठगी किया था। बहाल पुलिस मित्रों को प्रति माह सोलह हजार रुपए मानदेय देने का वादा किया था। इतना ही नही ठगों ने बहाल पुलिस मित्रों को पहचान पत्र भी दिया है। इधर थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार प्रदेश अध्यक्ष को एस आई टी मोतिहारी ले गई है।

# सिलीगुड़ी से अगवा युवक श्रीनगर में मिला, पांच गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस टीम ने मंगलवार की रात श्रीनगर थाना क्षेत्र के बगही बघम्बरपुर गांव में छापेमारी कर सिलीगुड़ी से अगवा युवक बानुछापर वार्ड 29 निवासी आजाद आलम (25) को अपने संरक्षण में ले लिया है। अपहरण के 24 घंटे की भीतर पुलिस उसे संरक्षण में लेने में सफल हुई है। मामले में पुलिस पांच बदमाशों को गिरफ्तार की है। पांचों को मुफस्सिल थाना में रखा गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। अपहरण में प्रयुक्त हुंडई कार को भी पुलिस जब्त की है। बानुछापर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि मझौलिया थाना क्षेत्र के भरवलिया वार्ड पांच निवासी रजनीश पाठक (22), बानुछापर वार्ड 29 निवासी अमित कुमार (38), बानुछापर वार्ड 29 निवासी मनीष कुमार (27), श्रीनगर थाना क्षेत्र के बगही बघम्बरपुर निवासी जयप्रकाश प्रसाद (36) व मोहम्मद औरंगजेब को गिरफ्तार किया गया है। मनीष, जयप्रकाश और औरंगजेब का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। चोरी, छिनतई के मामले में ये पूर्व में जेल जा चुके हैं। पुलिस इनके अन्य आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। अपहृत युवक बानुछापर वार्ड 29 निवासी अब्दुल कलाम के पुत्र आजाद आलम की बरामदगी बगही बघम्बरपुर निवासी पूर्व मुखिया मनोज प्रसाद के घर से हुई। कार्रवाई के दौरान मनोज प्रसाद फरार हो गई। पूरे मामले में पुलिस मनोज की भूमिका की तहकीकात कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार की शाम अब्दुल कलाम ने आवेदन देकर पुलिस से बताया कि कुछ लोगों ने सिलीगुड़ी से उसके पुत्र का अपहरण कर लिया है। सूचना पर पुलिस एक्टिव हो गई। तकनीकी टीम व श्रीनगर थाना की पुलिस के सहयोग से छापेमारी पर अगवा युवक को संरक्षण में ले लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आजाद आलम सिलीगुड़ी के आर्मी कैंटीन में फूड और कपड़ा का सप्लाई करता है। वह अपने भाई शेर मोहम्मद के साथ वही रहता है।

## 3 अभियुक्त गिरफ्तार, 12 वारंट निष्पादित 436 वाहनों की जांच

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधिव्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने व्यापक कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल के निर्देश पर जिले भर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत कुर्की, शराब एवं अन्य मामलों में कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।वहीं विभिन्न थाना क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित 12 वारंटों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया है।फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में विधिव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।इस दौरान कुल 436 वाहनों की जांच की गई, जिसमें विभिन्न नियम उल्लंघनों के तहत 1 लाख 19 हजार पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार पेट्रोलिंग, वाहन जांच और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है।

# नेपाल से आ रहा 422 किलो गांजा जब्त, ट्रक चालक गिरफ्तार

**रक्सौल बाइपास ओवरब्रिज के पास पुलिस-प्रशासन की संयुक्त छापेमारी से मचा हड़कंप**



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल से भारत लाया जा रहा गांजा का एक बड़ा खेप पुलिस-प्रशासन ने सयुक्त रूप से मिलकर जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल बाइपास रोड ओवरब्रिज के पास छापेमारी कर एक ट्रक से 422.196 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाल से ट्रक संख्या फ्ख-इफ्0ऋ्अ1675 के जरिए गांजा लेकर मुजफ्फरपुर की ओर ले जाया जा रहा था। सूचना की पुष्टि के बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन किया गया और योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की गई।इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल मनीष आनंद ने किया। उनके साथ पुलिस निरीक्षक अंचल सुगौली संजीव मौआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश कुमार, हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान, हरैया अपर थानाध्यक्ष सोनालाल कुमार, परिअनि कुमारी बिट्टू, सि0-61 मिशुन कुमार मांझी, सि0-110 सोमू कुमार गोड़ तथा सि0-572 पिंटू निषाद शामिल थे। जांच के दौरान ट्रक की तलाशी ली गई, जिसमें प्लास्टिक के बोरों में छुपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। जब्ती के बाद ट्रक चालक से जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपनी नाम और पहचान उजागर की। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम संजय कुमार साह (उम्र 36 वर्ष), पिता झ्र जयलाल साह, निवासी - नौतन बहुअरी, वार्ड संख्या-5, थाना- कलैया , जिला-बारा (नेपाल) बताया है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी गांजा जैसा मादक पदार्थ - 422.196 किलोग्राम, एक ट्रक, एक कीपैड मोबाइल। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी सूरत में तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**सड़क जाम कर किया प्रदर्शन**

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा अनुमंडल अंतर्गत सेमरा रेफरल अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत से इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। मृतका के परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल के समक्ष मुख्य सड़क को जाम कर दिया। और डॉक्टरों तथा अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी और वरीय पुलिस पदाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। मृतका की पहचान सेमरा थाना क्षेत्र के दढिया गांव निवासी रामजी उरांव की 30 वर्षीय पत्नी हेमंती देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हेमंती देवी सोमवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सेमरा रेफरल अस्पताल पहुंची थी, जहां उसका बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद उसे अस्पताल में ही भर्ती रखा गया था।परिजनों के अनुसार, ऑपरेशन के बाद शुरूआती कुछ घंटों तक उसकी स्थिति सामान्य थी। अस्पताल कर्मियों ने भी ऑपरेशन को सफल बताया था। लेकिन देर रात करीब बारह बजे के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसकी सूचना अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और नर्सों को दी गई, जिसके बाद इलाज शुरू किया गया और दवाइयां दी गईं। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।मृतका के छोटे भाई मर्यादपुर निवासी राजेश उरांव ने आरोप लगाया कि काफी देर तक स्थिति गंभीर बनी रही, लेकिन समय पर ठोस इलाज या उचित कदम नहीं उठाया गया। जब हालत ज्यादा बिगड़ गई तो चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बगहा रेफर करने की बात कही, लेकिन उस समय अस्पताल में एंबुलेंस की कोई व्यवस्था नहीं थी। भोर के समय निजी वाहन की व्यवस्था करने के लिए जब परिजन बाहर गए, उसी दौरान अस्पताल में ही हेमंती देवी की मौत हो गई ।महिला की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई । घटना की सूचना गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए और सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया । पति रामजी उरांव का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी चांदनी कुमारी, रामनगर एसडीपीओ रागनी कुमारी, पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश सिंह नीरज एवं सेमरा थानाध्यक्ष राज रौशन मौके पर पहुंचे।अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया तथा मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।एसडीएम चांदनी कुमारी ने मृतका के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी ।

## एसपी ने किया गोबरहिया थाना का औचक निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल ने मंगलवार की देर शाम गोबरहिया थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सबसे पहले थाना परिसर में रखे गए रनिंग रजिस्टर, ओडी पंजी तथा मालखाना के रख-रखाव का बारीकी से जायजा लिया।इसके पश्चात उन्होंने थाने में दर्ज विभिन्न कांडों का अवलोकन किया और लंबित मामलों की समीक्षा की । एसपी ने लंबित कांडों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए अनुसंधानकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधि-व्यवस्था संधारण, केस डायरी के अद्यतन, अभिलेखों की संधारण स्थिति तथा पुलिस कार्यप्रणाली की भी गहन समीक्षा की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार, अनुसंधानकर्ता एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सड़कों की सफाई व्यवस्था का महापौर ने किया निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शहर की मुख्य सड़कों पर द्वितीय पाली में संचालित सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कल महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी द्वारा किया गया । निरीक्षण के क्रम में महापौर ने हिन्दी बाजार चौक पर उपस्थित शहरवासियों से सफाई व्यवस्था को लेकर संवाद किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा संबंधित एजेंसी पर सफाई कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए माननीय महापौर ने मौके पर उपस्थित एजेंसी के सुपरवाइजर को सख्त निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित रूट पर कार्यरत सफाई कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई। जांच के दौरान उक्त रूट पर सफाई कर्मियों की संख्या कम पाई गई, जिस पर संबंधित एजेंसी को निर्धारित संख्या के अनुसार सफाई कर्मियों की तत्काल नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। मोतिहारी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में प्रातः एवं रात्रि दोनों समय नियमित रूप से मुख्य सड़कों की सफाई कराई जा रही है। नगर निगम यह स्पष्ट करता है कि भविष्य में यदि किसी भी एजेंसी द्वारा सफाई कार्य में लापरवाही पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कड़ी एवं उचित कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आम नागरिकों से भी अपील करता है कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें ।


# महात्मा गांधी केंद्रीय विवि के डॉ. सीतेश कुमार को आईसीएसएसआर की प्रतिष्ठित पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सीतेश कुमार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की प्रतिष्ठित पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप प्रदान की गई है। वर्ष 2019 से विभाग से जुड़े डॉ. सीतेश कुमार ने अपने शोध कार्यों के माध्यम से निरंतर अकादमिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एम.फिल. के दौरान उन्होंने आरटीपीएस अधिनियम पर गहन अध्ययन किया, जबकि पीएच.डी. में उन्होंने 'नोटा' विषय पर उल्लेखनीय शोध कार्य किया, जिसे वर्ष 2025 में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह पोस्ट-डॉक्टोरल शोध उन्हें राजनीति विज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सरिता तिवारी के निर्देशन में प्राप्त हुआ है। अपने पोस्ट-डॉक्टोरल शोध के अंतर्गत डॉ. सीतेश कुमार भारतीय इतिहास की महान शासिका देवी अहिल्याबाई होलकर को एक राजनीतिक विचारक के रूप में केंद्र में रखते हुए उनके भारतीय राजधर्म तथा कल्याण-आधारित शासन प्रणाली का विश्लेषण करेंगे। यह अध्ययन भारतीय राजनीतिक चिंतन में नैतिक शासन और लोककल्याण की अवधारणाओं को नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने डॉ. सीतेश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के सशक्त शोध परिवेश और अकादमिक उत्कृष्टता का सजीव प्रमाण है। देवी अहिल्याबाई होलकर जैसे प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व पर आधारित यह अध्ययन भारतीय शासन परंपरा को समझने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हमें विश्वास है कि उनका शोध राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊँचाइयों तक ले जाएगा। विश्वविद्यालय परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. सीतेश कुमार के उज्ज्वल अकादमिक भविष्य की कामना की है।



## ब्रह्मकुमारी रक्सौल उपकेन्द्र में 'नई आहार प्रणाली' पर निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यशाला

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के नागा रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, रक्सौल उपकेन्द्र के तत्वावधान में उपकेन्द्र परिसर स्थित सुख-शांति भवन में नई आहार प्रणाली पर आधारित एक निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य समाज को रोग-मुक्त एवं दवा-मुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी बी.के. बेला दीदी ने की, जबकि दिल्ली से पधारे प्रख्यात ठ्अ आहार विशेषज्ञ सीए सुनील कुमार गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला का शुभारंभ सीए सुनील कुमार गुप्ता, राजयोगिनी बी.के. ज्ञानू दीदी, राजयोगिनी बी.के. बेला दीदी, शिवपूजन प्रसाद तथा लायंस क्लब रक्सौल के अध्यक्ष बिमल कुमार सर्राफ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं ऊँ व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।



# कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी में सुअर पालन विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवा-युवतियों में सुअर पालन के प्रति रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। शुभारंभ समारोह में कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय, विशेषज्ञ उद्यान डॉ. जितेन्द्र चंदोला, डॉ. जीर विनायक, डॉ. विजय कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे। डॉ. संजय कुमार राय ने प्रतिभागी युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसे पूर्ण करने के बाद वे अपने क्षेत्रों में सुअर पालन को एक संभावित आजीविका के रूप में आगे बढ़ा सकते हैं। डॉ. जितेंद्र चंदोला ने पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि इस दौरान मुजफ्फरपुर, बेगूसराय के कृषि विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञों एवं सारण जिले के पशु पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. सुषमा टम्टा, डॉ. जीर विनायक और डॉ. विजय कुमार ने भी अपने विचार रखे। इस प्रशिक्षण में माँझी, रिविलगंज, गरखा और अमनौर प्रखंडों से आए राजबली राम, रविन्द्र राम, जयप्रकाश मांझी, रंजन कुमार राम, अनिल कुमार राम, अजीत कुमार मांझी, मिथिलेश कुमार राम, रामावती देवी, मुन्नी कुंवर सहित कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी के अमितेश कुमार गौरव, रामा रंजन, राकेश कुमार, उमाशंकर कुमार, अवनीश पांडेय व संतोष कुमार ने सहयोग दिया।





# बच्चों की सुरक्षा का नहीं रखा जा रहा ख्याल

## वाहन चालकों की लापरवाही से घट रही दुर्घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिले में स्कूली वाहनों की दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। प्रशिक्षित न होने के बावजूद कई चालक स्कूल बस और वैन चला रहे हैं। इन वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल ले जाया जाता है। इसके अलावा वाहनों की फिटनेस मानकों पर खरे नहीं उतरने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ऐसे वाहनों और अप्रशिक्षित चालकों से संचालन करवा रहा है। सड़क पर चलाने के लिए योग्य नहीं होने वाले वाहनों स्कूल के लिए चलाया जा चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग की उदासीनता के कारण चालकों के लाइसेंस की जांच भी नहीं हो रही है। बच्चों को सुरक्षित माहौल देने की जिम्मेदारी जिस व्यवस्था पर है। वहीं लापरवाह बनी हुई है। पुरानी घटनाओं से सबक न लेना स्कूली वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाओं के बावजूद विद्यालय प्रबंधन और परिवहन विभाग के अधिकारी कोई सबक नहीं ले रहे हैं। उदाहरण के लिए बीते वर्ष 23 अक्टूबर 2025 को एनएच 139 पर रिसियप थाना क्षेत्र के दोमुहान के पास एक स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इससे पहले 23 फरवरी 2024 को नबीनगर में एक विद्यालय का वाहन पलट गया था जिसमें लगभग 20 छात्र-छात्राएं घायल हुए थे। चालक मौके से फरार हो गया था। इसी तरह एक नवंबर 2023 को जीटी रोड रतनुआ गांव के पास 24 फरवरी 2020 को फ़ेसर थाना क्षेत्र के उंथू के पास भी स्कूली वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इन घटनाओं के बावजूद स्कूल प्रबंधन और संबंधित विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। वही इन दुर्घटनाओं से स्पष्ट है कि जिले में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। स्कूल प्रबंधन केवल औपचारिकताओं तक सीमित है और परिवहन विभाग भी नियमों का पालन कराने में असफल है। यदि जिम्मेदार अधिकारी और प्रबंधन अब भी सचेत नहीं हुए तो भविष्य में किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित चालकों को नियुक्ति, नियमित फिटनेस जांच और सख्त निगरानी अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षित चालक की नियुक्ति केवल ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर नहीं बल्कि विशेष प्रशिक्षण के बाद होनी चाहिए। वाहनों की फिटनेस जांच नियमित रूप से होनी चाहिए और प्रदूषण जांच अनिवार्य होनी चाहिए।

## मुखिया की गिरफ्तारी पर संघ ने जताया आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड क्षेत्र के दुलारे पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार यादव की गिरफ्तारी पर जिले की राजनीतिक सरगर्मी तेज है। औरंगाबाद शहर के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष सुजीत सिंह ने मुखिया की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पंचायत में विकास कार्यों की निरीक्षण करना या गुणवत्ता पर आधारित निर्माण कार्यों पर जोर देना पंचायत प्रतिनिधियों का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन जिस तरह से भवन निर्माण विभाग के जेई के द्वारा मुखिया पर झूठा मुकदमा किया, वह गलत है। उन्होंने कहा कि दुलारे पंचायत के पथरा में बन रहे डॉ भीमराव आंबेडकर आवासीय विद्यालय के गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। जेई ने मुखिया पर साज़िश के तहत रंगदारी का आरोप लगाया है। क्या जेई साहब बताएंगे, उनसे कितने पैसों की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुखिया पर थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 24 घंटे में गिरफ्तारी हो गई। सरकार और जिला प्रशासन से मांग करता हूं। ठीक उसी तरह आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच कर प्रशासन को सार्वजनिक करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है कि मुखिया संघ निर्माणधीन आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करेगा और परत दर परत धांधली और भ्रष्टाचार का उजागर करेगा। हमारी मांग है कि जब तक निर्माणधीन आवासीय विद्यालय की जांच न हो जाएं तब तक निर्माण कार्य बंद किया जाएं। उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन की सरकार है, लेकिन अधिकारी सरकार को बदनाम कर रहे है। कमीशन खोरी चरम पर है। अधिकारियों की मनमानी से पंचायत प्रतिनिधियों को क्षेत्र में काम करना अब मुश्किल हो गया है। जनता की मांग पर गुणवत्ता की बात करना यदि रंगदारी और धमकाना है तो पदाधिकारी तय करें, आखिर पंचायत प्रतिनिधियों के निरीक्षण का मानदंड क्या होगा। यदि हमारे अधिकारों का हनन होगा तो हम चुप नहीं बैठेंगे। जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर अनिश्चितकालीन धरना के साथ-साथ आंदोलन करेंगे। सूही पंचायत के मुखिया मंजीत यादव ने कहा कि पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करना मुखिया का संवैधानिक अधिकार है। बिहार में अफसरशाही और नौकरशाही के हावी हैं।

## मलहारा में रैदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड के मलहारा गांव में डा भीमराव आंबेडकर युवा क्लब की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम रैदास जयंती के अवसर पर आयोजन हुआ। मौके पर बतौर अतिथि ओबरा विधायक डा. प्रकाश चन्द्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथि को मुखिया संतोष सौण्डिक ने स्वागत किया। विधायक डा प्रकाश चन्द्रा ने संत शिरोमणी गुरु संत रैदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा समाजिक समरसता कायम करना उनका मुख्य उद्देश्य था। संत शिरोमणी समरूपता के पक्षधर थे। उन्होंने मलहारा गांव में संत रैदास की प्रतिमा लगाने के लिए दिया। डा भीमराव आंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश कुमार ने अध्यक्षता की। जबकि संचालन शिक्षक नीरज कुमार ने किया। समाजसेवी कौशल शर्मा, नागेश्वर राम ने संत शिरोमणी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा आज युवा पीढ़ी को संत शिरोमणि रैदास के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में शामिल राम एकबाल राम, मुनारिक राम, मनीष कुमार, पप्पू कुमार, आकाश राणा, अतितोष कुमार, अमरेश कुमार, अजीत कुमार, गुलाबी राम ने दर्शकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में लोक गायक सुदर्शन यादव व शिरजानंद पाण्डेय ने पूरी रात एक से एक बढकर गीत की प्रस्तुति दी।

## शतचंडी महायज्ञ को लेकर गाजे-बाजे के साथ निकाली गई जलयात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज।** रफीगंज के लोहार गली देवी स्थान परिसर स्थित नवनिर्मित मंदिर में देवी प्राण-प्रतिष्ठा सह पंचदिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर मंगलवार को गाजे-बाजे, हाथी-घोड़े के साथ भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा देवी मंडप से प्रारंभ होकर महाराजगंज, बस स्टैंड होते हुए महादेव घाट पहुँची। वहां यज्ञाचार्य पं. परमेश्वर शुक्ल, उपाचार्य पं. राकेश उपाध्याय सहित अन्य आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गई। जय माता दी के जयकारों के साथ सैकड़ों महिला-पुरुषों ने बस स्टैंड, मेन बाजार होते हुए पुनः यज्ञशाला तक जलयात्रा में भाग लिया। यज्ञाचार्य मंडल में पं. परमेश्वर शुक्ल, पं. राकेश उपाध्याय, अनुप मिश्र, रंजीत उपाध्याय, सुकेश उपाध्याय, सरोज मिश्र, संत पांडेय, विपिन मिश्र एवं पंकज उपाध्याय शामिल हैं। यज्ञ के मुख्य यजमान नरेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राजू कुमार एवं कुंदन कुमार हैं। महायज्ञ का आयोजन 4 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 5 फरवरी को वेदियों का पूजन, 6 फरवरी को मंडप पूजन, 7 फरवरी को नगर भ्रमण तथा 8 फरवरी को माँ भगवती की प्राण-प्रतिष्ठा एवं हवन संपन्न होगा। प्रतिदिन झांसी की कथा वाचिका उषा रामायणी द्वारा प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ मंडप का निर्माण वाराणसी के कलाकारों द्वारा किया गया है। मंदिर से महाराजगंज, स्टेशन और मुख्य बाजार तक आकर्षक सजावट, माइक एवं लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष कौशल विश्वकर्मा, सचिव अरुण विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, बालचंद, विजय, विष्णु, संतोष गुप्ता, विनोद कुमार, ललन, मनोज प्रसाद, रंजीत कुमार, रंजन, अंकित, रीतिक, पूर्व मुखिया विनय सिंह, पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, गणेश प्रसाद, अशोक प्रसाद, शुभम, विकीराज, राजू शौंडिक, शुभ, लाभ, सुजीत, हिमांशु, गोलू, प्रिंस, आकाश, राजू सहित सैकड़ों महिला-पुरुषों ने सहभागिता निभाई।

## रविदास जयंती पर भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के अब्दुलपुर मुहल्ले में अम्बेडकर युवा क्लब की ओर से संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही देर रात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। भंडारे का सामूहिक उद्घाटन पूर्व नगर उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह संजय सिंह यादव कॉलेज के निदेशक प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव, राजद नगर अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र यादव, वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा, जदयू नेता संजय अम्बेडकर, अर्जुन राम एवं सुनील कुमार दीप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संत शिरोमणि रविदास के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास का जन्म वर्ष 1377 में वाराणसी के गोवर्धनपुर में हुआ था। वे सामाजिक समानता, प्रेम और सौहार्द के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने जाति-पाति के भेदभाव परंपराओं का विरोध किया। संत रविदास एक महान कवि एवं समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपने विचारों से समाज को नई दिशा दी।

वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास का प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी समाज को सच्ची भक्ति और आंतरिक शुद्धता का संदेश देता है। कार्यक्रम में अम्बेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष रौशन कुमार, संचालक संजीत कुमार, विक्रम कुमार, कोषाध्यक्ष रविरंजन कुमार, सचिव धीरज कुमार, सदस्य प्रमोद कुमार, विक्की कुमार, अक्षय कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कार पर लदी 315 शराब की बोतल के सात दो तस्कर गिरफ्तार, एक बाइक भी जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारुण (औरंगाबाद)।** शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए बारुण पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कार से काफी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने दो शराब धंधेबाज़ों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गेमन पुल समीप पुलिस चेक पोस्ट के पास सघन वाहन जांच के दौरान 120 स्पोर्ट्स कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन के गेट, डिक्की और सीट के नीचे छिपाकर रखी गई 200 एमएल की 315 पीस बोतल देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 63 लीटर बताई गई है। मौके से गिरफ्तार किए गए। तस्कर की पहचान रोहतास जिले के डालमियानगर के प्रभाकर कुमार तथा झारखंड राज्य के पलामू मोहमदगंज के प्रेम कुमार के रुप में की गई है। पूछताछ के क्रम में तस्करों ने पुलिस को बताया कि शराब की खेप झारखंड से बिहार लाई जा रही थी। साथ ही तस्वीरों के निशानदेही पर एक पैशन बाइक को भी जप्त किया गया है, जो इस धंधे में प्रयुक्त हो रहे थे। इस संबंध में बारुण थाना में शराब तस्वीरों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी कर ली गई है। पुलिस ने जब्त वाहन व शराब को अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरु कर दी है।

## पथ प्रदर्शक का छत्तीसगढ़ के विश्रामपुर में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** हिन्दुस्तान में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्वेश्य से औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा लगातार रक्तदान जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से एक अभियान है मिशन रक्तदान हिंदुस्तान। इस अभियान के तहत संस्था के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह द्वारा रक्तदान का अलख जगाने के लिए देश के अलग अलग राज्यों के भिन्न भिन्न शहरों में वहां की स्थानीय संस्था के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। बमेंद्र का छत्तीसगढ़ में चल रहा रक्तदान जागरूकता यात्रा के तीसरे दिन बुधवार को एसईसीएल विश्रामपुर के महाप्रबंधक संजय सिंह से मुलाकात हुई एवं रक्त की कमी को लेकर विचार विमर्श किया गया।उनके आश्वासन पर मिशन रक्तदान हिन्दुस्तान अभियान के तहत 15 से 20 फरवरी के बीच रक्तदान शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया। रक्तसेवक बमेन्द्र ने बताया कि रक्तदान क्षेत्र में सेवा दे रही संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा अभी तक दो सौ से ज्यादा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा चुका है।मिशन रक्तदान हिंदुस्तान के तहत यह नौवां राज्य का बीसवां रक्तदान शिविर होगा।

## अधूरे पड़े नाली निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में होती है परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड के अमारी पंचायत के तहत बाजितपुर वार्ड नं- सात में नाली और सड़क का आधा अधूरा निर्माण कार्य किया गया है। नाली का निर्माण अधूरा किए जाने से लोगों की परेशानी इन दिनों बढ़ गई है। लोगों को आवागमन में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों को आवागमन करने में काफी परेशानी होती है। नाली में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। अधूरा निर्माण कार्य होने के कारण लोगों के लिए घर तक अपना वाहन ले जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चार पहिया वाहनों को अपने घर से दूर ही रखना पड़ रहा है। इससे वाहन चोरी होने की आशंका बनी रहती है। नाली का निर्माण कार्य पूरा नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि आमलोगों की समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधि काफी उदासीन बने हैं। उदासीनता के कारण आधा-अधूरा निर्माण कार्य को पूर्ण करने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। बता दें कि यह कार्य बीते 2025 के अप्रैल माह में प्रारंभ हुआ था परंतु अब तक पूरा नहीं हो सका है। इधर बारिश होने से ग्रामीणों को डायरिया का प्रकोप सताने लगी है। ग्रामीण सुजीत विश्वकर्मा, सुरेश यादव, अरविद विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। कहा कि अगर नाली का निर्माण नहीं किया गया तो हम सभी उग्र होकर प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** उच्च विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को डॉ. कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस-2026 के अवसर पर एक गरिमामयी एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी शिवाजीनगर रामजन्म सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनमें शिक्षा, संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति का विकास करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है विशिष्ट अतिथि मुखिया संघ अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह एवं शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने युवाओं से नशा, अपराध और कुरीतियों से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की अपील की तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया पत्रकार संजीव कुमार सिंह ने अधिकार एवं कर्तव्य के संतुलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब युवा अपने कर्तव्यों को समझेंगे, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत होगा। वहीं कार्यक्रम के संचालक एवं डॉ. कलाम फाउंडेशन के संस्थापक एडीएम ललित कुमार सिंह ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा अतिथियों से बच्चों को हरसंभव सहयोग देने की अपील की इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे प्रथम स्थानः स्वीटी कुमारी द्वितीय स्थानः सुमन कुमारी जाखर तृतीय स्थानः प्रिया कुमारी (पुरा गांव)समारोह में कवि बैजनाथ सिंह 'तपन', संतोष कुमार राय, अरविन्द कुमार, अशोक कुमार, डॉ. रमाकान्त सिंह, महेश साहु, सुनील कुमार पासवान (मुखिया), राम श्रृंगार मंडल, निशा कुमारी, आरती कुमारी, प्रमोद कुशवाहा, संतोष कुमार, नवल किशोर, राजबली राम, अजय कुमार सिंह (शिक्षक), रौशन कुमार (शिक्षक), सुशील कुमार, विकेश कुमार, राम प्रवेश कुमार, राम कुमार सिंह, राम विनय कुमार आदि थे।

## टाल सूर्य मंदिर तालाब की उड़ाही की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** प्रखंड के टाल गांव स्थित लुरकी नामक तालाब ऐतिहासिक धरोहर समेटे है। जहां तालाब के पास भव्य भगवान भास्कर नारायण की सूर्य मंदिर है। आज भी सूर्य मंदिर व लुरकी नामक सैकड़ों वर्ष पुरानी तालाब उड़ाही की जरूरत महसूस हो रही है। ग्रामीण बताते हैं कि जनवरी माह में तो तालाब की स्थिति इतनी खराब है तो गर्मी के मौसम में क्या हाल होगा। तालाब में पानी नहीं के बराबर है। जिससे श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना के लिए स्नान कर सूर्य मंदिर में पूजा करना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों में नंदकिशोर सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, सुदेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, विश्वजीत कुमार विकास, संजय सिंह, बब्लू कुमार पटेल, सोहराई राम बताते हैं कि जब भी पंचायत में विकास योजनाओं सबंधी ग्रामसभा या वार्ड सभा होता है तालाब उड़ाही की योजना का प्रस्ताव लिया जाता रहा है। लेकिन प्रस्ताव अब तक ठंडे बस्ते में चला जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब उड़ाही के लिए स्थानीय सांसद विधायक को इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन किसी ने तालाब उड़ाही कराना मुनासिब नहीं समझा। बताया जाता है मनरेगा योजना से आहर, पोखर, तालाब उड़ाही का बराबर कार्य चलता है लेकिन टाल गांव स्थित लुरकी नामक तालाब को उड़ाही नहीं कराया जाना दूर्भाग्यपूर्ण है।

## गांवों में हो रहा शहरीकरण, बन रहे बड़े-बड़े मकान व अपार्टमेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**

**औरंगाबाद।** शहर के समीप स्थित गांवों में मकान, रिसार्ट, अपार्टमेंट, होटल का निर्माण काफी तेज गति से हो रहा है परंतु इसका लाभ नगर परिषद को नहीं मिल पा रहा है। नगर परिषद शहरी क्षेत्र में बने मकानों से संपत्ति कर की वसूली नहीं कर पाती है। इससे स्पष्ट होता है कि हजारों मकान कर के दायरे से बाहर है जबकि नगर परिषद को इनसे राजस्व प्रा' होना चाहिए। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर परिषद ने संपत्ति कर से एक करोड़ 27 लाख रुपये की वसूली की है। वहीं वर्ष 2023-24 में यह राशि एक करोड़ 22 लाख तक रही। जबकि वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर दो करोड़ 73 लाख रुपये तक पहुंच चुकी थी। बता दें कि पिछले कुछ वर्षो में राजस्व में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है परंतु अपेक्षित वसूली अब भी लक्ष्य से कम है। नगर निकायों की आमदनी का प्रमुख स्त्रोत होने से बावजूद कर वसूली को लेकर प्रभावी प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। वहीं शहरी सीमा से बाहर, चारों ओर बड़े पैमाने पर मकान, अपार्टमेंट व रिसार्ट का निर्माण किया गया है। प्रतिदिन नए निर्माण हो रहे हैं। अब रिसार्ट का अपार्टमेंट का निर्माण ग्राम पंचायत क्षेत्रों में की जा रही है जहां टैक्स वसूली की व्यवस्था और निगरानी दोनों कमजोर है। ऐसे निर्माणों से नगर परिषद को न तो संपत्ति कर मिलता है और न ही किसी प्रकार का भवन का नक्शा पास शुल्क। ग्राम पंचायतें भी इन संपत्तियों पर वसूली नहीं कर पाती।

## नबीनगर रोड स्टेशन जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नबीनगर के सिमरी धमनी पंचायत के परसा गणेश से नबीनगर रोड स्टेशन जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई। वहीं सड़क की पांच वर्षो से अबतक मरम्मति नहीं कराई गई है। बता दें कि पांच वर्षो पहले नबीनगर विधायक विजय कुमार सिह उर्फ डब्ल्यू सिह ने शिलान्यास और उद्घाटन किया था परंतु अब सड़क की स्थिति काफी बदतर हो गई है। सड़क की स्थिति बदहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। बारिश के दिनों में सड़क की स्थिति और भी बदतर हो जाती है। सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दिल हो गई है। वहीं बच्चे विद्यालय भी विद्यालय इसी रास्ते से होकर जाते हैं। बच्चे अक्सर गिरकर घायल होते रहते हैं। जब भी गांव में किसी की तबीयत खराब होती है तो चारपाई पर ले जाने की नौबत आ जाती है। ग्रामीण किसी तरह मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं।

## अदरी नदी में हमेशा दिखती है गंदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर से गुजरने वाली अदरी नदी अब गंदगी से भरा पड़ा है। इसके पानी में सिर्फ गंदगी ही है। यहां तक की स्थानीय लोगों द्बारा अदरी के किनारे अतिक्रमण किया जा रहा है। वहीं नदी में कचरा फेंका जा रहा है। जिससे ऐसा प्रतीक होता है कि कुछ वर्षो में ही अदरी अपना वजूद खो देगी। बता दें कि बहुत कम ही शहर ऐसे हैं जिनसे होकर नदियां गुजरी हैं। जहां-जहां से नदियां गुजरी हैं। वहां अंडरवाटर रिचार्ज होता है। पेयजल संकट काफी कम गहराता है। अभी देर नहीं हुई है। अदरी को बचाया जा सकता है। शाहपुर स्थित सूर्य मंदिर घाट पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। यहां स्थानीय लोगों द्बारा गंदगी फैलाई जा रही है जिससे नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गंदगी के कारण लोग यहां जाने से कतराते हैं। साथ ही स्नान करने में भी परेशानी होती है। अदरी नदी पुल से उत्तर अदरी डैम है। जो अंग्रेजी हुकूमत का बना हुआ है। इसका देखभाल सोन हाई लेवल कैनाल विभाग करता है। बता दें कि अदरी को बचाने के लिए अभियान भी चलाई गई है। साथ ही अदरी नदी के पास तेजी से बढ़ता हुआ स्लम एरिया का अतिक्रमण पर रोक लगनी चाहिए। उन्हें कोई दूसरी जगह पर रहने के लिए स्थान देना होगा। पूर्व में अदरी को बचाने को ले शहर के गणमान्य लोगों द्बारा जागरूकता अभियान भी चलाई गई थी। अदरी नदी में गंदगी के अलावा और कुछ नहीं दिखता है। इतना होने के बावजूद भी नगर परिषद के अधिकारियों द्बारा अदरी नदी की सफाई नहीं कराई जा रही है।

# किसान निबंधन में लापरवाही पर डीएम सख्त, एक निलंबित, 18 का वेतन बंद

## शनिवार तक सौ प्रतिशत निबंधन व ईकेवाईसी का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुजफ्फरपुर।** किसान निबंधन और ई-केवाईसी कार्य में लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को उन्होंने औराई, कटरा और गायघाट प्रखंडों का दौरा कर फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की। लक्ष्य से पीछे रहने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों का कम से कम 50 प्रतिशत हलकावार और 70 प्रतिशत ओवरऑल निबंधन बुधवार शाम तक हर हाल में पूरा किया जाए। वहीं शनिवार तक 100 प्रतिशत किसान निबंधन एवं ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। तय समय-सीमा में लक्ष्य पूरा नहीं करने वालों पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। गायघाट अंचल में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर राजस्व कर्मचारी प्रभात किरण राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया गया है। वहीं किसान निबंधन कार्य में कोताही बरतने पर औराई, कटरा और गायघाट प्रखंडों के कुल 18 कर्मियों का वेतन बंद कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को जिले में 10,171 किसानों का निबंधन किया गया, जबकि अब तक कुल 1,79,003 किसानों का पंजीकरण हो चुका है।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों से जुड़ा यह अभियान सर्वोच्च प्राथमिकता पर है और किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आरएसएस की सहकार भारती ने व्यापार मंडल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड स्थित व्यापार मंडल का मंगलबार की देर शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संस्था सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पंचपोर ने निरीक्षण करने पहुँचे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में व्यापार प्रबंध समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान लगभग 30 मिनट तक व्यापार मंडल की कार्यप्रणाली, संरचना एवं गतिविधियों के संबंध में प्रबंध समिति के सदस्यों तथा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इस क्रम में उन्होंने व्यापार मंडल परिसर एवं बाजार क्षेत्र का भी अवलोकन किया तथा सहकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित प्रकाश डाला। श्री पंचपोर ने अपने संबोधन में बताया कि सहकारिता के माध्यम से समाज के लिए और भी अनेक कल्याणकारी कार्य किए जा सकते हैं। जिनसे नवीन उपलब्धियाँ प्राप्त कर सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को गति दी जा सकती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किस प्रकार सहकारिता लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में संचालित सहकारी संस्थाओं के सफल उदाहरणों को साझा करते हुए सामूहिक सलाह दी तथा कहा कि मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में सहकारिता के विस्तार एवं विकास को समय की आवश्यकता के अनुरूप नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाना चाहिए। इस हेतु उपस्थित सदस्यों को उन्होंने प्रेरित और प्रोत्साहित किया। अंत में पंचपोर ने बलिया व्यापार मंडल के अब तक किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की सराहना करते हुए अध्यक्ष राकेश सिंह एवं प्रबंध समिति के सदस्यों को भविष्य में और अधिक प्रभावी एवं उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर सहकार भारती के प्रदेश मंत्री राजेश कुमार श्रीवास्तव विधि प्रकोष्ठ सहकार भारती के प्रदेश प्रमुख दीपक कुमार व्यपार मंडल प्रबंध समिति के सदस्य पूर्व मुखिया योगेंद्र महतो रविशंकर प्रसाद मो शौकत मनोज रजक पेक्स अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष जदयू नेता मृत्युंज कुमार, भाजपा नेता प्रमोद चौधरी, नवीन सिन्हा, गंगा महतो, पूर्व सरपंच अभिषेक कुमार, धरंजय चौधरी, ललन सिंह, अनिल सिंह, दीपक कुमार, दुर्गेश कुमार सहित दर्जनों गणमान्य अथिति उपस्थित थे।

## विश्व कैंसर सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम

**खोदावंदपुर।** विश्व कैंसर सप्ताह के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खोदावंदपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल प्रसाद ने कहा कि तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी सहित अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने आमजन से इन नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने माताओं से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से स्तनपान कराने की सलाह देते हुए कहा कि स्तनपान से बच्चों में कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि विश्व कैंसर सप्ताह का आयोजन 4 फरवरी से 11 फरवरी तक किया जा रहा है। इस दौरान कैंसर की रोकथाम एवं बचाव को लेकर लोगों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# शिवाजीनगर प्रखंड में शबेबरात शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, प्रशासन रहा मुस्तैद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में शबे बरात का पर्व पूरी अकीदत एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों एवं घरों में विशेष नमाज अदा की तथा अल्लाह से अमन-चैन, भाईचारा एवं देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। शबे बरात को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं शिवाजी नगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार के निर्देश पर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रखंड क्षेत्र के परशुराम, रहटौली, पूरा एवं हबका सहित अन्य गांवों में भी शबे बरात शांतिपूर्वक ढंग से मनाई गई। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की सतर्कता और सहयोग की सराहना की थाना अध्यक्षों ने बताया कि शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए लगातार गश्त की गई तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी गई। प्रशासन एवं आमजन के आपसी सहयोग से पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# माउंट लिट्रा स्कूल में वर्ल्ड कैंसर डे का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्लास सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कैंसर जागरूकता पर आधारित क्विज़ से हुई। जिसमें विद्यार्थियों से वर्ल्ड कैंसर डे से संबंधित प्रश्न पूछे गए। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास और रुचि के साथ उत्तर देकर अपनी समझ और जागरूकता का परिचय दिया। इसके पश्चात विद्यालय के जीवविज्ञान शिक्षक अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने सरल एवं प्रभावी भाषा में कैंसर के बारे में जानकारी दी। यह किन कारणों से होता है, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं तथा इससे बचाव के लिए हमें किन आदतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, नशे से दूरी और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कैंसर अवेयरनेस डांस परफॉर्मेंस रहा। इस नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि जागरूकता और सही जीवनशैली अपनाकर कैंसर से बचाव संभव है। नृत्य के माध्यम से दिया गया यह संदेश अत्यंत प्रभावशाली एवं भावनात्मक रहा। इसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से कैंसर के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शीतल ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति भी जागरूक करना आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में संवेदनशीलता, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। विद्यालय के निर्देशक डॉ मनीष देवा ने अपने संदेश में कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम जागरूकता है। यदि हम सही समय पर सही जानकारी अपनाएं और स्वस्थ जीवनशैली को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तो इस बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल सदैव शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और सामाजिक मूल्यों को प्राथमिकता देता रहेगा।कार्यक्रम का समापन 'जागरूकता ही बचाव है' के संदेश के साथ हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# बिहार बजट राज्य को विकसित सिद्ध करेगा : डा. सुरेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** मंगलवार को विधान सभा मे पेश की गई बजट पर डॉ सुरेश प्रसाद राय उपाध्यक्ष बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे विकसित राज्य के संकल्प को सिद्ध करने लायक बताया। कहा कि आमजन खासकर बेरोजगार युवाओं, किसानों एवं उद्यमियों तथा नौकरी पेशा वाले व्यक्ति एवं मध्यम वर्ग के हित के अनुरूप है। एक ओर जहां रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए 50,000 करोड़ के निजी निवेश का प्रावधान हैं। वहीं दूसरी ओर शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बजटीय प्रावधान में काफी वृद्धि की गई है। वर्तमान बजट में हर प्रखंड में आदर्श विद्यालय और डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय स्वागत योग्य है। सरकार ने शिक्षा को प्राथमिकता में सर्वोच्च स्थान देकर यह सिद्ध कर दिया है कि बिहार प्रांत की शिक्षा व्यवस्था अन्य प्रांतों के लिए नजीर बनेगी। इस बार शिक्षा विभाग का बजट 68 हजार 02 सौ 16 करोड़ 95 लाख का है जो विगत वर्ष की बजट से 7 हजार करोड़ से अधिक है।

# परीक्षार्थियों को एक घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा अनिवार्य

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के संचालन को लेकर निर्देश जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के सुचारु, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार अनिवार्य रूप से बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद यदि कोई परीक्षार्थी चहारदीवारी फांदकर, गेट पर जबरदस्ती कर अथवा किसी अन्य अनधिकृत तरीके से प्रवेश का प्रयास करता है, तो इसे आपराधिक घुसपैठ की श्रेणी में माना जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित परीक्षार्थी को परीक्षा से दो वर्षों के लिए निष्कासित किया जाएगा तथा उसके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी। साथ ही, यदि किसी परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक या अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए ऐसे परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति दी जाती है, तो संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध निलंबन सहित विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील करता है कि वे परीक्षा के दिन समय का विशेष ध्यान रखें तथा समिति द्वारा जारी सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। अनुशासनहीनता से परीक्षार्थी का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो सकता है।

# शराब मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हथौड़ी थाना की पुलिस ने की कार्रवाई**

**हथौड़ी।** थाना क्षेत्र में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में पुलिस ने नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हथौड़ी थाना कांड संख्या 03/026, धारा 30(ए) बिहार प्रोहिबिशन एंड एक्साइज एक्ट (संशोधन 2022) के अंतर्गत दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त कृष्ण कुमार महतो, पिता रामचंद्र महतो, ग्राम पुनमाधरमपुर, थाना हथौड़ी, जिला समस्तीपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर जेल भेज दिया गया थानाध्यक्ष मौसम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। शराब तस्करी एवं उससे जुड़े लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी सूरत में ऐसे कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या भंडारण की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# सम्मानित किए गये युवा साहित्यकार डा. अभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कविता के लिए किया गया सम्मानित**

**बलिया।** अनुमंडल क्षेत्र के सदानंदपुर गाँव निवासी युवा साहित्यकार डॉ अभिषेक कुमार को बिहार साहित्य महोत्स्व के द्वितीय वार्षिकोत्स्व में सम्मानित किया गया। पटना के रोटरी क्लब में साहित्य महोत्स्व के पहले दिन में श्री कुमार को सम्मानित किया गया। डॉ कुमार को यह सम्मान उनकी कविता देश का जेन जी के लिए प्रदान किया गया। रिटायर्ड आईएएस सह वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ. संजय निरुपम, नसीम अख्तर, सीमा रानी जैसे दिग्गज साहित्यकारों की उपस्थिति में डॉ कुमार को बिहार साहित्य महोत्सव के अध्यक्ष सह वरिष्ठ साहित्यकार कमल किशोर वर्मा ने अपने हाथों सम्मानित किया। सम्मान प्राप्ति के पश्चात डॉ कुमार ने बिहार साहित्य महोत्सव के आयोजन के परिपेक्ष्य में अपने वक्तव्य में कहा की मुझे खुशी है की बिहार साहित्य महोत्सव में मुझे डेलिगेट के रूप में भाग लेने का अवसर मिला। वास्तव में बिहार साहित्य महोत्सव केवल एक साहित्यिक आयोजन भर नहीं, बल्कि बिहार की समृद्ध बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परंपरा के सतत प्रवाह का सशक्त प्रतीक है। विगत वर्ष प्रारंभ हुआ यह महोत्सव आज अपने दूसरे चरण में प्रवेश करते हुए यह प्रमाणित करता है कि बिहार साहित्य महोत्सव साहित्यिक चेतना से युक्त समाज की आधारशिला को सुदृढ़ करने की अपनी कोशिश में लगा हुआ है। वर्तमान के संक्रमणशील समय में साहित्य ही है जो मनुष्य को मनुष्य बनाये रखेगा और वैश्विक स्तर पर समावेशी दृष्टि विकसित करेगा। विदित हो की डॉ अभिषेक कुमार की दर्जनों पुस्तकें अभी तक प्रकाशित हो चुकी है।

# ड्राइविंग एक कौशल है, सुरक्षा एक आदत, दोनों मिलकर बचाते हैं जीवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** एम्स कल्याणी में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स कल्याणी के अध्यक्ष प्रो. डॉ. वाई.के. गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. डॉ. बी.के.एस. संजय, अध्यक्ष, एम्स गुवाहाटी, विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. अरविंद सिन्हा, निदेशक, एम्स कल्याणी तथा आशीष मौर्य, पुलिस अधीक्षक, रानाघाट पुलिस जिला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री प्रो. डॉ. बी.के.एस. संजय ने सड़क सुरक्षा पर प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएँ चालक की लापरवाही के कारण होती हैं और यह मूल रूप से एक व्यवहारिक समस्या है। उन्होंने जोर देकर कहा कि व्यवहार में सकारात्मक बदलाव किसी भी उम्र में संभव है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं की सोच बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रो. संजय ने कहा कि भारत में शैक्षणिक संस्थानों की संख्या बहुत अधिक होने के बावजूद औपचारिक ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थानों की कमी है। ड्राइविंग एक आवश्यक जीवन-कौशल है, जिसे युवाओं को अवश्य सीखना चाहिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती बताते हुए नीति-निर्माताओं से अपील की कि एम्स जैसे संस्थान अपने क्षेत्रों में नोडल एजेंसी की भूमिका निभाकर सड़क सुरक्षा को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दे सकते हैं।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक ऑर्थोपेडिक सर्जन प्रो. संजय ने सुरक्षित ड्राइविंग, यातायात नियमों के पालन और जिम्मेदार सड़क व्यवहार पर बल देते हुए कहा, ड्राइविंग एक कौशल है, सुरक्षा एक आदत–दोनों मिलकर जीवन बचाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत 500 से अधिक विद्यार्थियों ने साइकिल रैली में भाग लेकर सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। व्याख्यान से प्रभावित होकर श्रोताओं ने प्रो. संजय का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

# श्रम नीति के विरोध में 12 को हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** माकपा लोकल कमिटी की बैठक हसनपुर बागर में बुधवार को हुई। इसकी अध्यक्षता राम नरेश प्रसाद ने की। राज्य सचिव मंडल सदस्य सह पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह ने कहा कि केन्द्र की सत्तासीन नरेंद्र मोदी की सरकार में दिखावे के कुछ तथा करने के कुछ और ही होता है। इसका प्रत्यक्ष कार्य आम लोगों को बुनियादी सवालों मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध से भटकाना रह गया है। आम लोगों के आपसी भाईचारे को धर्म के नाम पर आपस में लड़ाकर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ना है तो अप्रत्यक्ष रूप से कोरपोरेट मित्रों को फायदा पहुंचाना है। लंबी लड़ाई तथा शहादत के बाद तीन कृषि कानून को वापस तो ले लिया गया पर नये विधेयक लाकर किसानों के हक हकूक को छीनने का काम जारी है। अनाजों के भंडारण के नाम पर गोदाम निर्माण हेतु देहाती क्षेत्रों में सीमित मात्रा किया गया तथा कोरपोरेट मित्रों को असीमित मात्रा में भ्ड़ारण की छूट दी गई है। वही भंडारित अनाजों की बिक्री पर उन्हीं का दबदबा कायम है। बीज संरक्षण के नाम पर भी किसानों को ठगा जा रहा है। जिला सचिव मंडल सदस्य दयानिधि चौधरी ने कहा कि श्रम नीति में परिवर्तन कर मजदूरों के श्रम का शोषण किया जा रहा है। काम के घंटे में वृद्धि की गई है तथा मजदूरी कम कर दी गई है। केन्द्र सरकार की श्रम नीति के विरोध में 12 फरवरी को संयुक्त ट्रेंड यूनियन ने आम हड़ताल की घोषणा की है। इस हड़ताल की सफलता हेतु विभिन्न जन संगठनों के बैनर तले शामिल होने की रणनीति तय की गई। सदस्यों की नवीकरण पर विचार किया गया। बिहार राज्य किसान सभा तथा खेतिहर मजदूर संगठन की शाखा तथा अंचल सम्मेलन की तिथि तय की गई। शाखा सम्मेलन की भी तिथि तय की गई। मौके पर लोकल सचिव कामेश्वर झा, नवल किशोर राय, राम बालक सहनी, सतीश चंद्र पोद्दार, आशा नंद यादव, राम नारायण पासवान, देव नारायण महतो, शंभू चौधरी, आशा नंद यादव, मो इसराफिल, नरेश झा आदि ने हिस्सा लिया।

# दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से दो वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया की नावकोठी कांड संख्या 114/14 के आर्म्स एक्ट के इश्तेहारी अभियुक्त समसा के नरेश महतो को गिरफ्तार किया गया है।वहीं दूसरी ओर पहसारा पूर्वी पंचायत के पीर नगर के राम उदय महतो का पुत्र राजीव कुमार को नीलाम पत्र संख्या 5/23 के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी में थाना के एस आई रंजीत कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के सिसौनी गांव के एक युवक की मौत सहरसा में सड़क दुर्घटना के दौरान हो गयी। मृतक सिसौनी के राजेंद्र महतो का 28 वर्षीय पुत्र धर्मदेव कुमार है। मौत की खबर सुनते ही घर में परिजनों के करूण क्रंदन से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गयी। पिता मनोज महतो ने बताया कि एक्साइड कंपनी में मोबाइल टावर के इलेक्टिशियन पद पर कार्यरत था। मंगलवार को ड्युटी के क्रम में सहरसा सदर थाना क्षेत्र के सुलिंदाबाद में अज्ञात तेल टैंकर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार धर्मदेव कुमार बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में सदर अस्पताल सहरसा ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार के सुबह मृतक के आवास पर आसपास के ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। सब की आंखें नम थी। पिता मनोज महतो ने बताया कि दो छोटे छोटे बच्चे हैं। बड़ी पुत्री ऋषभ कुमारी 3 वर्ष का, छोटा पुत्र ऋषि कुमार 1 वर्ष का है, पत्नी प्रीति कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। वे रोते रोते बेसुध पड़ी हुई है। मौके पर सरपंच शिवजी पासवान, पूर्व मुखिया धर्मनारायण राय, पंसस प्रतिनिधि संजय महतो, वार्ड सदस्य राकेश राय,रणवीर राणा, रवि कुमार, शंकर महतो, पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व मुखिया नारायण सहनी आदि ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दिया।

# अमीन की गला दबाकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** रोसड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मब्बी गांव के पास मंगलवार को पुलिस ने 42 वर्षीय अमीन टुनटुन राउत का शव बरामद किया। प्रथम दृष्टया अपराधियों द्वारा गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लरझाघाट थाना क्षेत्र के छेछनी गांव निवासी टुनटुन राउत जमीन की नापी कार्य के सिलसिले में मंगलवार को रोसड़ा आए थे। देर रात तक उनके घर नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा खोजबीन की गई। इसी क्रम में बुधवार को रोसड़ा थाना क्षेत्र के मब्बी गांव स्थित एक खेत से उनका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी एवं एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलन में जुट गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हत्या के कारणों तथा आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# श्रीशिव अचल मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ले निकली कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**संदेश (भोजपुर)।** भोजपुर जिले के संदेश प्रखंड अंतर्गत चिल्हौस गांव में श्रीशिव अचल मंदिर जिर्णोद्धार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्ध महायज्ञ को लेकर आचार्य रविनंदन पांडेय के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बुधवार को मंदिर परिसर से बुधवार को श्रद्धालु रंग बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर गाजे बाजे के साथ सिर पर कलश लिए जयकारा लगाते रेपुरा सोन नद घाट पहुंचें। घाट पर स्नान कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जलभरी कर वापस मंदिर परिसर लौटे। श्रद्धालुओ के हर हर महादेव के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्ति के रस में डूबा रहा। महायज्ञ कार्यक्रम जलभरी से प्रारंभ, 5 फरवरी को मंडप प्रवेश एवं वेदीपूजन, 6 को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, प्रसाद वितरण के बाद सम्पन्न हो जायेगा। चिल्हौस निवासी बबन यादव व कमलेश कुमार ने बताया कि 6 फरवरी दोपहर 3 बजे श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन होगा। जिसको लेकर समस्त ग्रामीण दिन-रात लगे हुए हैं। पूरे मंदिर परिसर को फूलमाला व दुनिया रोशनी से सजाया गया है। महायज्ञ देखने के लिए दूरदराज से लोग आ रहे हैं।

## संस्कृत और हिन्दी के विद्वान और चिंतक कवि थे आचार्य कैलाश प्रसाद सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा सेवा के अधिकारी रहे संस्कृत और हिन्दी के मनीषी विद्वान आचार्य कैलाश प्रसाद सिंह एक चिंतक-कवि और साहित्यकार थे। उनके विपुल साहित्य में स्थल-स्थल पर भारतीय प्राच्य-साहित्य का प्रभाव दिखता है। पद्य और गद्य में समान अधिकार रखने वाले आचार्य कैलाश का व्यंग्य-साहित्य में भी गहरा अधिकार था। उनके एक पैरोडी गीत 'सारे जहां से अच्छे हम दुम हिलाने वाले' को बहुत प्रसिद्धि मिली थी।



यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, भारत विकास परिषद और प्रबुद्ध हिंदू समाज के तत्त्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि-सभा की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि आचार्य कैलाश जी का अनुशासित और सादा-जीवन भारत के उस महान विचार का प्रतिवादन करता है, जिसमें 'सादा जीवन और उच्च विचार' की महिमा गायी गयी है। इसीलिए उन्होंने 93 वर्ष की लम्बी और निराश्रित आयु प्राप्त की, जो प्रेरणादायक है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो संजय पासवान ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डा कैलाश प्रसाद सिंह एक महान साहित्यकार और वेद-पुराणों के ज्ञाता तो थे ही, समाज को बदलने की आकांक्षा रखने वाले विद्वान आचार्य भी थे। उन्होंने अपनी रचनाओं से समाज को शिक्षा और प्रेरणा देते हैं। वे उच्च स्तर के कवि और समाजधर्मी मनीषी थे। सुप्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री विमल जैन ने कहा कि कैलाश बाबू एक महान आत्मा थे। उनके निधन से समाज को बड़ी क्षति पहुँची है। ऐसे लोगों से समाज प्रेरणा लेता है। आरा से पधारे साहित्यकार प्रो बलिराज ठाकुर, डा वाल्मीकि कुमार, ई अरुण कुमार राय, कुमार अनुपम, ई अशोक कुमार, पद्म कुमर शर्मा, चंदा मिश्र और आचार्य कैलाश के कवि-पुत्र डा मनोज कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और आचार्य कैलाश को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। मंच का संचालन डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार ई बाँके बिहारी साव, कवि इन्दु भूषण सहाय, प्रवीर कुमार पंकज, अश्विनी कविराज, कुमारी कल्पना रानी, सच्चिदानंद शर्मा, जय शंकर प्रसाद, अधिवक्ता अमरेन्द्र कुमार, विनीता कुमारी, प्रीति भारती, अमित कुमार मिश्र, मधुरेंद्र कुमार मधुप, सुबोध कुमार सुमन, आलोक कुमार, नृपेंद्र कुमार, ई शशिकांत शेखर, डा चंद्रशेखर आजाद आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# डीआरएम ने रायगंज स्टेशन परिसर में रेलवे कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल क्षेत्र में यात्रियों एवं आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायगंज स्टेशन परिसर में रेलवे कोच रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह की उपस्थिति रही।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान रेलवे अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया। कोच रेस्टोरेंट की शुरूआत से यात्रियों एवं आम लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर खानपान सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही यह रेलवे की विरासत को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करने का एक सराहनीय प्रयास है। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत मंडल रेल



प्रबंधक श्री नरह ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी के साथ राधिकापुर, रायगंज एवं कलियागंज सहित विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, परिचालन प्रणाली एवं चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई।निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके। डीआरएम ने कहा कि कटिहार मंडल में बुनियादी ढांचे के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा सुरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।रेलवे प्रशासन ने आम यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे रेलवे परिसरों की स्वच्छता एवं सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें तथा रेलवे द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ मिल सके।

## शराब पीकर झगड़ा करने के मामले में दो व चार वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र में पुलिस बलों ने बीते मंगलवार की रात्रि को शराब पीकर मारपीट करने वाले दो लोगों एवं चार फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि शराब पीकर मारपीट करने के मामले में हरदिया सेक्टर-ए निवासी स्व. नरेश सिंह के पुत्र राजेश कुमार एवं करिगांव निवासी संजय कुमार सिंह के पुत्र शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के हरदिया एवं चितरकोली पंचायत क्षेत्र से चार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटियों में हरदिया सेक्टर-ए निवासी स्व. सरजू सिंह के पुत्र रणजीत सिंह व स्व. नरेश सिंह के पुत्र गुड्डू कुमार एवं गढ़ दिबौर गांव निवासी स्व. जवाहर चौधरी के पुत्र पप्पू चौधरी व संजय चौधरी शामिल है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब पीकर मारपीट मामले में दोनों युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## विद्यार्थी परिषद ने नवनियुक्त नगर थानाध्यक्ष का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार की ओर से नवनियुक्त नगर थानाध्यक्ष कुंदन सिंह का स्वागत किया गया। सदस्यों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ऐतिहासिक जीवनगाथा और गतिविधियों पर आधारित पुस्तक 'ध्येय यात्रा' और गुलदस्ता देकर बधाई दिया।

इस मौके पर प्रांत सह मंत्री विनय सिंह ने कहा कि कटिहार के दर्शन साह महाविद्यालय में शाम के टाइम में परिसर में नशा करने वाले को देखा जाता है। उन्होंने थानाध्यक्ष से मांग किया कि कटिहार के विभिन्न महाविद्यालय में नशा करने वाले पर विशेष अभियान चलाया जाए। इस मौके पर विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह ने कहा कि कटिहार जिला में एक महिला कॉलेज है। जिसमें देखा जाता है कि कुछ बाहरी छात्र अंदर प्रवेश हो जाते है जिस से छात्रा बहन लोग सुरक्षित नहीं महसुस करती है। उन्होंने थाना प्रभारी से मांग किया कि महिला कॉलेज को विशेष रूप से इस पर नजर रखा जाए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष,जिला संयोजक रोहन प्रसाद,नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह, मोनू यादव, कृष कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में अवैध खनन को लेकर प्रशासन की सख्ती बढने के साथ खनन माफियाओं की परेशानी बढ गई है। इसलिए दिन के बदले अब रात में अवैध खनन होने लगा है।कदवा थाना अन्तर्गत महानंदा नदी में हो रहे अवैध खनन की सूचना की सूचना मिलते हीं खनन विभाग की टीम विगत रात खनन स्थल पर पहुंच कर कदवा और सालमारी पुलिस की मदद से एक पोकलेन,04 हाईवा तथा 05 ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।उक्त जानकारी खनन विकास पदाधिकारी ने दी है।खनन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जब्त 10 वाहनों पर 50 लाख रुपये दंड अधिरोपित कर खान निरीक्षक द्वारा वाहनों के विरुद्ध कदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

## महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा/कटिहार।** कोढ़ा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में आगमी महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष सुजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पौराणिक रूप से महाशिवरात्रि पर अखंड हरिनाम संकीर्तन के साथ-साथ शिव मंदिर से धूमधाम से निकलने वाली बारात और विधिवत पूजा अर्चना को लेकर समीक्षा की गई।

महाशिवरात्रि के मौके पर थानाध्यक्ष और उसकी पत्नी पार्वती और शिव बनकर महाशिवरात्रि के विवाह महोत्सव को संपन्न कराने की परंपरा का निर्वहन करते हैं। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता और प्रशासनिक

■ थानाध्यक्ष एवं उनकी पत्नी के शिव पार्वती बनकर विवाह महोत्सव मनाने की परंपरा



अधिकारी मिलजुल कर महाशिवरात्रि के अनुष्ठान को संपन्न कराते हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य धीरेन्द्र मेहता, पूर्व मुखिया जगत नारायण सिंह, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह, मुखिया जगदेव रविदास, पंचायत समिति फजलुर रहमान, प्रेम कुमार, मो. नीम, पैक्स अध्यक्ष अवधेश कुमार जायसवाल, श्री राम पासवान, चंदन कुमार, दुर्गेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ से लौटने पर नवीन चौधरी बाबा का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ दिल्ली से वापस घर आने पर गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी बाबा को स्थानीय समाजिक कार्यकर्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व नेता व कार्यकताओं ने नवीन चौधरी बाबा का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया।इस दौरान कटिहार मॉडर्न पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश रौशन, अभाविप के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश यादव,समाजिक कार्यकर्ता प्रफुल्ल झा,नपं बरारी के उप मुख्य पार्षद अमन कुमार, समाजसेवी गौतम भगत,जिला सह संयोजक मनोज साह, आरती



प्रमुख जीवछ गुप्ता, राजकुमार साह,राहुल राज, मुनिलाल मंडल,भाजपा सेमापुर मंडल अध्यक्ष संतोष भगत, उमाशंकर चौधरी, हरजीत सिंह सोढ़ी, रवि सिंह, धीरज चौधरी आदर्श चौधरी आदि ने उन्हें पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्र आदि देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कटिहार मॉडर्न पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राकेश रौशन, अभाविप के पूर्व कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश यादव,जिला सह संयोजक मनोज साह आदि ने कहा कि हमारे कटिहार जिला के लिए यह गर्व का विषय है कि नवीन चौधरी बाबा अपने स्वयंसेवको के साथ लगातार 7 वर्षो तक काढ़ागोला गंगा घाट पर साफ सफाई अभियान चलाते आ रहे हैं।

## काला दियारा जमीन विवाद पर एसडीएम सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** प्रखंड के काला दियारा क्षेत्र में जमीन विवाद का मामला सामने आने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। बीते दिनों काला दियारा में जमीन की नापी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए विवादित पक्षों द्वारा प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की गई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह, बीपीआरओ सोनू गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ काला दियारा क्षेत्र पहुंचे। मौके पर एसडीएम ने अमीन से जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली



और विवादित भूमि का निरीक्षण किया। इसके बाद दोनों पक्षों से अलग-अलग बातचीत कर उनकी बात सुनी गई।एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि दोनों पक्षों के जमीन से संबंधित कागजातों की विधिवत जांच कराई जाएगी। जांच के उपरांत सरकारी अभिलेखों के अनुसार जिसकी जमीन सही पाई जाएगी, उसे दखल दिलाते हुए न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

## कालेज के कमरों का जीर्णोद्धार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार इकाई की ओर से केबी झा कॉलेज में वर्षों से मांग किया जा रहा था कि वर्ग कक्ष नंबर 2 और 3 के जर्जर स्थिति को ठीक किया जाय। शौचालय की व्यवस्था को सही कराई जाय।

साथ ही शुद्ध पेय जल की व्यवस्था हो। कई बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन देकर इन सभी मुद्दों पर अवगत करवाया गया था। प्राचार्य डॉ.संजय सिंह के आने के बाद उन्होंने विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं के सभी मांगों को सुना और उसे तुरंत संज्ञान में लेते हुए सभी कार्यों को शुरू कराया। विद्यार्थी परिषद के सभी कार्यकताओं ने प्राचार्य को



धन्यवाद दिये। इस मौके पर विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल ठाकुर, जिल संयोजक रोहन प्रसाद,नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## जनता दल यूनाइटेड का सदस्यता अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** जदयू का सदस्यता अभियान मनसाही प्रखंड में जारी हैं। इस क्रम में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार ने बताया कि बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड का प्रारंभिक सदस्यता अभियान जारी हैं।

25 सौ सक्रिय सदस्य मनसाही प्रखंड में बनाया जाएगा। एक सक्रिय सदस्य बनाने के लिए 25 प्रारंभिक सदस्य को बनाना पड़ता हैं। इससे पूर्व 720 सक्रिय सदस्य थे। लेकिन इस बार बिहार प्रदेश के निर्देश पर 25 सौ सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा। इस अवसर पर जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष शिवम



पोद्दार,पंचायत अध्यक्ष अमर साह, संजय पासवान, अशोक मंडल,उत्तम शर्मा, सुधीर प्रभाकर, संजय मंडल सक्रिय सदस्य, प्रारंभिक सदस्य बनाने में एक्टिव दिखे।

## 80 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा/कटिहार।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कमर कसे हुए है। इसी कड़ी में कोढ़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कोढ़ा पुलिस ने एक शराब तस्कर को भारी मात्रा में देशी शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान रंजीत चौहान के रूप में हुई है, जो अहिमाचक वार्ड नं-03 का निवासी है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है, जिसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रिम विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## विदेशी शराब के साथ दो महिला तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** डंडखोरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक सवारी टेंपो से 17.28 लीटर विदेशी शराब के साथ दो महिला तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सवारी टेंपो से भमरैली की ओर विदेशी शराब ले जाया जा रहा है।सूचना के सत्यापन को लेकर भमरैली पुल पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।जांच के दौरान एक सवारी टैंपो से दो महिला को विदेशी शराब के साथ हिरासत में ले लिया गया।जांच के क्रम में उनके पास से विदेशी शराब ओल्ड मोंक 180 एमएल का 12 पैक एवं ऑफीसर



च्वाइस 180 एमएल का 84 पैक बरामद हुआ। जो कुल मिलाकर 17.280 लीटर है।उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान महिलाओं की पहचान उषा देवी पति जयंत पासवान, गौशाला एवं मंजू देवी पति रामबिलास राय बरमसिया दोनों थाना सहायक,जिला कटिहार निवासी के रुप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनो के विरुद्ध थाना में मद्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज का अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

## शिक्षा सेवकों को शिक्षक का दर्जा नहीं मिलने पर सरकार पर भेदभाव का आरोप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार मुसहर भुईंया शिक्षा सेवक महासंघ के प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी ने शिक्षा सेवकों को शिक्षक का दर्जा नहीं दिए जाने पर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोमवार को आयोजित शिक्षा सेवक महासंघ की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में वर्ष 2008-09 से अब तक 28 हजार से अधिक शिक्षा सेवक महादलित एवं अल्पसंख्यक टोले के विद्यालयों में निरंतर सेवा दे रहे हैं। ये शिक्षा सेवक प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे तक शिक्षकों की तरह शैक्षणिक कार्य करते हैं और शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार गैर-शैक्षणिक कार्यो का भी समय पर निष्पादन कर रहे हैं। मुकेश मांझी ने कहा कि जहां नियमित शिक्षकों को 50 हजार से लेकर लाखों रुपये तक वेतन, महंगाई भत्ता, चिकित्सा भत्ता सहित अन्य सुविधाएं मिलती हैं, वहीं शिक्षा सेवकों को मात्र 22 हजार रुपये मानदेय पर कार्य करना पड़ रहा है। किसी प्रकार का अतिरिक्त भत्ता नहीं मिलने से महंगाई के इस दौर में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार द्वारा स्मार्ट फोन खरीद के लिए भेजी गई राशि अब तक बकाया है। श्री मांझी ने सरकार पर महादलित और अल्पसंख्यक समाज के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार का यही रवैया रहा तो शिक्षा सेवक सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन होगा ।

## विद्यार्थी परिषद ने नवनियुक्त नगर थानाध्यक्ष का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार की ओर से नवनियुक्त नगर थानाध्यक्ष कुंदन सिंह का स्वागत किया गया। सदस्यों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ऐतिहासिक जीवनगाथा और गतिविधियों पर आधारित पुस्तक 'ध्येय यात्रा' और गुलदस्ता देकर बधाई दिया।

इस मौके पर प्रांत सह मंत्री विनय सिंह ने कहा कि कटिहार के दर्शन साह महाविद्यालय में शाम के टाइम में परिसर में नशा करने वाले को देखा जाता है। उन्होंने थानाध्यक्ष से मांग किया कि कटिहार के विभिन्न महाविद्यालय में नशा करने वाले पर विशेष अभियान चलाया जाए। इस मौके पर विभाग सह



संयोजक विक्रांत सिंह ने कहा कि कटिहार जिला में एक महिला कॉलेज है। जिसमें देखा जाता है कि कुछ बाहरी छात्र अंदर प्रवेश हो जाते है जिस से छात्रा बहन लोग सुरक्षित नहीं महसुस करती है। उन्होंने थाना प्रभारी से मांग किया कि महिला कॉलेज को विशेष रूप से इस पर नजर रखा जाए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष,जिला संयोजक रोहन प्रसाद,नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह, मोनू यादव, कृष कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## शबे बरात का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के सभी स्थानों में शबे बरात का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जो मंगलवार की शाम से शुरू होकर बुधवार की शाम को खत्म हुआ। जिसे इबादत की रात एवं दिन भी कहा जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए यह प्रमुख त्यौहार माना जाता है। इस त्यौहार के अवसर पर मुस्लिम गांव मुहल्ले के चौक चौराहे से लेकर घर, मस्जिद एवं कब्रिस्तान में विशेष रूप से साफ सफाई के साथ रोशनी की व्यवस्था की गई थी।इस्लामिक कलेंडर के मुताबिक रमजान से पहले शाबान महीने के 14वी एवं 15वी तारीख को यह त्यौहार मनाया जाता है।इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार शबे बरात की रात इबादत करने वालों की सारी गुनाह माफ हो जाती है।तथा इस रात सच्चे मन से मांगी गई सभी जायज मुराद भी पूरी होती है।

## बिहार बजट पर कांग्रेस का हमला गरीब-किसान की अनदेखी का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को लेकर कटिहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बजट को गरीब,मजदूर और किसानों के हितों से दूर बताते हुए कहा कि यह आम लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता।

सुनील यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और पलायन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बजट पूरी तरह मौन है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार ने बजट में आंकड़ों और घोषणाओं का सहारा लेकर जमीनी हकीकत छिपाने की कोशिश की है। स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में ठोस प्रावधान नहीं किए गए, जिससे आम जनता को कोई सीधा लाभ नहीं मिलने वाला।उन्होंने कहा कि यह बजट अमीरों और ठेकेदारों को राहत देने वाला है,जबकि गरीब तबके



के लिए सिर्फ वादे दोहराए गए हैं। सुनील यादव ने यह भी कहा कि विपक्ष के नेता लगातार यह सवाल उठाते रहे हैं कि किसानों को उनकी उपज का उचित दाम कब मिलेगा और युवाओं को स्थायी रोजगार कब दिया जाएगा, लेकिन बजट में इन सवालों का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने दावा किया कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के नाम पर भी सिर्फ पुराने प्रावधानों को नए कवर में पेश किया गया है।

# जुनैद हत्याकांड में चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जुनैद हत्याकांड में नगर थाना की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्याकांड के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए हत्यारोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-13 अलीनगर निवासी मो. दानिश आलम (20), मो. रागीब (21), गया जिले के अलीनगर नाज हॉल निवासी फरहान खान (20) एवं रोहतास जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के विसनपुरा निवासी शहजाद हुसैन उर्फ मिस्टर (26) के रूप में की गई है। इनके पास से देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित अन्य अवैध सामग्रियां बरामद किया गया है। समाहरणालय स्थित पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि 30 जनवरी को नगर थानान्तर्गत नवाडीह मोड़ के पास बाइक सवार अपराधकर्मियों के द्वारा गैलेक्सी मेडिकल के मालिक मो. जुनैद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस



अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी विश्लेषण एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर कांड में संलिप्त 3 अभियुक्तों (मो. दानिश आलम, मो. रागीब, फरहान खान) को नगर थाना अंतर्गत ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त दानिश आलम ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मो. जुनैद की हत्या भाड़े के शूटर शहजाद हुसैन उर्फ मिस्टर एवं मिस्टर के दोस्त से कराने में मो. रागीब और फरहान खान की महत्वपूर्ण भूमिका है। मो. जुनैद की हत्या जिस हथियार से हुई है वह हथियार अलीनगर वार्ड नंबर -13 स्थित मेरे घर में रखा हुआ है। कार्रवाई के फलस्वरूप पुलिस ने दानिश के घर से 2 देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा, 129 जिंदा कारतूस एवं 6 मैगजीन बरामद किया गया। दानिश आलम ने बताया कि मो. जुनैद की हत्या करने वाला शूटर शहज़ाद हुसैन उर्फ मिस्टर आज दाउदनगर से गाड़ी पकड़कर कही भागने वाला है, तत्पश्चात गठित एसआईटी के द्वारा दाउदनगर थानान्तर्गत तरारी पुल के पास से वह विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मो. रागीब एवं फरहान खान के द्वारा मो. जुनैद की हत्या करने के लिए शूटर शहज़ाद हुसैन उर्फ मिस्टर एवं अन्य एक अपराधकर्मी को बाइक, हथियार एवं गोली उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि 31 जनवरी को इस कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत गिरफ्तार चारों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में नगर सर्किल इंस्पेक्टर फ़हीम आजाद, प्रभारी नगर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सहित अन्य शस्त्र बल शामिल थे।

# छात्राओं को सर्वाइकल और स्तन कैंसर से बचाव की दी जानकारी

## विश्व कैंसर दिवस पर शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आज शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट, बियाडा, औरंगाबाद में भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवतियों एवं छात्राओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते बचाव के उपायों की जानकारी देना था। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शोभा रानी सिन्हा ने बताया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला सही आयु में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन लगवा लेती है तो वह लगभग 99 प्रतिशत तक सुरक्षित रह सकती है। डॉ. सिन्हा ने वैक्सीनेशन को कैंसर रोकथाम की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। डॉ. सिन्हा ने कहा कि जागरूकता ही कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी हथियार है और युवावस्था से ही सही जानकारी मिलने पर भविष्य में इस बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, जीवनशैली में सुधार, नियमित जांच और समय पर इलाज से कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम किए जाने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले स्तन कैंसर को लेकर छात्राओं को स्वयं परीक्षण (सेल्फ एग्ज़ामिनेशन) की विधि समझाई गई, जिससे शुरुआती अवस्था में ही बीमारी की पहचान संभव हो सके। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाएं, नर्सिंग छात्राएं एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने इस तरह के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि समाज में कैंसर के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना बिहार झारखंड के बॉर्डर इलाके के सिमरी कला गांव के पास की है। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के वर्मा गांव निवासी दिलीप पासवान के 30 वर्षीय पुत्र त्रिपुरारी कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, बाइक से घर लौटते समय हादसा हुआ है। जेब से मिले कागजात के आधार पर पहचान हुई। युवक बेंगलुरु में मजदूरी का काम करता था। पिता दिलीप पासवान ने बताया कि मंगलवार की देर शाम घर से बाइक लेकर हरिहरगंज बाजार गया था। सड़क जाम रहने के कारण वह बाइपास होते हुए घर लौट रहा था। निर्माणाधीन बाइपास पर डिवाइडर के पास पत्थर पड़ा था, उसे दिखा नहीं। बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात होने के चलते उस पर किसी की नजर ने पड़ी। काफी देर तक वहीं पड़ा रहा। बाद में राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एचपीवी की वजह से लड़कियों एवं महिलाओं को होता है सर्वाइकल कैंसर : डॉ शीला वर्मा

## विश्व कैंसर दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सर्वाइकल कैंसर की सबसे बड़ी वजह है एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस। यह 200 से ज्यादा तरह के वायरस का समूह है। इनमें से कुछ हाई-रिस्क टाइप होते हैं, जो लंबे समय तक शरीर में रहने पर कैंसर का कारण बन सकते हैं। एचपीवी एक बहुत आम यौन संक्रमण है। ज्यादातर मामलों में यह खुद ही खत्म हो जाता है लेकिन जब वायरस शरीर में बना रहता है, तो यह गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है। धीरे-धीरे ये बदलाव कैंसर में बदल सकते हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि शुरुआत में सर्वाइकल कैंसर के कोई साफ लक्षण नहीं होते। यह बातें औरंगाबाद की प्रसिद्ध स्त्री रोग



विशेषज्ञ डॉ शीला वर्मा ने कही। वे बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शहर के सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान में कैंसर और उससे बचने के लिए वैक्सीनेशन का उपयोग विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। डॉ शीला वर्मा ने कहा कि अब तक एचपीवी वैक्सीन का जोर लड़कियों पर था, क्योंकि सर्वाइकल कैंसर सीधे तौर पर उन्हें प्रभावित करता है। गार्डासिल जैसी वैक्सीन 9 से 14 साल की उम्र में सबसे ज्यादा असरदार होती हैं, खासकर तब जब बच्चा यौन रूप से सक्रिय न हुआ हो। रिसर्च बताती है कि एचपीवी वैक्सीन से 90 प्रतिशत तक सर्वाइकल कैंसर रोका जा सकता है। लेकिन सिर्फ लड़कियों को टीका लगाना काफी नहीं है। एचपीवी सिर्फ महिलाओं की समस्या नहीं है। यह पुरुषों में भी गले, गुदा और जननांगों के कैंसर और जननांग मस्सों का कारण बन सकता है। वैक्सीन लड़कों को इन खतरों से भी बचाती है। कार्यक्रम में सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सचिव डॉ. राजेश कुमार सिंह ने डॉ शीला वर्मा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बनारसी प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दीवानी मामलों के वरीय विधिवेता प्रसिद्ध अधिवक्ता बनारसी प्रसाद की 11वीं पुण्यतिथि जिला विधिज्ञ संघ में मनाई गई। इस क्रार्यक्रम की अध्यक्षता महासचिव जगनरायण सिंह ने किया और संचालन दिवंगत बनारसी बाबू के सुपुत्र अधिवक्ता संदीप कुमार ने किया। अधिवक्ताओं ने सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सरोज रंजन सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद अरबिंद, रविकांत वर्मा, सतीश कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार, अनील कुमार सिन्हा, विनय द्रेवेदी, कमलेश कुमार सिंह, मनोज मिश्रा, बसंत कुमार, सतीश कुमार स्नेही सहित अन्य उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत पात्र किसानों का बने फार्मर आईडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष से सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड स्तरीय एवं नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर नियमित एवं विशेष शिविरों का आयोजन कर कैंप मोड में लक्ष्यों के अनुरूप प्रत्येक पात्र किसान का फार्मर



आईडी कार्ड निर्माण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविरों के अतिरिक्त डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दूरस्थ, वंचित एवं छूटे हुए किसानों तक पहुंच बनाई जाए, जिससे कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान से वंचित न रह सके। साथ ही सभी पदाधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के आलोक में 3 फरवरी को औरंगाबाद जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 5914 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त किसान भाई-बहनों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित पंचायत स्तरीय शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर, पारदर्शी एवं सुगम रूप से प्राप्त हो सके।इस समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल एवं जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बारुण के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में थाना क्षेत्र के ही बगनाहा गांव निवासी छोटू कुमार व सिंदुरिया गांव निवासी शुभम कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि दोनों घायल युवक आपस के दोस्त हैं। दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर बारुण बाजार तरफ गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नेशनल हाईवे की एंबुलेंस को दी। सूचना पर नेशनल हाईवे की टीम पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद अस्पताल कर्मियों में घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों घायल युवकों का हाल जाना। इसके बाद बेहतर इलाज हेतु दोनो को बाहर लेकर चले गए।

# खान निरीक्षक ने अवैध गिट्टी लदे वाहन व संचालक के विरुद्ध कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खान विभाग की टीम ने रफीगंज थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की है। इस क्रम में शिवगंज रोड पर एक गिट्टी लदे वाहन को जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन में गिट्टी लदी हुई थी, लेकिन खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध चालान प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले की सूचना रफीगंज थाना को दी गई, जिसके बाद जिला खान निरीक्षक कुमार प्रत्युष ने ट्रक एवं उसके संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। जब्त किया गया वाहन 12 चक्का ट्रक (संख्या जेएच 10 बीडी 7714) है, जबकि चालक की पहचान गोह थाना क्षेत्र निवासी अखिलेश कुमार के रूप में की गई है। चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की गई। खान निरीक्षक के अनुसार यह कृत्य बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली 2019 के नियम 11, 34 एवं 38 तथा संशोधित नियमावली 2024 के नियम 56 का उल्लंघन है, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। अवैध रूप से खनिज परिवहन के कारण बिहार सरकार को राजस्व की क्षति हुई है। इस संबंध में केस के आयो कुशो कुमार ने बताया कि चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डेथ जोन बना नेशनल हाइवे 139

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे 139 डेथ जोन बना हुआ है। आए दिन सड़क दुर्घटना में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं परन्तु सरकार और प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। सड़क के चौड़ीकरण को लेकर सरकार की उदासीनता, दुर्घटना के बाद वाहन व चालकों के गायब हो जाने तथा वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई न होने के कारण जनता में सरकार और प्रशासन की नकारात्मक छवि बनने लगी है। बुधवार की सुबह अंबा बाजार में एक ऐसी ही घटना सामने आई जिससे लोगों ने प्रशासन पर उंगली उठाना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार शराब के नशे में धुत्त एक हाईवा चालक ने देवंती अस्पताल के समीप बिजली के पोल में टक्कर मार दी जिससे बिजली के तीन पोल टुट गये। गनीमत रही कि सड़क के किनारे टहल रहे लोग दुर्घटना में बाल-बाल बच गए परन्तु पोल टूट कर अस्पताल के समीप खड़ी कार पर जा गिरी। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक एवं वाहन को जप्त कर लिया। थाना अध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि बिजली विभाग एवं कार के मालिक द्वारा आवेदन नहीं दिये जाने कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। शाम तक प्राथमिकी दर्ज न हो पाने के कारण स्थानीय लोग तरह-तरह के कयास लगाते देखे गए। लोगों का कहना है कि प्रशासन मामले को रफा-दफा करने की फिराक में है।

# हत्या प्रयास सहित अन्य मामलों में 43 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 43 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 29 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में दो, आर्म्स में चार, हत्या प्रयास के शीर्ष में 6, शराब कांड में 9 एवं अन्य शीर्ष कांड में 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 99 लीटर देसी शराब, देसी पिस्टल 2, देसी कट्टा एक, मैग्जीन 6, जिंदा कारतूस 129, दो मोबाइल एवं एक कार बरामद किया गया है। इसके अलावा 7 वारंट एवं दो कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1473 वाहनों की जांच की गई जिसमें 117500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे।

# समतामूलक समाज के प्रणेता थे कर्पूरी ठाकुर : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** समता मूलक समाज निर्माण करने, सभी वर्गों के लिए निःशुल्क शिक्षा दिलाने और गरीब मजदूर, किसानों को हक दिलाने के लिए आजीवन संघर्षरत भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर रहे। यह बात रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित धर्मदास बाबा के प्रांगण में जयंती समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि उनकी विचारों को आत्मसात करने की आवश्यक है। जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बताएं मार्गो पर चल कर ही समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है। वे किसी जात का नेता नहीं थे। बल्कि, समाज के सभी समुदाय के लोगों को साथ लेकर चलने का प्रयास किए थे। वे सभी धर्म सम्प्रदाय के लोगों के विकास के लिए काम किए। यह जयंती समारोह अखिल भारतीय नाई विकास संघ मदनपुर इकाई के तत्वधान में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बिगन ठाकुर ने की। संचालन सुरजपत ठाकुर ने किया। समारोह का उद्घाटन रफीगंज जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जिला पार्षद शंकर यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, नाई संघ के जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता रामप्रवेश



ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर व दीप जलाकर किया गया। समारोह में कार्यक्रम आयोजक समिति सदस्यों द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प माला, अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की सपनों को साकार करने में लगी हुई है। विपक्ष सिर्फ जात और परिवार वाद की राजनीति में व्यस्त रहती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर उन्हें सम्मान देने का काम किया है। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वंशवाद की राजनीति से ऊपर उठ कर दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा सहित सभी लोगों के विकास के लिए काम कर रहे है। जो लोग समतामूलक समाज की बात करेगा। वहीं जनता के दिलों पर राज करेगा। जिला पार्षद शंकर यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाजवाद के पुरोधा थे। वो आज भी सभी के दिलों में बसे हुए हैं। नाई समाज ने उनकी कृतियों को हमेशा जागृत किया है। जो लोग अपने पुरखों को भूल जाते है। उनका कोई इतिहास नही होता। उन्होंने कहा कि दो रोटी कम खाएं, कपड़े कम पहने पर अपने बच्चों को जरूर शिक्षित और संस्कारित अवश्य बनाएं। समारोह में विधायक ने धर्मदास बाबा प्रांगण में एक भवन निर्माण को लेकर आश्वासन दिया। इस अवसर पर ज्ञानदत पाण्डेय, सरपंच रोहन शर्मा, पूर्व जिप प्रफुल कुमार सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, धनंजय सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, जदयू प्रदेश सचिव शिवपूजन यादव, भाजपा नेता विनय यादव, संजय ठाकुर, हुलास ठाकुर, चंदन ठाकुर, रंजन ठाकुर, बिरन ठाकुर, सुनैना देवी, मुन्ना ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
आवश्यकता
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com